"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 88] नवा रायपुर, मंगलवार, दिनांक 4 फरवरी 2025 — माघ 15, शक 1946

जल संसाधन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 20 जनवरी 2025

अनुक्रमणिका

छत्तीसगढ़ भू–जल (प्रबंधन और विनियमन) नियम, 2024

अनुभाग सं.	विषय सूचि
	अध्याय–एक प्रारंभिक
1	संक्षिप्त नाम, विस्तार एव प्रारंभ
2	परिभाषायें
	अध्याय–दो छरीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण
3	सुचारू और उचित तरीके से कार्य करने हेतु व्यवस्था
4	एक. छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण के पदाधिकारी दो. राज्य भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण के कार्य निम्नानुसार होंगे तीन. राज्य भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण की निधि
5	एक. जिला भू–जल प्रबंधन परिषद के पदाधिकारी दो. जिला भू–जल प्रबंधन परिषद का कार्य निम्नानुसार होगा तीन. जिला भू–जल प्रबंधन परिषद की निधि
6	एक. विकासखंड स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति के पदाधिकारी दो. विकासखंड –स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति का कार्य निम्नानुसार होगा तीन. विकासखंड स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति की निधि
7	जिला / स्थानीय प्रशासन द्वारा सहायता प्रदान करना
8	मानदेय

9	पदावधि
10	न्यूनतम योग्यताएं
11	बैठकें.
	अध्याय–तीन अधिसूचित क्षेत्रों की पहचान एवं सीमांकन
12	अधिसूचित क्षेत्र घोषित किये जाने वाले क्षेत्रों की पहचान एवं सीमांकन की रीति
13	अधिसूचना जारी करना
	अध्याय–चार अधिसूचित तथा गैर–अधिसूचित क्षेत्रों में कुओं का पंजीकरण एवं नये कुओं पर प्रतिबंध
14	कुँए के पंजीकरण हेतु आवेदन की प्रक्रिया
15	पंजीकृत कुएं में उपांतरण या परिवर्तन की प्रक्रिया
16	जिला भू–जल प्रबंधन परिषद अथवा विकासखंड स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र का निराकरण
17	पंजीकरण प्रमाण पत्र के लिए रजिस्टर
18	आवेदन शुल्क
19	अधिसूचित क्षेत्र में नये कुएं के निर्माण पर प्रतिबंध
20	अधिसूचित क्षेत्र में भू–जल सुरक्षा योजना की तैयारी और कार्यान्वयन
21	ड्रिलिंग एजेंसियों के पंजीकरण की प्रक्रिया
22	आवेदन शुल्क
	अध्याय–पांच अनुमति प्रदान करना
23	छूट

24	उपयोगकर्ता के लिए अनुमति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्रक्रिया
25	अनापत्ति प्रमाण पत्र के नवीनीकरण की प्रक्रिया
26	छत्तीसगढ़ भू– जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण द्वारा अनुमति प्रदान करने हेतु आवेदन
27	अनुमति प्रदान करने हेतु रजिस्टर
28	अनुमति प्रदान करने हेतु आवेदन शुल्क एवं भू–जल की निष्कर्षण/निकासी के लिये शुल्क
	अध्याय–छः वाणिज्यिक, औद्योगिक, अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ता के लिए भू–जल के निष्कर्षण की सीमा निर्धारित करना
29	सीमा निधारित करने की प्रक्रिया
	अध्याय–सात भू–जल उपयोग की निगरानी के लिए समुचित तकनीकी का उपयोग
30	मशीनी–तंत्रों की निगरानी के लिये तकनीकी का उपयोग
	अध्याय–आठ उल्लंघन, अपराध, शास्ति और अपराधों का प्रशमन
31	उल्लंघन, अपराध, शास्ति और अपराध के प्रशमन की प्रकिया
32	शक्तियां प्रत्यायोजित करना
33	प्राधिकरण के कर्मचारियों को लोक सेवक माना जाएगा
34	योजना का प्रारंभ किया जाना
	अध्याय–नौ शिकायत निवारण

35	शिकायत निवारण की प्रकिया
	अध्याय–दस उपचारित अपशिष्ट जल के मानक निर्धारित करने की प्रक्रिया, उपचार संयंत्र एवं वर्षा जल संचयन की संस्थापना
36	जानकारी मांगने की समुचित निकाय की शक्ति
37	उपचारित अपशिष्ट जल के मानक के निर्धारण की प्रकिया
38	उपचार संयंत्र के संस्थापना के लिये प्रकिया
39	भू–जल या सतही जल में अनुपचारित अपशिष्टों के निर्वहन पर प्रतिबंध की प्रकिया
40	वर्षा जल संचयन हेतु अधिरोपित प्रावधानों की प्रकिया
	अध्याय–ग्यारह भू–जल संरक्षण कोष
41	भू–जल संरक्षण कोष
	अध्याय–बारह प्रकीर्ण
42	संचालित योजनाओं की पहचान
43	निर्धारित मापदण्ड
44	मामलों में निर्णय
	अनुसूची–एक
	औद्योगिक उपयोग
	अनुसूची–दो
	खनन परियोजनाए
	अनुसूची–तीन

	आधारभूत संरचना परियोजनाएं
	अनुसूची–चार
	आवेदन शुल्क चार.क. – भू–जल अमुर्तन की अनुमति की वैधता / नवीनीकरण चार.ख. – भू–जल निष्कर्षण की अनुमति का विस्तार
	अनुसूची–पांच
	ड्रिलिंग रिग्स का पंजीकरण
	अनुसूची–छः
	आवासीय अपार्टमेंट / ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी / नगरीय क्षेत्र में सरकारी जल आपूर्ति एजेंसियों के लिए पेय और घरेलू उपयोग
	अनुसूची–सात
	व्यावसायिक उपयोग
	अनुसूची–आठ भू–जल निष्कर्षण / पुनर्स्थापना शुल्क
	8.1 भू–जल निष्कर्षण / पुनर्स्थापन शुल्क की दरें एक. नगरीय क्षेत्रों में आवासीय अपार्टमेंट / ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी / सरकारी जल आपूर्ति एजेंसियों के लिए पेय और घरेलू उपयोग दो. पैकेज्ड पेयजल ईकाइयाँ तीन. अन्य उद्योग एवं अधोसंरचना परियोजनाओं चार. खनन परियोजनाएँ पांच. थोक जल आपूर्ति

	छः. खारे भू–जल का निष्कर्षण सात. आर्द्रभूमि क्षेत्रों का संरक्षण आठ. स्विमिंग पूल के लिए भू–जल निष्कर्षण वाले सभी उपयोगकर्ता
	अनुसूची–नौ
	एक.क. भू–जल निष्कर्षण की अनुमति में सामान्य अनुपालन शर्तें एक.ख. परित्यक्त बोरवेल और ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली घातक दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षा उपाय
	दो. भू–जल निकासी शर्तों की अनुमति के अनुपालन की निगरानी
	तीन. अनुमति में सुधार/संशोधन के लिए शास्ति और शुल्क का प्रावधान
	चार. पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति
	पांच. अन्य महत्वपूर्ण शर्तें (सभी पर लागू):
	छः. भू–जल स्तर की निगरानी
	परिशिष्ट–क
	समुचित संस्था/निकाय के गैर–अधिकारी सदस्यो की योग्यता
	परिशिष्ट–ख

	अपराध के निराकरण के लिए आवेदन पत्र
	परिशिष्ट–एक
	पेय और घरेलू उपयोग के लिए जल आवश्यकताओं का अनुमान (स्रोतः राष्ट्रीय भवन निर्माण संहित 2016, बीआईएस)
	परिशिष्ट–दो
	पीजोमीटर के निर्माण और भू–जल स्तर एवं गुणवत्ता की निगरानी के लिए दिशानिर्देश
	परिशिष्ट–तीन
	प्रदूषणकारी उद्योगों/परियोजनाओं के संयंत्र परिसरों में प्रदूषण से बचाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए जाने वाले उपाय
	परिशिष्ट–चार
	उद्योगों के लिए भू–जल निष्कर्षण की अनुमति प्राप्त करने के लिए हाइड्रो–जियोलॉजिकल रिपोर्ट की रूपरेखा
	परिशिष्ट–पांच
	भू–जल स्थितियों पर रिपोर्ट का प्रारूप (खनन परियोजनाओं के लिए)
	परिशिष्ट–छः
	अधोसंरचना परियोजनाओं की सांकेतिक सूची
	परिशिष्ट–सात
	त्यक्त बोरवेलों और ट्यूबवेलों में गिरने के कारण छोटे बच्चों की घातक दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपायों के संबंध में 2009 की

	सिविल रिट याचिका 36 में सुप्रीम कोर्ट का आदेश
	परिशिष्ट–आठ
	उद्योगों द्वारा जल अंकेक्षण (स्रोत – सीआईआई)
	परिशिष्ट–नौ
	जल गहन उद्योगों की सूची
	परिशिष्ट–दस
	ट्यूब/बोरवेल के पास साइनबोर्ड के लिए मानक प्रारूप
	परिशिष्ट–ग्यारह
	जिला/ब्लॉक/ग्रामवार बोरवेल/ट्यूबवेल की स्थिति के लिए मानक प्रारूप रजिस्टर
	परिशिष्ट–बारह
	ट्यूब/बोरवेल के विवरण की रिपोर्टिंग और अपलोडिंग के लिए मानक प्रारूप
	आवेदन पत्रों का प्रारूप

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 20 जनवरी 2025

अधिसूचना

क्र. 359/एफ 4–404/एस–2/31/अ.वि./ग्राउण्ड वॉटर एक्ट/19.— छत्तीसगढ़ भू–जल (प्रबंधन और विनियमन) अधिनियम, 2022 (क्र.18 सन् 2022) की धारा 28 की उप–धारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, राज्य में भू–जल के निष्कर्षण और भू–जल संसाधनों के संरक्षण को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:–

नियम

अध्याय–एक
प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार एव प्रारंभ.–

(1) ये नियम छत्तीसगढ़ भू–जल (प्रबंधन और विनियमन) नियम, 2024 कहलायेंगे।
(2) इसका विस्तार संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में होगा ।
(3) ये नियम राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगे।
(4) इन नियमों के तहत, अनुमति प्रदान करने की पूरी प्रक्रिया, वेब–आधारित अनुप्रयोग प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन होगी।

2.परिभाषायें.–

(1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, –

(एक) **"अधिनियम"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ भू–जल (प्रबंधन और विनियमन) अधिनियम, 2022 (क्र.18 सन् 2022);
(दो) **"जलभृत"** से अभिप्रेत है भू–गर्भीय संरचना, जो भू–जल को संग्रहित और संचारित करने में सक्षम है;
(तीन) **"बीसीएम"** से अभिप्रेत है अरब घन मीटर;
(चार) **"बीजीएल"** से अभिप्रेत है भू–स्तर से नीचे;
(पांच) **"विकास खंड स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति"** से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 5 के अंतर्गत गठित समिति;
(छः) **"चालान"** से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 27 के अधीन बनायी गई "ग्राऊण्ड वाटर कंजर्वेशन फण्ड (भू–जल संरक्षण कोष)" में जमा किए जाने वाले शुल्क या किसी भी राशि की रसीद;
(सात) **"छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण (सीजीजीडब्ल्यूए)"** से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 3 के तहत गठित प्राधिकरण;
(आठ) **"सहकारी समूह आवास सोसाइटी/फ्लैट्स निर्माता (बिल्डर फ्लैट्स)"** से अभिप्रेत है आवासीय परिसर/कॉलोनी/सुरक्षायुक्त आवासीय वर्ग/प्रकोष्ठ परिसर (अपार्टमेंट कॉम्पलेक्स) या इस तरह के किसी अन्य समान समूह, जिसे किसी अन्य नाम से जाना जाता हो, के भीतर आवास/फ्लैट/भू–स्वामी द्वारा गठित सोसाइटी;
(नौ) **"संकटग्रस्त खण्ड (क्रिटिकल ब्लॉक)"** से अभिप्रेत है सीजीडब्ल्यूबी और राज्य जल संसाधन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किये गये नवीनतम भू–जल संसाधनों के मूल्यांकन

के आधार पर, भू–जल संसाधनों के दृष्टिकोण से, संकटग्रस्त (क्रिटिकल) के रूप में वर्गीकृत खण्ड (ब्लॉक);

(दस) **"गहरे जलभृत"** से अभिप्रेत है एकाधिक जलभृत प्रणाली वाले क्षेत्रों में, सबसे ऊपरी जलभृत के नीचे होने वाला जलभृत;

(ग्यारह) **"जिला भू–जल प्रबंधन परिषद"** से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत गठित परिषद;

(बारह) **"पेयजल और घरेलू उपयोग"** से अभिप्रेत है स्वच्छता संबंधी उद्देश्यों सहित दैनिक घरेलू गतिविधियों के लिए अपेक्षित जल, जैसे खाना पकाना, नहाना, सफाई/धोना, स्वच्छता आदि। घरों में पीने और घरेलू उपयोग के अलावा, यह श्रेणी, उन उद्योगों की पेयजल की आवश्यकता के लिये पर्याप्त होगी, जिन्हें औद्योगिक प्रक्रिया के लिए जल की आवश्यकता नहीं है; किन्तु अस्पतालों, होटलों, मॉल और मल्टीप्लेक्स, संस्थानों, कार्यालयों, बैंक्वेट हॉल, फायर स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, स्टेडियमों आदि के मामले में पीने, धोने, सफाई हेतु उपयोग आदि सम्मिलित है;

(तेरह) **"ईसी$^{\text{जीडब्ल्यू}}$"** से अभिप्रेत है गैर–कानूनी भू–जल निष्कर्षण के लिये पर्यावरण क्षतिपूर्ति;

(चौदह) **"ईसीआर$_{\text{जीडब्ल्यू}}$"** से अभिप्रेत है गैर–कानूनी भू–जल निष्कर्षण के लिये पर्यावरण क्षतिपूर्ति दर;

(पन्द्रह) **"प्ररूप"** से अभिप्रेत है इन नियमों से संलग्न प्ररूप;

(सोलह) **"शासकीय अभिकरण"** से अभिप्रेत है केंद्र या राज्य सरकार का कोई निकाय;

(सत्रह) **"शासकीय विभाग"** से अभिप्रेत है भारत सरकार या छत्तीसगढ़ राज्य शासन के स्वामित्व का/संचालित निकाय/कार्यालय;

(अठ्ठारह) **"भू–जल"** से अभिप्रेत है ऐसा जल, जो संतृप्ति क्षेत्र में सतह के नीचे विद्यमान होता है और जिसे कुओं या किसी अन्य माध्यम से निकाला जा सकता है अथवा धाराओं और नदियों में झरनों एवं आधार प्रवाह के रूप में बहता है;

(उन्नीस) **"भू–जल निष्कर्षण संरचना"** से अभिप्रेत है भू–जल निकालने के लिये उपयोग की जाने वाली संरचना, जैसे कि बोरवेल/ट्यूबवेल/खोदा गया कुआं/डग–सह–बोरवेल/सुरंग कुंआ;

(बीस) **"ग्राऊण्ड वाटर कंजर्वेशन फण्ड (भू–जल संरक्षण कोष)"** से अभिप्रेत है भू–जल आदि निकालने पर शास्ति, पंजीकरण शुल्क, फीस/लेवी की प्राप्तियों को जमा करने हेतु अधिनियम की धारा 27 के तहत सृजित की गई निधि;

(इक्कीस) **"भू–जल ड्राफ्ट (ग्राऊण्ड वाटर ड्राफ्ट)"** से अभिप्रेत है भू–जल निकासी की मात्रा;

(बाईस) **"भू–जल प्रदूषण"** से अभिप्रेत है भू–जल में किसी भी पैरामीटर की सांद्रता, भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा विहित पेयजल के लिए अधिकतम स्वीकार्य सीमा से अधिक हो;

(तेईस) **"अवैध भू–जल निष्कर्षण संरचना"** से अभिप्रेत है कोई भी भू–जल निष्कर्षण संरचना अर्थात् बोरवेल/ट्यूबवेल/डग वेल/डग–सह–बोरवेल/सुरंग कुंआ, जिसका उपयोग छत्तीसगढ़ भू–जल प्राधिकरण से वैध अनुमति प्रमाणपत्र के बिना, भू–जल निकालने के लिए किया जाता है;

(चौबीस) **"केएलडी"** से अभिप्रेत है किलो लीटर प्रति दिन;

(पच्चीस) **"खदान"** से अभिप्रेत है वह क्षेत्र, जहां खनन गतिविधि/उत्खनन हो रहा है, अथवा वह क्षेत्र, जिसे खनन/उत्खनन के बाद परित्याग कर दिया गया है;

(छब्बीस) **"खनन परियोजना"** से अभिप्रेत है ऐसी परियोजना, जिसमें खनन गतिविधि/उत्खनन, चाहे वह खुली विक्षेप या भूमिगत या दोनों हो, शामिल है;

(सत्ताईस) **"नगरपालिका"** से अभिप्रेत है नगरपालिका या नगरपालिक निगम या नगर पंचायत या छत्तीसगढ़ शासन के स्वामित्व या उसके द्वारा संचालित किसी भी अन्य नाम द्वारा शासित इसी प्रकार के स्थानीय नगरीय निकाय,

(अठ्ठाईस) **"प्रेक्षण कुंआ या पीजोमीटर"** से अभिप्रेत है बोरवेल/ट्यूबवेल, जिसका उपयोग केवल जल स्तर/पीजोमेट्रिक हेड को मापने तथा समय–समय पर जल के नमूना लेने के लिये ही किया जाता है, किन्तु भू–जल निष्कर्षण के लिये उपयोग नहीं किया जाता है;

(उन्तीस) **"अति–दोहित विकासखंड (ओवर–एक्सप्लायटेड ब्लॉक)"** से अभिप्रेत है सीजीडब्ल्यूबी एवं राज्य जल संसाधन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किये गये नवीनतम भू–जल संसाधन मूल्यांकन के आधार पर, भू–जल संसाधनों की दृष्टिकोण से, अति–दोहित के रूप में वर्गीकृत खंड;

(तीस) **"वर्षा जल संचयन"** से अभिप्रेत है भविष्य में उपयोग के लिये या भू–जल के पुनर्भरण के लिये, छत के ऊपर संचयन सहित सूक्ष्म जलक्षेत्र पैमाने (माइक्रो वाटरशेड स्केल) पर वर्षा जल के संग्रहण एवं भंडारण की तकनीक या प्रणाली;

(इक्तीस) **"पुनःचर्क्रण/पुनःउपयोग"** से अभिप्रेत है उपचारित अपशिष्ट जल को विभिन्न उद्देश्यों के लिये उपयोग करना/जल को कई बार उपयोग में लाना;

(बत्तीस) **"नियम"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ भू–जल (प्रबंधन एवं विनियमन) नियम, 2024;

(तैतीस) **"सुरक्षित विकासखंड (सेफ ब्लॉक)"** से अभिप्रेत है सीजीडब्ल्यूबी और राज्य जल संसाधन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किये गये नवीनतम भू–जल संसाधन मूल्यांकन के आधार पर, भू–जल संसाधनों के दृष्टिकोण से, सुरक्षित के रूप में वर्गीकृत खंड;

(चौतीस) **"खारा जल"** से अभिप्रेत है 25^0 से. पर 2500 µसीमेंस/से.मी. से अधिक लवणता वाला जल;

(पैतीस) **"धारा"** से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा;

(छत्तीस) **"अर्द्ध–संकटग्रस्त विकासखंड (सेमी–क्रिटिकल ब्लॉक)"** से अभिप्रेत है सीजीडब्ल्यूबी और राज्य जल संसाधन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किये गये नवीनतम भू–जल संसाधन मूल्यांकन के आधार पर, भू–जल संसाधनों के दृष्टिकोण से, अर्द्ध– संकटग्रस्त विकासखंड (सेमी–क्रिटिकल ब्लॉक) के रूप में वर्गीकृत खण्ड;

(सैतीस) **"जल आपूर्तिकर्ता"** से अभिप्रेत है शासन या शासन द्वारा अनुमोदित जलापूर्ति अभिकरण;

(अड़तीस) **"जल अंकेक्षण"** से अभिप्रेत है जल के उपयोग को कम करने और अन्यथा व्यर्थ जल के उपयोग पर संसाधनों को बचाने की दृष्टि से, सरल या जटिल प्रणालियों में जल के उपयोग की मात्रा निर्धारित करने की एक विधि;

(उन्चालिस) **"जल कुशल तकनीक"** से अभिप्रेत है जल मृदुता को अधिक टिकाऊ और लागत प्रभावी बनाने के लिए विकसित की गई नवीनतम उन्नत तकनीकें;

(चालीस) **"जल गहन उद्योग"** से अभिप्रेत है ऐसे उद्योग, जिनमें उपचार (विनिर्माण) हेतु अधिक मात्रा में जल के उपयोग की आवश्यकता होती है, उदाहरण के लिए– शराब की भठ्ठी और कार्बोनेटेड मादक पेय जल, डेयरी उद्योग, चीनी मिल रिफाइनरियां,

कपड़ा विनिर्माण, लुगदी और पेपर मिल, तेल और गैस, इस्पात संयंत्र, मोटर वाहन और विमान उद्योग आदि;

(इकचालीस) **"भू–जल स्तर प्रतिच्छेदन"** से अभिप्रेत है खनन या अन्य गतिविधियों के कारण ऊपरी सामग्री के उत्खनन पर जल स्तर प्रतिच्छेदन;

(बायालीस) **"कुआं"** से अभिप्रेत है भू–जल के निष्कर्षण के लिए उपयोग की जाने वाली कोई भी संरचना, जिसमें खुले कुएँ, खोदे गए कुएँ, बोरवेल, डग–सह–बोरवेल, ट्यूबवेल, फिल्टर पॉइंट, संग्राहक कुएँ, पाइप की क्षैतिज संरचना (इनफिलट्रेशन गैलरी), पुनर्भरण कुएँ, सुरंग कुएँ या उनमें से कोई भी युग्म या विविधताएँ शामिल हैं।

(2) शब्द और अभिव्यक्तियां, जो इन नियमों में प्रयुक्त है, किन्तु परिभाषित नहीं है, के वही अर्थ होंगे, जैसा कि अधिनियम में उनके लिये क्रमशः समनुदेशित है।

अध्याय–दो
छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण

3. सुचारू और उचित तरीके से कार्य करने हेतु व्यवस्था.– राज्य सरकार, राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद और विकासखंड स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति के लिए सभी संस्थागत सहायता और कामकाजी सुविधाओं, बजटीय आवश्यकताओं सहित कर्मचारियों और कार्यालयों की व्यवस्था करेगी, ताकि सुचारू और उचित तरीके से कार्य किया जा सके।

4. (एक) छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण के पदाधिकारी.– (1) राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, राज्य प्राधिकरण, जिसे छत्तीसगढ राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण के रूप में जानी जाएगी, ऐसी तारीख से गठित करेगी, जैसा कि अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किया जाये।

(2) छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण में निम्नलिखित शामिल होंगे–

1.मुख्य सचिव	–अध्यक्ष
2. भारसाधक सचिव, जल संसाधन विभाग	–सदस्य
3. भारसाधक सचिव, वित्त विभाग	–सदस्य
4. भारसाधक सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग	–सदस्य
5. भारसाधक सचिव, कृषि विभाग	–सदस्य
6. भारसाधक सचिव, उद्योग विभाग	–सदस्य
7. भारसाधक सचिव, खनिज संसाधन विभाग	–सदस्य
8. भारसाधक सचिव, नगरीय प्रशासन विकास	–सदस्य
9. प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग	–सदस्य–सचिव
10.प्रमुख अंभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग	–सदस्य
11.सदस्य सचिव, राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल	–सदस्य
12. क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय भू–जल बोर्ड (एनसीसीआर) रायपुर	–सदस्य

13. प्रधान मुख्य वन संरक्षक —सदस्य
14.छत्तीसगढ राज्य में भू–जल प्रबंधन का दीर्घकालिक कार्यानुभव रखने वाले तीन विषय विशेषज्ञ (राज्य सरकार द्वारा नाम निर्दिष्ट किये जायेंगे) —सदस्य
15.भू–जल के क्षेत्र में कार्य करने वाला सार्वजनिक/गैर सरकारी संगठन/सामाजिक क्षेत्र का एक प्रख्यात व्यक्ति (राज्य सरकार द्वारा नाम निर्दिष्ट किये जायेंगे) —सदस्य

(3) सार्वजनिक/गैर–सरकारी संगठन/सामाजिक क्षेत्र से विषय विशेषज्ञों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों की पदावधि और रिक्तियों को भरने की रीति और सेवाओं की अन्य शर्तें ऐसी होंगी, जैसा कि नियम 9 और 10 में परिभाषित है।

(4) प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण की ओर से, नोडल कार्यपालक अधिकारी होंगे।

(5) कार्यालय, प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़, शिवनाथ भवन, नवा रायपुर, राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण के सचिवालय के रूप में कार्य करेगा

(दो) राज्य भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण के कार्य निम्नानुसार होंगे, –

(1)(क) धारा 8 के अधीन यथा उपबंधित भू–जल संसाधनों के प्रबंधन और विनियमन हेतु क्षेत्रों को अधिसूचित करना;
(ख) धारा 10 के अधीन यथा उपबंधित भू–जल संसाधनों के प्रबंधन और विनियमन हेतु क्षेत्रों को गैर–अधिसूचित करना;
(ग) धारा 13 के अधीन यथा उपबंधित भू–जल निष्कर्षण की सीमाओं को नियत करना;
(घ)अधिसूचित और गैर–अधिसूचित क्षेत्रों में औद्योगिक, वाणिज्यिक/खनन उद्देश्य के लिए भू–जल निष्कर्षण हेतु अनुमति देना;
(ड.) भू जल निष्कर्षण के लिए कर (लेवी) एकत्र करना;
(च) भू–जल उपयोग की निगरानी और प्रबंधन तंत्र हेतु नवीनतम तकनीक विकसित करना एवं अपनाना;
(छ) कुशल और सुचारू कामकाज के लिए राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण, इस खण्ड में उल्लिखित कार्यों को करने के लिए ऐसी शक्तियां प्रत्यायोजित कर सकेगा, जैसा कि वह उचित समझे;
(ज) यदि उपयुक्त समझा जाए तो, निकाले जा रहे जल, उसके उपभोग और उपयोग को मापने और निगरानी करने के लिये, भू–जल माप उपकरणों की संस्थापना और संचालन को अनुपूरित (सप्लीमेंट) करना (और आदेशित करना, यदि आवश्यक हो) ;
(झ) संसाधन उपलब्धता, उपयोग और स्थिरता को समेकित करने के लिए जल संसाधन डेटा बेस (यदि आवश्यक समझा जाए तो विशेष रूप से भू–जल पर ध्यान केंद्रित करना) के सृजन को अनुपूरित करना (और आदेशित करना, यदि आवश्यक हो);

(ञ) निगरानी और परिसंपत्ति प्रबंधन में सहायता के लिए सेंसर और मैपिंग टूल का उपयोग करके विशेष भू–जल अध्ययन की सुविधा प्रदान करना;

(ट) जिला भू–जल प्रबंधन परिषद और विकासखंड स्तरीय प्राधिकरणों के समन्वय से, एक भू–जल संसाधन प्रबंधन कार्य योजना तैयार करना, भू–जल संसाधन की दीर्घता, युक्तियुक्त खपत और संरक्षण/उपचार हस्तक्षेप सुनिश्चित करने के लिए संवहनीय हस्तक्षेप की योजना बनाना और तैयार करना;

(ठ) जहां भी संभव हो, भू–जल और सतही जल के संयुक्त उपयोग को प्रोत्साहित करना;

(ड) जहां भी संभव हो, सिंचाई प्रयोजनों और वैकल्पिक स्रोतों के माध्यम से अनुपूरित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले भू–जल की मात्रा का निर्धारण करना;

(ढ) एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन योजनाओं, जल सुरक्षा योजनाओं, जल संरक्षण के लिए रोडमैप और अन्य स्थिर उपायों की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए अन्य विभागों के साथ तालमेल रखना;

(ण) भू–जल स्वामित्व पर भूमि–आधारित विवादों की निगरानी करना और यदि आवश्यक हो तो हस्तक्षेप करना।

(2) राज्य भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण के कर्मचारीगण, –

(क) राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण को अपने कार्यों को समुचित रूप से निष्पादित करने या इस अधिनियम के तहत शक्तियों का प्रयोग करने में सक्षम बनाना, राज्य सरकार, सभी संस्थागत सहायता, सुविधाएं और बजट सहित उतनी संख्या में तकनीकी कर्मियों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति/प्रतिनियुक्ति कर सकेगी, जितनी वह आवश्यक समझे;

(ख) राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण, राज्य सरकार के समग्र नियंत्रण और पर्यवेक्षण के तहत कार्य करेगा।

(तीन) राज्य भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण की निधि –

राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण को अपने कार्यों को समुचित रूप से करने या इस अधिनियम के तहत शक्तियों का प्रयोग करने में सक्षम बनाने के लिए, राज्य सरकार, आवश्यक सुविधाएं और बजट प्रदान करेगी।

5.(एक) जिला भू–जल प्रबंधन परिषद के पदाधिकारी –

(1) जिला भू–जल प्रबंधन परिषद का गठन किया जायेगा, जो जिला स्तर पर भू–जल संसाधनों के प्रबंधन के लिए एक समग्र इकाई होगी, जिसमें निम्नलिखित होंगे–

(क) अध्यक्ष – कलेक्टर

(ख) उपाध्यक्ष – मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत

(ग) सदस्य–सचिव – कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन संभाग, जिला मुख्यालय

(घ) भू–जल के क्षेत्र में दीर्घकालिक कार्यानुभव/ज्ञान रखने वाले विषय विशेषज्ञ के रूप में दो सदस्य, जो जिला कलेक्टर द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जायेगा

(ड.) अन्य सदस्य, जिला स्तरीय प्रतिनिधि (प्रत्येक से एक)

संभागीय वन अधिकारी, वन

सहायक भू–जलविद, जिला भू–जल सर्वेक्षण इकाई,

क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
उप निदेशक, कृषि विभाग,
जिला मुख्यालय के आयुक्त/सीएमओ, नगर निगम/नगरपालिका (स्थानीय निकाय),
महाप्रबंधक/उप–निदेशक, जिला उद्योग केंद्र
कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग

(2) भू–जल के लिये नामांकित विषय विशेषज्ञ सदस्यों की सेवा की शर्तें, ऐसी होंगी, जैसा कि नियम 9 एवं 10 में परिभाषित है।

(दो) जिला भू–जल प्रबंधन परिषद का कार्य निम्नानुसार होगा, –

(क) मैक्रो–वाटरशेड दृष्टिकोण के आधार पर और यथा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार जिला स्तरीय भू–जल सुरक्षा योजना को समेकित करना;
(ख) जिला भू–जल सुरक्षा योजना का कार्यान्वयन;
(ग) जिला भू–जल सुरक्षा योजना के कार्यान्वयन की निगरानी करना;
(घ) जल से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम संचालित करना;
(ड.)अधिसूचित और गैर–अधिसूचित क्षेत्रों में सभी मौजूदा वाणिज्यिक, औद्योगिक, अधोसंरचना और थोक उपयोगकर्ताओं को पंजीकृत करना;
(च) अधिसूचित/गैर–अधिसूचित क्षेत्रों में भू–जल निष्कर्षण के लिए अनुमति प्रदान करने की सिफारिश करना;
(छ) ड्रिलिंग एजेंसियों/ड्रिलिंग रिग मशीन का पंजीकरण करना;
(ज) ऐसे अन्य कार्य करना, जैसा कि राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण द्वारा विहित या समनुदेशित किया जाये;
(झ) जिला मजिस्ट्रेट/जिला भू–जल प्रबंधन परिषद के अध्यक्ष, संबंधित नगरीय स्थानीय निकाय में सभी मौजूदा/नए घरेलू/पेय/कृषि भू–जल उपयोगकर्ताओं के पंजीकरण के संबंध में संबंधित जिले के क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर नगरीय स्थानीय निकाय की समिति का गठन करेंगे तथा जल स्तर की निगरानी के लिए निगरानी नेटवर्क (पीजोमीटर का निर्माण और डीडब्ल्यूएलआर टेलीमेट्री की संस्थापना) स्थापित करना। पीजोमीटर की संख्या, नगरीय निकाय के क्षेत्र के अनुसार संबंधित नगरीय स्थानीय निकाय द्वारा विनिश्चित की जाएगी।
(ञ) जिला भू–जल प्रबंधन परिषद द्वारा राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण के साथ समन्वय करना।

(तीन) जिला भू–जल प्रबंधन परिषद की निधि– जिला भू–जल प्रबंधन परिषद को अपने कार्यों को समुचित रूप से करने या इस अधिनियम के तहत शक्तियों का प्रयोग करने में सक्षम बनाने के लिए, राज्य सरकार/स्थानीय प्रशासन, आवश्यक सुविधाएं और बजटीय सहायता प्रदान करेगा।

6.(एक) विकासखंड स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति के पदाधिकारी– विकासखंड स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति का गठन किया जाएगा, जो विकासखंड में सभी मौजूदा/नए घरेलू और कृषि भू–जल उपयोगकर्ताओं को पंजीकृत करेगी, जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे,–

(क) अध्यक्ष – विकासखंड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत
(ख) सदस्य सचिव – विकासखंड के अनुविभागीय अधिकारी, जल संसाधन उप प्रभाग
(ग) अन्य सदस्य कृषि, पंचायत और ग्रामीण विकास, उद्योग, लोक स्वास्थ्य और अभियांत्रिकी और वन से विकासखंड स्तर के प्रतिनिधि (प्रत्येक से एक) होंगे

यह समिति, अपने कार्यों के सुचारू निर्वहन के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) से मार्गदर्शन और निर्देश लेगी और रिपोर्ट करेगी।

(दो) विकासखंड –स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति का कार्य निम्नानुसार होगा–

(क) जल से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम संचालित करना;
(ख) विकासखंड के गैर–अधिसूचित और अधिसूचित क्षेत्रों की सभी मौजूदा/नए घरेलू, कृषि भू–जल उपयोगकर्ताओं को पंजीकृत करना, और
(ग) ऐसे अन्य कार्य करना, जैसा कि प्राधिकरण द्वारा विहित या समनुदेशित किया जाये।

.(तीन) विकासखंड स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति की निधि– विकासखंड स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति को अपने कार्यों को समुचित रूप से करने या इस अधिनियम के तहत शक्तियों का प्रयोग करने में सक्षम बनाने के लिए, राज्य सरकार/स्थानीय प्रशासन, आवश्यक सुविधाएं और बजटीय सहायता प्रदान करेगा।

7. **जिला/स्थानीय प्रशासन द्वारा सहायता प्रदान करना.–** अधिनियम की धारा 24 और इन नियमों के नियम 28, 33 और 35 में परिभाषित कर्तव्यों और कार्यों के कुशल और सुचारू निर्वहन के लिए, सीजीजीडब्ल्यूए और इसके जिला, विकासखंड और नगरीय स्तर के निकायों को, सभी प्रशासनिक और कानून–व्यवस्था संबंधी मुद्दों के समाधान हेतु जिला/स्थानीय प्रशासन द्वारा सहायता प्रदान किया जाएगा।

8. **मानदेय.**–समुचित निकाय के नामांकित सदस्यों को ऐसे मानदेय का भुगतान किया जाएगा, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा विनिश्चित/विनिर्दिष्ट किया जाये।

9. **पदावधि.**–छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण तथा जिला भू–जल प्रबंधन परिषद के नामांकित सदस्यों की पदावधि, तीन वर्ष होगी।

10. **न्यूनतम योग्यताएं.–** नियम 8 में निर्दिष्ट सदस्यों की न्यूनतम योग्यताएं, इन नियमों के परिशिष्ट–क में संलग्न अनुसार होंगी।

11.**बैठकें.**–समुचित निकाय की बैठकें, ऐसे समय पर होंगी, जैसा कि निकाय के अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया जाये, बशर्ते कि लगातार दो बैठकों के बीच की अवधि, अधिक न हो,–

(क) विकासखंड स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति के मामले में, तीस दिन;
(ख) जिला भू–जल प्रबंधन परिषद के मामले में, साठ दिन या जैसा कि आवश्यक समझा जाए;
(ग) छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण के मामले में, 180 दिन या जैसा कि आवश्यक समझा जाए:

तथापि, समुचित निकाय, आवश्यकतानुसार अधिक बैठकें आहूत कर सकेगा।

अध्याय–तीन
अधिसूचित क्षेत्रों की पहचान एवं सीमांकन

12. अधिसूचित क्षेत्र घोषित किये जाने वाले क्षेत्रों की पहचान एवं सीमांकन की रीति.–

(1) **ग्रामीण क्षेत्रः–** अधिनियम के प्रावधानों के तहत, अधिसूचित क्षेत्रों के सीमांकन के उद्देश्य से, अतिदोहित और संकटग्रस्त ब्लॉक पर विचार किया जाएगा। इसलिए, जल संसाधन विभाग, नवीनतम भू–जल संसाधन आकलन रिपोर्ट के आधार पर अतिदोहित और संकटग्रस्त ब्लॉक के रूप में वर्गीकृत ब्लॉक की जिले–वार सूची की पहचान करेगा और तैयार करेगा।

(2) **शहरी क्षेत्रः–** शहरी क्षेत्र में, जैसा कि अधिनियम में उपबंधित किया गया है, संकटग्रस्त क्षेत्र, जहां भू–जल स्तर संकटसूचक स्तर तक गिर गया है, ऐसे क्षेत्र को अधिसूचित क्षेत्र घोषित करने के उद्देश्य से विचार किया जाएगा। नगरीय स्थानीय निकाय, उन संकटग्रस्त नगरीय क्षेत्रों की पहचान और रेखांकन करेगा, जहां पिछले पांच वर्षों के दौरान भू–जल स्तर में प्रति वर्ष 20 से.मी. से अधिक की महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज की गई है, जैसा कि नियम 4(ख)(झ) के तहत उल्लिखित है। जल संसाधन विभाग, नगरीय स्थानीय निकाय की समिति द्वारा पहचाने गए और रेखांकित किए गए अधिसूचित क्षेत्रों को अनुमोदित करेगा।

(3) जल संसाधन विभाग, अधिनियम में उपबंधित अनुसार, उक्त क्षेत्रों को अधिसूचित करने के लिए अतिदोहित और संकटग्रस्त ब्लॉक और संकटग्रस्त नगरीय क्षेत्र की सूची, छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण को प्रस्तुत करेगा।

13. अधिसूचना जारी करना.–

(1) राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण, नवीनतम भू–जल संसाधन आकलन के अनुसार वर्गीकृत अतिदोहित और संकटग्रस्त ब्लॉक और भू–जल की कमी के विश्लेषण के आधार पर विभाग द्वारा पहचाने गए संकटग्रस्त नगरीय क्षेत्रों के संबंध में, जल संसाधन विभाग द्वारा प्रदान किए गए इनपुट पर आवश्यक परामर्श करेगा।

(2) तत्पश्चात्, प्राधिकरण, राज्य सरकार को अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के कार्यान्वयन के प्रयोजन से ऐसे क्षेत्रों को, अधिसूचना द्वारा, अधिसूचित क्षेत्र घोषित करने की सलाह देगा। जल संसाधन विभाग की अनुशंसा के आधार पर, छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण, राज्य सरकार को ऐसे सरकारी योजनाओं, जो सीधे तौर पर भू–जल के निष्कर्षण पर निर्भर हैं, को बंद करने या पुनः डिजाइन करने की सलाह भी देगा।

(3) राज्य सरकार, ऐसे क्षेत्रों को, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, अधिसूचित क्षेत्र के रूप में घोषित करने के लिए छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण की सिफारिश और सलाह पर सम्यक् रूप से विचार करेगी।

(4) उप–नियम (3) में निर्दिष्ट अधिसूचना, सभी संबंधित विभागों की वेबसाइटों पर अपलोड की जाएगी और जनहित में व्यापक रूप से प्रचारित भी की जाएगी।

अध्याय–चार
अधिसूचित तथा गैर–अधिसूचित क्षेत्रों में कुओं का पंजीकरण एवं नये कुओं पर प्रतिबंध

14. कुँए के पंजीकरण हेतु आवेदन की प्रक्रिया.–

(1) कोई भी मौजूदा वाणिज्यिक या औद्योगिक या अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ता, जिसने अधिनियम के प्रवृत्त होने की तारीख से पूर्व अधिसूचित क्षेत्र या गैर–अधिसूचित क्षेत्र में भू–जल निष्कर्षण या उपयोग करने के लिए एक कुआं खोदा है, के द्वारा अधिनियम की धारा 9 की उप–धारा (1) में निर्दिष्ट प्ररूप–1(क) में, नियमों के प्रवृत्त होने की तारीख से 180 दिनों की अवधि के भीतर, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद को आवेदन देना होगा तथा गैर–अधिसूचित क्षेत्र में कभी भी भविष्य के वाणिज्यिक या औद्योगिक या अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ता भी, अधिनियम की धारा 9 की उप–धारा (1) में निर्दिष्ट प्ररूप–1(क) में आवेदन करेंगे।

(2) कोई भी मौजूदा वाणिज्यिक या औद्योगिक या अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ता, जिसने अधिनियम के प्रवृत्त होने की तारीख से पहले किसी अधिसूचित क्षेत्र या गैर–अधिसूचित क्षेत्र में भू–जल निष्कर्षण या उपयोग करने के लिए एक कुआं खोदा है, और जिसके पास भू–जल निष्कर्षण या उपयोग करने के लिए केंद्रीय भू–जल प्राधिकरण द्वारा जारी वैध अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं है, अधिनियम की धारा 9 की उप–धारा (1) में निर्दिष्ट प्ररूप–1(ख) में, इन नियमों के प्रवृत्त होने की तारीख से नब्बे दिनों की अवधि के भीतर, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद को आवेदन करेगा।

(3) नियम 14 के उप–नियम (1) में उल्लिखित के अलावा भू–जल का प्रत्येक मौजूदा उपयोगकर्ता, जिसमें घरेलू और कृषि उपयोगकर्ता और भू–जल के नगरीय प्रशासन (स्थानीय निकाय) के ट्यूबवेल शामिल हैं, जिन्होंने अपने परिसर या कृषि भूमि जोत में कुएं या बोरिंग खोदी है, इन नियमों के प्रवृत्त होने की तारीख से छः माह की अवधि के भीतर, अधिनियम की धारा 9 की उप–धारा (2) में निर्दिष्ट प्ररूप–1(ग) में ब्लॉक स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति को आवेदन करेगा। नगरीय क्षेत्रों में, नगरीय स्थानीय निकाय की समिति द्वारा नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक मौजूदा पेय/घरेलू/कृषि भू–जल उपयोगकर्ता के लिए नियम 4(ख)(झ) के तहत यथा उल्लिखित समान प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

(4) नियम 14 के उप–नियम (1) में उल्लिखित के अलावा भू–जल का प्रत्येक भावी उपयोगकर्ता, जिसमें भू–जल का घरेलू और कृषि उपयोगकर्ता भी शामिल है, जो अपने परिसर या कृषि भूमि जोतों में कुआं खोदना या बोरिंग करना चाहता है, ऐसे कुएं के खोदने से पहले, विकासखंड स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति को अधिनियम की धारा 9 की उप–धारा (2) में निर्दिष्ट प्ररूप–1 (घ) में आवेदन करेगा; नगरीय क्षेत्र में, नगरीय स्थानीय निकाय की समिति द्वारा नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक भावी पेय/घरेलू/कृषि भू–जल उपयोगकर्ता के लिए, नियम 4(ख)(झ) के तहत उल्लिखित समान प्रक्रिया अपनाई जाएगी:

परंतु यह कि कोई उपयोगकर्ता, जिसने क्षेत्र में भू–जल निष्कर्षण या उपयोग करने के लिए एक से अधिक कुएं खोदे हैं, द्वारा प्रत्येक कुएं के लिए अलग–अलग आवेदन पत्र जमा करना आवश्यक होगा।

(5) प्ररूप–1(क,ख,ग,घ), प्राधिकरण के ऑनलाईन वेब पोर्टल से निःशुल्क डाउनलोड किया जाएगा।

(6) प्ररूप को गलत तरीके से भरने, और प्ररूप–1(क,ख,ग,घ) में विनिर्दिष्ट सभी आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न करने में विफल होने पर, आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(7) उपरोक्त उप–नियमों में उल्लिखित अनुसार सभी आवेदन, प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर ऑनलाईन जमा किए जाएंगे।

15. पंजीकृत कुएं में उपांतरण या परिवर्तन की प्रक्रिया.–

(1) यदि अधिसूचित क्षेत्र में भू–जल का कोई पंजीकृत वाणिज्यिक या औद्योगिक या अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ता, जिसके पास पंजीकरण प्रमाण पत्र है, जो पंजीकृत कुएं में कोई उपांतरण या परिवर्तन करना चाहता है, तो वह या व्यक्तियों का एक समूह या एक एजेंसी, (जैसी भी स्थिति हो), संबंधित जिला भू–जल प्रबंधन परिषद को प्ररूप–2 (क) जमा करके, राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण से इसके लिए स्वीकृति प्राप्त करेगा। इसके लिए संबंधित उपयोगकर्ता को अनुसूची–नौ की तालिका 9.2 में यथा निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा।

(2) यदि भू–जल का कोई पंजीकृत वाणिज्यिक या औद्योगिक या अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ता, गैर–अधिसूचित क्षेत्र में पंजीकृत कुएं में कोई उपांतरण या परिवर्तन करना चाहता है, तो वह या व्यक्तियों का समूह या एजेंसी (जैसा भी स्थिति हो), संबंधित जिला भू–जल प्रबंधन परिषद को प्ररूप–2(ख) जमा करके, छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण से इसके लिए स्वीकृति प्राप्त करेगा। इसके लिए संबंधित उपयोगकर्ता को अनुसूची–नौ की तालिका 9.2 में यथा निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा।

16. जिला भू–जल प्रबंधन परिषद अथवा विकासखंड स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र का निराकरण.–

(1) नियम 13 के उप–नियम (1) के तहत आवेदन प्राप्त होने पर, यदि जिला भू–जल प्रबंधन परिषद का विचार हो कि आवेदन, अधिनियम की धारा 9 की उप–धारा (1) के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी करने के लिए है, वह अपनी बैठक में संतुष्ट होने के बाद, मामले को स्वीकृत कर देगा और उपयोगकर्ता को प्ररूप–3(क) में पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रदान करेगा और यदि संबंधित जिला भू–जल प्रबंधन परिषद मामले से संतुष्ट नहीं है, तो वह, पर्याप्त कारण दर्शाने के बाद, पंजीकरण प्रमाण पत्र देने से इनकार कर देगा तथा तदनुसार उपयोगकर्ता को प्ररूप–4(क) में सूचित करेगा।

(2) नियम 13 के उप–नियम (2) के तहत आवेदन प्राप्त होने पर, मौजूदा वाणिज्यिक या औद्योगिक या अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ता, जो केंद्रीय भू–जल प्राधिकरण द्वारा जारी वैध अनापत्ति प्रमाण पत्र की एक प्रति प्रस्तुत करते हैं, स्वतः पंजीकृत हो जाएंगे। ऐसे उपयोगकर्ताओं को, समुचित आवेदन को ऑनलाईन जमा करने के 15 दिनों के भीतर, प्ररूप–3(ख) में इलेक्ट्रॉनिक रूप से जनित पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त होगा।

(3) नियम 13 के उप–नियम (3) और उप–नियम (4) के तहत आवेदन प्राप्त होने पर, भू–जल के कृषि और घरेलू उपयोगकर्ता, स्वतः पंजीकृत हो जाएंगे। ऐसे उपयोगकर्ताओं को, समुचित आवेदन को ऑनलाईन जमा करने के 15 दिनों के भीतर, प्ररूप–3(ग) में इलेक्ट्रॉनिक रूप से जनित पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त होंगे।

(4) ऐसे उपयोगकर्ता, जिनका पंजीकरण की स्वीकृति हेतु आवेदन उप–नियम (1) के तहत अस्वीकार कर दिया गया है, वे आवेदन के निराकरण के लिए प्राधिकरण के सचिव के माध्यम से छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण को आवेदन कर सकेंगे। ऐसे मामलों में राज्य भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण का निर्णय अंतिम होगा।

(5) इस नियम के तहत संबंधित जिला भू–जल प्रबंधन परिषद या विकासखंड स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र देने या अस्वीकार करने के संबंध में लिया गया कोई भी निर्णय, उपयोगकर्ता को, ऐसे आवेदन की प्राप्ति की तारीख से एक माह की अवधि के भीतर इलेक्ट्रॉनिक रूप से सूचित किया जाएगा।

(6) उपयोगकर्ता, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद या विकासखंड स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति, जैसी भी स्थिति हो, के कार्यालय से पंजीकरण प्रमाण पत्र की सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

17. पंजीकरण प्रमाण पत्र के लिए रजिस्टर.–

(1) प्ररूप–3(क) या 3(ख) में जारी किए गए प्रत्येक पंजीकरण प्रमाणपत्र के लिए, प्राधिकरण के ऑनलाईन वेब पोर्टल पर एक ई–रजिस्टर संधारित किये जाएंगे।

(2) प्रत्येक जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, प्ररूप–3(क) और 3(ख) में जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र की सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित प्रतियों का एक पृथक रजिस्टर भी संधारित करेंगे।

(3) प्रत्येक विकासखंड स्तरीय भू–जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति, प्ररूप–3(ग) में जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र की सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित प्रतियों का एक पृथक रजिस्टर भी संधारित करेगी।

18. आवेदन शुल्क.–

(1) वाणिज्यिक या औद्योगिक या अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ताओं को, कुएं के पंजीकरण हेतु आवेदन भरने के लिए छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण द्वारा तय की गई शुल्क की उतनी राशि जमा करनी होगी, जैसा कि नियम 13 के उप–नियम (1) और उप–नियम (2) में वर्णित है। कृपया आवेदन शुल्क के लिए अनुसूची–चार.ख देखिये। छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण, समय–समय पर भू–जल के विभिन्न श्रेणी के उपयोगकर्ताओं के लिए शुल्क की राशि की समीक्षा कर सकेगा।

(2) नियम 13 के उप–नियम (3) एवं उप–नियम (4) के तहत आवेदन भरने के लिए कोई शुल्क नहीं होगा।

(3) उप–नियम (1) और उप–नियम (2) में निर्दिष्ट आवेदन शुल्क का भुगतान, ऑनलाईन किया जाएगा और राज्य सरकार द्वारा बनाए गए ग्राउंड वाटर कंजरवेशन फण्ड (भू–जल संरक्षण कोष) में जमा किया जाएगा।

19. अधिसूचित क्षेत्र में नये कुएं के निर्माण पर प्रतिबंध.– जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण द्वारा अतिदोहित, संकटग्रस्त विकासखंड एवं संकटग्रस्त नगरीय क्षेत्र की सूची प्रस्तुत करने पर, अधिनियम की धारा 10 में उपबंधित अनुसार अधिसूचित क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति और वृक्षारोपण के लिए सरकारी योजनाओं को छोड़कर, राज्य सरकार को नये कुएं के निर्माण पर प्रतिबंध लगाने की सलाह देगा। ऐसा प्रतिबंध तब तक जारी रहेगा, जब तक क्षेत्र को गैर–अधिसूचित नहीं कर दिया जाता।

20. अधिसूचित क्षेत्र में भू–जल सुरक्षा योजना की तैयारी और कार्यान्वयन.– अधिसूचित क्षेत्रों में भू–जल संकट के समाधान सुनिश्चित करने और प्राप्त करने के लिए, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, मैक्रो–वाटरशेड दृष्टिकोण और इनपुट भू–जल डेटा बेस के आधार पर, भू–जल सुरक्षा योजना तैयार करेगी और जिला भू–जल सुरक्षा योजना के कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिम्मेदार होगी।

21. ड्रिलिंग एजेंसियों के पंजीकरण की प्रक्रिया.–

(1) फर्म, एजेंसी या कंपनी सहित कोई भी व्यक्ति, जो भू–जल निष्कर्षण के लिए ड्रिलिंग कार्य करना चाहता है, प्ररूप–5(क) में, अधिनियम की धारा 18 में निर्दिष्ट आवेदन, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद को देगा। प्रत्येक जिले के लिए ड्रिलिंग के लिए पृथक से पंजीकरण आवश्यक होगा।

(2) फर्म, एजेंसी या कंपनी सहित कोई भी व्यक्ति, जो नियम के प्रारंभ होने से पहले भू–जल निष्कर्षण के लिए ड्रिलिंग कार्य में संलग्न है, नियम प्रारंभ होने की तारीख से 180 दिनों की अवधि के भीतर प्ररूप–5(ख) में, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद को अधिनियम की धारा 18 में निर्दिष्ट आवेदन करेगा।

(3) नियम 21 के उप–नियम (1) के तहत आवेदन प्राप्त होने पर, यदि जिला भू–जल प्रबंधन परिषद का विचार हो कि आवेदन, धारा 18 के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी करने के लिए है, तो वह, अपनी बैठक में संतुष्ट होने के बाद, मामले को स्वीकृत कर देगा और ऐसी ड्रिलिंग एजेंसी को प्ररूप–6(क) में पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करेगा और यदि संबंधित जिला भू–जल प्रबंधन परिषद मामले से संतुष्ट नहीं है, तो वह, पंजीकरण प्रमाण पत्र देने से इनकार कर देगा और तदनुसार ऐसे व्यक्ति को प्ररूप–7(क) में सूचित करेगा।

(4) नियम 21 के उप–नियम (2) के तहत आवेदन प्राप्त होने पर, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, ऐसी ड्रिलिंग एजेंसी को प्ररूप–6(ख) में पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी करेगी।

(5) यदि फर्म, एजेंसी या कंपनी सहित कोई भी व्यक्ति, एक से अधिक जिलों में ड्रिलिंग कार्य करना चाहता है, तो उसको अथवा जैसी भी स्थिति हो, को प्रत्येक जिले के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

(6) यदि फर्म, एजेंसी या कंपनी सहित कोई भी व्यक्ति, जिसने पहले ही एक जिले में ड्रिलिंग कार्य के लिए पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है और दूसरे जिले में भी पंजीकरण कराना चाहता है, तो उसे, प्ररूप–5(क) में आवेदन करना होगा। उसे, प्ररूप के साथ पहले से प्राप्त पंजीकरण की एक प्रति भी अपलोड करनी होगी।

(7) नियम 21 के उप–नियम (6) के तहत आवेदन प्राप्त होने पर, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, आवेदन प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर ऐसी ड्रिलिंग एजेंसी को प्ररूप–6(ख) में पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी करेगी।

(8) जिला भू–जल प्रबंधन परिषद यह भी सुनिश्चित करेगी कि उप–नियम (3), उप–नियम (4) और उप–नियम (7) के तहत पंजीकृत ड्रिलिंग एजेंसी, अधिसूचित क्षेत्र में ड्रिलिंग कार्य नहीं करेगी।

(9) पंजीकृत ड्रिलिंग एजेंसियां, प्रत्येक माह में किये गये ड्रिलिंग कार्य का विवरण भी ऑनलाईन उपलब्ध करायेगी।

(10) इस नियम के तहत संबंधित जिला भू–जल प्रबंधन परिषद द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र देने या अस्वीकार करने के संबंध में लिया गया कोई भी निर्णय, ऐसे आवेदन प्राप्त होने की तारीख से एक माह की अवधि के भीतर, उपयोगकर्ता को इलेक्ट्रॉनिक रूप से सूचित किया जाएगा।

(11)उपयोगकर्ता, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद के कार्यालय से पंजीकरण की सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित प्रति भी प्राप्त कर सकेगा।

(12) जिला भू–जल प्रबंधन परिषद द्वारा ड्रिलिंग एजेंसियों को पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी करने के लिए पृथक रजिस्टर संधारित किया जाएगा।

(13) सभी पंजीकृत ड्रिलिंग एजेंसियों को अपनी ड्रिलिंग रिग मशीन को जीपीएस सिस्टम से लैस करना अनिवार्य होगा।

22. आवेदन शुल्क.–

(1) नियम 21(1)(2)(6) के तहत कोई भी आवेदक, शुल्क की ऐसी राशि जमा करेगा, जैसा कि अनुसूची–पांच में निर्धारित है।

(2) उपरोक्त उप–नियम (1) में निर्दिष्ट आवेदन शुल्क का भुगतान, ऑनलाईन किया जाएगा और ग्राउंड वाटर कंजरवेशन फण्ड (भू–जल संरक्षण कोष) में जमा किया जाएगा।

अध्याय–पांच
अनुमति प्रदान करना

23. छूट.– निम्नलिखित श्रेणियों के उपयोगकर्ताओं/व्यक्तियों को भू–जल निष्कर्षण हेतु अनुमति लेने से छूट दी जाएगीः–

(एक) पेयजल और घरेलू उपयोग के लिए ग्रामीण और नगरीय दोनों क्षेत्रों में व्यक्तिगत घरेलू उपभोक्ता, जहां सार्वजनिक जल आपूर्ति मौजूद नहीं है;

(दो) ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजनाएँ;

(तीन) ग्रामीण और नगरीय दोनों क्षेत्रों में सशस्त्र बल स्थापना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल स्थापना;

(चार) मत्स्य पालन, डेयरी, बागवानी और पशु चिकित्सा उपयोग सहित कृषि गतिविधियों के लिए कृषि उपभोक्ता;

(पांच) सूक्ष्म और लघु उद्यम 10 घनमीटर/दिन से कम भू–जल खींचते हैं;

(छः) सभी आकंलन इकाइयों में 5 घन मीटर/दिन तक केवल पीने/घरेलू उद्देश्यों के लिए भू–जल खींचने वाले सभी उद्योग/खनन परियोजनाएं/अधोसंरचना परियोजनाएं;

(सात) आवासीय अपार्टमेंट और ग्रुप हाउसिंग सोसायटीः–

(क) पेयजल और घरेलू उपयोग के लिए, नियम की अनुसूची–छः में उल्लिखित शर्तों के अधीन 20 घन मीटर/दिन तक भू–जल खींचना;

(ख) सरकारी योजनाओं के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए आवास इकाइयाँः

तथापि, सभी भू–जल उपयोगकर्ताओं को, जैसा भी मामला हो, समुचित निकाय के साथ स्वयं को पंजीकृत करवाना होगा।

24. उपयोगकर्ता के लिए अनुमति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्रक्रिया.–

(1) नियम 14 के उप–खण्ड (1) के तहत कोई भी भावी या मौजूदा उपयोगकर्ता, जिसके पास केंद्रीय भू–जल प्राधिकरण या जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं है, उसे प्ररूप–4(ख) में अनुमति की स्वीकृति जारी करने के लिए छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण को आवेदन देगा ।

(2) प्ररूप–4(ख), प्राधिकरण के ऑनलाईन वेब पोर्टल से निःशुल्क डाउनलोड किया जाएगा।

(3) ऐसे प्ररूप, जो विधिवत भरे नहीं गए हैं और प्ररूप–4(ख) में आवश्यक दस्तावेज संलग्न नहीं हैं, अस्वीकार किए जाने योग्य होंगे।

(4) सभी नये/विद्यमान उद्योगों, विस्तार चाहने वाले उद्योगों, अधोसंरचना परियोजनाओं और भू–जल का निष्कर्षण करने वाली खनन परियोजनाओं को जब तक कि इन नियमों के अध्याय–पांच के नियम 23 में यथाउल्लिखित विशेष रुप से छूट न दी गई हो, छत्तीसगढ़ भू–जल प्राधिकरण से अनुमति लेनी आवश्यक होगी ।

25. अनापत्ति प्रमाण पत्र के नवीनीकरण की प्रक्रिया.–

(1) कोई भी मौजूदा वाणिज्यिक या औद्योगिक या अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ता, जिसने अधिसूचित या गैर–अधिसूचित क्षेत्रों में भू–जल निकालने या उपयोग करने के लिए कुआं खोदा है, और जिसके पास अधिनियम के प्रारंभ होने की तिथि के पूर्व केंद्रीय भू–जल प्राधिकरण द्वारा जारी वैध अनापत्ति प्रमाण पत्र है और भू–जल का निष्कर्षण जारी रखने की वांछा करता है, तो प्ररूप–4(ग) में आवेदन करेगा।

(2) कोई उपयोगकर्ता, जिसके पास भू–जल का पूर्व–विद्यमान अधिकार है, विद्यमान अनापत्ति प्रमाण पत्र की वैधता की समाप्ति पर या उससे पहले अनापत्ति के नवीनीकरण के लिए आवेदन करेगा।

26. छत्तीसगढ़ भू– जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण द्वारा अनुमति प्रदान करने हेतु आवेदन का निराकरण.– (1) उपरोक्त प्राप्त आवेदन की जांच जिला भू–जल प्रबंधन परिषद द्वारा नियमों के प्रावधानों के अनुसार की जायेगी तथा छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण को अग्रेषित की जायेगी।

(2) नियम 24 के तहत आवेदन प्राप्त होने पर, यदि, छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण का विचार हो कि आवेदन, अधिनियम की धारा 12 के तहत अनुमति जारी करने के लिए है, तो वह, प्ररूप–4(घ) में उपयोगकर्ता को अनुमति दे सकेगा और यदि छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण मामले से संतुष्ट नहीं है, तो वह, अनुमति जारी करने से इनकार कर देगा और तदनुसार प्ररूप–4(च) में सूचित करेगा।

(3) उप–नियम (2) के तहत जारी अनुमति, अनुसूची–चार(क) में यथा निर्धारित अवधि के लिए वैध होगी। अनुमति प्रमाण पत्र की किसी भी शर्त के उल्लंघन या क्षेत्र की भू–जल स्थिति में परिवर्तन के मामले में, छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण को अनुमति रद्द करने या प्रतिबंध लगाने का ऐसा अधिकार होगा, जैसा कि प्राधिकरण समुचित समझे।

(4) नियम 25 के तहत आवेदन प्राप्त होने पर, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद् द्वारा आवेदन को जांचोपरान्त टिप्पणी सहित, छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण को अग्रेषित किया जाता है। जिला भू–जल प्रबंधन परिषद की अनुशंसा पर, छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण, अनुसूची–चार(क) में यथा निर्धारित अवधि के लिए प्ररूप–4(ड.) में अनुमति का नवीनीकरण कर सकेगा।

(5) इस नियम के तहत छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण द्वारा अनुमति देने या अस्वीकार करने के संबंध में लिया गया कोई भी निर्णय, ऐसे आवेदन की प्राप्ति की तारीख से नब्बे दिनों की अवधि के भीतर, उपयोगकर्ता को इलेक्ट्रॉनिक रूप से सूचित किया जाएगाः

परंतु यह कि उपयोगकर्ता, सूचना की प्रति छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण के कार्यालय से व्यक्तिगत रूप से जाकर प्राप्त कर सकेगा।

27. अनुमति प्रदान करने हेतु रजिस्टर.– छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण अनुमति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निर्धारित प्ररूप में पृथक से रजिस्टर संधारित करेगा।

28. अनुमति प्रदान करने हेतु आवेदन शुल्क एवं भू–जल की निष्कर्षण/निकासी के लिये शुल्क.– (1) भू–जल निष्कर्षण की अनुमति चाहने वाले वाणिज्यिक या औद्योगिक या अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ता को, शुल्क की उतनी राशि जमा करनी होगी, जितनी अनुसूची–चार(क) में निर्धारित किया जाये। छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण, समय–समय पर विभिन्न श्रेणी के भू–जल उपयोगकर्ताओं के लिए शुल्क की राशि की समीक्षा कर सकेगा।

(2) नियम 24 के उप–नियम (1) में निर्दिष्ट आवेदन पर अनुमति प्रदान किये जाने के बाद, ऐसे उपयोगकर्ता द्वारा अनुसूची–आठ में यथा निर्धारित भू–जल निष्कर्षण के लिए शुल्क/लेवी की वार्षिक राशि सालाना जमा की जाएगी। छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण, समय–समय पर विभिन्न श्रेणी के भू–जल उपयोगकर्ताओं के लिए निष्कर्षण शुल्क की राशि की समीक्षा कर सकेगा।

(3) उप–नियम (1) और उप–नियम (2) में निर्दिष्ट शुल्क का भुगतान, प्ररूप–8(क) में यथा निर्धारित रीति से किया जाएगा और ग्राउंड वाटर कंजरवेशन फण्ड (भू–जल संरक्षण कोष) में जमा किया जाएगा।

अध्याय–छः
वाणिज्यिक, औद्योगिक, अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ता के लिए भू–जल के निष्कर्षण की सीमा निर्धारित करना

29. सीमा निधारित करने की प्रकिया.– (1) भू–जल के सभी मौजूदा वाणिज्यिक, औद्योगिक, अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ताओं के लिए भू–जल निष्कर्षण की सीमा निर्धारित करने के लिए, जल संसाधन विभाग, हितधारकों के परामर्श से, छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण को एक प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा।

(2) जल संसाधन विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर, छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण, भू–जल के सभी वाणिज्यिक, औद्योगिक, अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ताओं के लिए भू–जल निष्कर्षण की सीमा निर्धारित कर सकेगा।

(3) उप नियम (2) के तहत निर्धारित की गई भू–जल निष्कर्षण की सीमाएं, अधिसूचित और गैर–अधिसूचित क्षेत्रों में भू–जल के मौजूदा वाणिज्यिक, औद्योगिक, अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ताओं तथा अधिसूचित क्षेत्रों में भू–जल के सभी नए वाणिज्यिक, औद्योगिक, अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ता, जैसी भी स्थिति हो, के कुओं के लिए अनुमति या पंजीकरण प्रमाण पत्र में लिखी जाएंगी।

अध्याय–सात
भू–जल उपयोग की निगरानी के लिए समुचित तकनीकी का उपयोग

30. मशीनी–तंत्रों की निगरानी के लिये तकनीकी का उपयोग.– (1) भू–जल के दोहन की निगरानी हेतु, भू–जल उपयोगकर्ताओं की विभिन्न श्रेणियों के लिए आवश्यक डेटा की निगरानी और संग्रह करने हेतु समुचित तकनीक का उपयोग किया जाएगा और ऐसी तकनीक का उपयोग करने की शक्ति समुचित प्राधिकारी में निहित होगी।

(2) भू–जल के सभी उपयोगकर्ताओं के लिए जानकारी प्रदान करना और साझा करना और विशिष्ट सॉफ्टवेयर, एप्लिकेशन, टूल और स्मार्ट मीटर आदि के उपयोग पर समुचित प्राधिकारी के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

(3) समुचित प्राधिकारी, भू–जल दोहन/उपयोग की वास्तविक समय की जानकारी/डेटा एकत्र करने के लिए उपलब्ध तकनीकी का उपयोग करेगा।

(4) तकनीक, जैसे कि भू–जल निष्कर्षण संरचना की जियो–टैगिंग, रिग मशीन के लिए जीपीएस तकनीक, जल आपूर्ति टैंकर, आईओटी–आधारित सेंसर और भविष्य में उपलब्ध इस प्रकार की अन्य तकनीक का उपयोग किया जा सकेगा।

अध्याय–आठ
उल्लंघन, अपराध, शास्ति और अपराधों का प्रशमन

31. **उल्लंघन, अपराध, शास्ति और अपराध के प्रशमन की प्रकिया.–** (1) अधिनियम की धारा 18 और 19 में परिभाषित उल्लंघन और अपराधों का निराकरण एवं शास्तिकरण, अनुसूची–नौ और अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत किए गए प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

(2) किसी अपराध के प्रशमन के लिए आवेदन, इन नियमों के परिशिष्ट–(ख) के रूप में संलग्न प्ररूप में किया जाएगा।

(3) प्रशमन शुल्क, इस नियम की अनुसूची–नौ की तालिका–9.1, 9.3, 9.4 और 9.5 सहपठित अधिनियम की धारा 21 के प्रावधानों के अनुसार प्रयोज्य होगा।

(4) अधिनियम की धारा 19(1)(ड.) में वर्णित किसी भी पुराने, अपूर्ण, निष्क्रिय, परित्यक्त या अनुपयोगी ट्यूब/बोरवेल की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी और डेटा को, अनुसूची–नौ के एक.ख के अनुसार संव्यवहृत और अनुरक्षित किया जाएगा।

32. **शक्तियां प्रत्यायोजित करना.**–सीजीजीडब्ल्यूए/जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, किसी भी व्यक्ति/व्यक्तियों के समूह को, किसी भी परिसर का निरीक्षण करने, रिकॉर्ड मांगने, किसी भी परिसर में प्रवेश करने, टूल्स और उपकरणों की संस्थापना का निरीक्षण करने और रिकॉर्ड मांगने और उल्लंघन की दशा में, उपकरणों/परिसर आदि को जब्त करने की शक्तियां प्रत्यायोजित कर सकेगा। ऐसे व्यक्ति/व्यक्तियों के समूह को भारतीय दंड संहिता की धारा 21 के अर्थ के अंतर्गत लोक सेवक माना जाएगा।

33. **प्राधिकरण के कर्मचारियों को लोक सेवक माना जाएगा.** – राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण के सभी कर्मचारी और अन्य अधिकृत व्यक्ति, जबकि इस नियम के प्रावधानों के अनुसरण में कार्य कर रहे हों या कार्य करना तात्पर्यित हों, तो उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 21 के अर्थ के अंतर्गत लोक सेवक माना जाएगा।

34. **योजना का प्रारंभ किया जाना.–** राज्य सरकार/सीजीजीडब्ल्यूए, मौजूदा अनियमित भू–जल उपयोग के नियमितीकरण के लिए, एकमुश्त निपटान योजना या कोई अन्य योजना आरंभ कर सकेगी।

अध्याय–नौ
शिकायत निवारण

35. **शिकायत निवारण की प्रकिया.–**(1) कोई भी पीड़ित व्यक्ति, अधिनियम की धारा 23 में संदर्भित मुद्दों पर प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर, पर्याप्त औचित्य के साथ अपनी शिकायत, ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकेगा।

(2) यदि अपेक्षित हो तो, जिला भू–जल शिकायत निवारण अधिकारी, कथित उपयोगकर्ता को शिकायत आवेदन की प्राप्ति से तीस दिनों की अवधि के भीतर, अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए, नोटिस जारी कर सकेगा।

(3) कथित व्यक्ति, नोटिस प्राप्त होने के तीस दिनों की अवधि के भीतर, जिला भू–जल शिकायत निवारण अधिकारी को, अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करेगा।

(4) जिला भू–जल शिकायत निवारण अधिकारी, शिकायत का निर्णय करेगा और कथित उपयोगकर्ता का स्पष्टीकरण प्राप्त होने के तीस दिनों के भीतर, पीड़ित व्यक्ति को अपना निर्णय सूचित करेगाः

परन्तु यह कि पीड़ित व्यक्ति, जिला भू–जल शिकायत निवारण अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध अपील, जिला भू–जल शिकायत निवारण अधिकारी के निर्णय की प्राप्ति की तारीख से साठ दिनों के भीतर, राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण के समक्ष कर सकेगा।

अध्याय–दस
उपचारित अपशिष्ट जल के मानक निर्धारित करने की प्रक्रिया, उपचार संयंत्र एवं वर्षा जल संचयन की संस्थापना

36. जानकारी मांगने की समुचित निकाय की शक्ति.–समुचित निकाय, किसी भी सरकारी विभाग या किसी अन्य व्यक्ति से कोई भी जानकारी, जो उसके कर्तव्यों और कार्यों के कुशल निर्वहन के लिए आवश्यक है, मांग सकता है तथा उक्त विभाग और व्यक्ति, युक्तियुक्त समय के भीतर इस प्रकार की जानकारी प्रस्तुत करने के लिए बाध्य होंगे।

37. उपचारित अपशिष्ट जल के मानक के निर्धारण की प्रकिया.–

(1) छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण के निर्देश पर जल संसाधन विभाग, केन्द्रीय भू–जल बोर्ड, केन्द्रीय एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगरीय प्रशासन/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छत्तीसगढ़ के परामर्श से, उक्त प्राधिकरण द्वारा यथा निर्देशित समय के भीतर, उपचारित अपशिष्ट के लिए मानकों के अनुमोदन के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा।

(2) जल संसाधन विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर, राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण, उपचारित अपशिष्ट जल के लिए मानकों को मंजूरी देगा।

(3) छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण, भू–जल उपयोगकर्ता को अनुमति प्रमाण पत्र प्रदान करते समय अनुमोदित मानक के अनुपालन के लिए निर्देश जारी करेगा।

38. उपचार संयंत्र के संस्थापना के लिये प्रकिया.–

(1) छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण, जिला भू–जल प्रबंधन परिषदों के माध्यम से यह सुनिश्चित करेगा कि भू–जल के सभी वाणिज्यिक, औद्योगिक, अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ता, जो भू–जल या सतही जल को प्रदूषित करते हैं, वे इन नियमों के प्रारंभ होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर, उपचार संयंत्र संस्थापित करेंगे।

(2) प्रत्येक जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, इन नियमों के प्रारंभ होने की तारीख से दो महीने के भीतर अपने जिले के सभी उद्योगों का भौतिक सत्यापन करेगी।

(3) भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट के आधार पर, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, उन उद्योगों की सूची तैयार करेगी, जिन्होंने समुचित उपचार संयंत्र का निर्माण नहीं किया है। कोई भी उपयोगकर्ता, चाहे वह कोई भी हो, प्रदूषित अपशिष्टों को सीधे किसी जल निकाय/नाला/नदी/भूमिगत जल स्रोत में नहीं बहाएगा।

(4) उप–नियम (3) के तहत तैयार प्रत्येक जिले की सूची, छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण को प्रस्तुत की जाएगी।

(5) छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण, उप–नियम (4) में निर्दिष्ट उद्योगों को निर्देश देगा कि जिन उद्योगों ने समुचित उपचार संयंत्र संस्थापित नहीं किए हैं, वे निर्देश जारी होने की तारीख से छः महीने की अवधि के भीतर उक्त संयंत्र संस्थापित करेंगे।

(6) उप–नियम (5) के तहत निर्देश की छः महीने की अवधि के समाप्त होने के बाद, प्रत्येक जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, दो महीने की अवधि में संबंधित जिलों में सभी उद्योगों का भौतिक सत्यापन करेगी। भौतिक सत्यापन के प्रतिवेदन के आधार पर, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, पुनः उन उद्योगों की सूची तैयार करेगी, जिन्होंने छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण द्वारा उप–नियम (5) के तहत जारी निर्देश का पालन नहीं किया है।

(7) उप–नियम (6) के तहत तैयार की गई प्रत्येक जिले की सूची, छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण को पुनः प्रस्तुत की जाएगी।

(8) छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण, ऐसे भू–जल उपयोगकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई करेगा, जो उक्त अवधि के भीतर उपचार संयंत्र स्थापित करने में विफल रहता है :–

(एक) छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण द्वारा चिन्हित एजेंसी द्वारा ऐसी उपयोगकर्ता लागत पर आवश्यक उपचार संयंत्र के निर्माण के लिए आदेश जारी करना;

(दो) संबंधित जिले के जिला भू–जल प्रबंधन परिषद को अधिनियम की धारा 19 के प्रावधानों के तहत अभियोजन शुरू करने का आदेश जारी करने का निर्देश देना।

39. भू–जल या सतही जल में अनुपचारित अपशिष्टों के निर्वहन पर प्रतिबंध की प्रकिया.–

(1) छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण, समुचित प्राधिकारियों के माध्यम से निगरानी करेगा कि,–

(क) कोई भी सरकारी विभाग/उपक्रम/निगम/नगरीय निकाय/पंचायत और निजी संगठन या निजी उपयोगकर्ता आदि, अनुपचारित अपशिष्टों को भू–जल या सतही जल में नहीं बहाते हैं;

(ख) कोई भी अनुपचारित नाला या सीवर आदि, सीधे नदियों/तालाबों/झीलों या किसी भू–जल या सतही जल में नहीं छोड़ा जाता है।

(2) प्रत्येक जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, इन नियमों के प्रारंभ होने की तारीख से दो महीने के भीतर, उप–नियम (1) के तहत उपबंधित सरकारी निकायों द्वारा अपनाई गई अपशिष्ट बहाव की प्रक्रिया के लिए भौतिक सत्यापन करेगी।

(3) भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट के आधार पर, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, उप नियम (1) में निर्दिष्ट सरकारी निकायों की एक सूची तैयार करेगी, जिन्होंने अपशिष्ट जल के उपचार के लिए समुचित प्रक्रिया नहीं अपनाई है और भू–जल या सतही जल में सीधे अनुपचारित प्रवाह को प्रवाहित कर रहे हैं।

(4) उप–नियम (3) के तहत तैयार की गई प्रत्येक जिले की सूची, राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण को प्रस्तुत की जाएगी।

(5) छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण, उप–नियम (4) में निर्दिष्ट सरकारी निकायों को ऐसे निर्देश जारी करेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि,–

(क) उक्त निर्देश जारी होने की तारीख से एक वर्ष के भीतर समुचित उपचार संयंत्रों का निर्माण, या

(ख) उक्त निर्देश जारी होने की तारीख से छः महीने के भीतर मौजूदा उपचार संयंत्र को कार्यात्मक बनाना।

(6) उप–नियम (5) के तहत विनिर्दिष्ट अवधि के अंत में, प्रत्येक जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, उन सरकारी विभागों/उपक्रमों/निगमों/निकायों आदि का पुनः भौतिक सत्यापन करेगी, जिन्होंने अभी तक अपशिष्टों के उपचार के लिए समुचित प्रक्रियाएं नहीं अपनाई हैं और/या अभी भी दो महीने के भीतर अनुपचारित अपशिष्टों को सीधे भू–जल या सतही जल में प्रवाहित कर रहे है।

(7) उन शासकीय निकायों, जिनके द्वारा उप–नियम (6) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन नहीं किया गया है, उनकी सूची, छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण को कार्यवाही हेतु प्रस्तुत की जायेगी।

40. वर्षा जल संचयन हेतु अधिरोपित प्रावधानों की प्रक्रिया.–

(1) समुचित निकाय यह सुनिश्चित करेगा कि 300 वर्ग मीटर या उससे अधिक के भू–खंड क्षेत्र वाले सभी उपयोगकर्ताओं द्वारा वर्षा जल संचयन संरचनाओं का उचित निर्माण किया गया है। विभिन्न उपयोगकर्ताओं के लिए वर्षा जल संचयन संरचनाओं की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाएगी:

परंतु यह कि ऐसे प्रत्येक उपयोगकर्ता के लिए प्रथम चरण में वर्षा जल संचयन संरचनाओं की सस्थापना, अनिवार्य की जाएगी, जिनके पास अपने परिसर में भू–जल निष्कर्षण के लिए सबमर्सिबल पंप या कोई समान भू–जल निकालने वाला उपकरण है।

(2) प्रथम चरण में, प्रत्येक सरकारी विभाग/अर्धसरकारी विभाग/ प्राधिकरण/अनुदान प्राप्त संस्थान/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (या तो पूर्णतः या आंशिक रूप से सरकार द्वारा वित्त पोषित) निजी संस्थान या संगठन, जिनका भू–खंड क्षेत्र 300 वर्ग मीटर या उससे अधिक है, या जो सबमर्सिबल पंपों या इसी तरह के उपकरण के माध्यम से भू–जल निष्कर्षण करते हैं, वे यह भी सुनिश्चित करेंगे कि इस नियम के प्रारंभ होने की तारीख से एक वर्ष के भीतर उनके परिसर में वर्षा जल संचयन संरचनाओं का उचित निर्माण किया गया है।

(3) दूसरे चरण में (पहले चरण के एक वर्ष के बाद), उप–नियम (2) में उल्लिखित लोगों के अलावा प्रत्येक उपयोगकर्ता, जिसका प्लॉट क्षेत्र 300 वर्ग मीटर या उससे अधिक है, या जो सबमर्सिबल पंप या इसी तरह के उपकरण के माध्यम से भू–जल निष्कर्षण कर रहे हैं, वे यह भी सुनिश्चित करेंगे कि पहले चरण के अंत के एक वर्ष के भीतर, उनके परिसर में वर्षा जल संचयन संरचनाओं का उचित निर्माण किया गया है।

(4) वर्षा जल संचयन संरचनाओं की संस्थापना के बाद प्रत्येक उपयोगकर्ता को, प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर ऑनलाईन सूचना देनी होगी।

(5) यदि उप–नियम (2) और उप–नियम (3) के तहत ऐसा उपयोगकर्ता, ऐसा करने में विफल रहता है, तो उसे या संबंधित निकाय को, ऐसी रीति से और ऐसी शास्ति से दंडित किया जाएगा, जो राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किया जाये।

(6) उप–नियम (5) में निर्दिष्ट शास्ति के अलावा, सबमर्सिबल पंप या किसी अन्य भू–जल निष्कर्षण करने वाले उपकरण को, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद द्वारा तुरंत काट दिया जाएगा, सील कर दिया जाएगा और जब्त कर लिया जाएगा।

(7) वर्षा जल संचयन संरचनाओं का क्षेत्र–विशिष्ट डिजाइन और पुनर्भरण की मात्रा, छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण द्वारा तय की जाएगी। ऐसे डिजाइन, ऑनलाईन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

(8) जल संसाधन विभाग/नगरीय प्रशासन विभाग/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सक्षम तकनीकी व्यक्तियों की भी सहायता करेगा, जो समुचित वर्षा जल संचयन संरचनाओं की संस्थापना के लिए आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे।

(9) समुचित प्राधिकारी, वर्षा जल संचयन तकनीकों के प्रदर्शन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। समुचित प्राधिकारी, ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए विभिन्न गैर–सरकारी संगठनों को भी आमंत्रित करेंगे।

(10) समुचित प्राधिकारी, वर्षा जल संचयन के लिए विभिन्न उपयोगकर्ताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाएंगे।

(11) सभी राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय संस्थान जैसे, 'अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद', 'राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग', 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग', या अन्य समकक्ष निकाय भी, परिसर में समुचित वर्षा जल संचयन संरचनाएं, स्मार्ट मीटर आदि की संस्थापना सहित इन नियमों के अनुसार आवश्यक अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(12) जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, जल संचयन कार्य के लिए निष्क्रिय कुओं को पुनर्जीवित करने के लिए संबंधित कार्यान्वयन विभाग को निर्देश भी जारी करेगी।

(13) समुचित प्राधिकारी, संबंधित कार्यान्वयन विभाग को जल संचयन के लिए उचित कार्रवाई करने के लिए निर्देश भी जारी करेंगे, जैसे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप आदि से अतिरिक्त निकाले गए पानी का पुनः उपयोग करना।

अध्याय–ग्यारह
भू–जल संरक्षण कोष

41. भू–जल संरक्षण कोष.–

(1) राज्य सरकार ने भू–जल संरक्षण कोष के नाम से एक कोष बनाया है और भू–जल निष्कर्षण पर शास्ति, पंजीकरण शुल्क, शुल्क/लेवी आदि से संबंधित सभी प्राप्तियां इस कोष में जमा की जाएंगी।

(2) भू–जल संरक्षण कोष का उपयोग, भू–जल के संरक्षण और पुनर्भरण के लिए किया जाएगा। इस निधि का उपयोग, भू–जल निष्कर्षण की निगरानी तंत्र के विकास, समुचित निकाय के बुनियादी ढांचे के विकास, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर सहित उपयुक्त तकनीक के उपयोग, सलाहकारों और विशेषज्ञों और आवश्यकतानुसार अन्य कर्मियों को कार्य पर रखने के लिए भी किया जाएगा।

अध्याय–बारह
प्रकीर्ण

42. संचालित योजनाओं की पहचान.–

(1) जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, ऐसी मौजूदा सरकारी या निजी तौर पर संचालित योजनाओं की पहचान करेगी, जो या तो अत्यधिक भू–जल निष्कर्षण को प्रोत्साहित करती हैं या उस क्षेत्र की जल गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।

(2) जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, ऐसी योजनाओं पर पुनः विचार करने के लिए राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण को प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी।

(3) छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण, तत्काल कार्रवाई करेगा और संबंधित विभागों/मालिकों को उनकी मौजूदा नीतियों या योजनाओं को बदलने या पुनः डिजाइन करने के लिए निर्देश जारी करेगा। सभी संबंधित विभागों/मालिकों को, ऐसे रेखांकित क्षेत्रों में अपनी मौजूदा नीतियों या योजनाओं को बदलना या पुनः डिजाइन करना होगा।

43. निर्धारित मापदण्ड.—पेयजल प्रयोजन हेतु प्रयुक्त/उपयोग किये जाने वाले बोरवेल का व्यास एवं गहराई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी/नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार होगी।

44. मामलों में निर्णय.—जो कुछ भी, इन नियमों में उपबंधित नहीं किया गया है, उसे छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण के समक्ष रखा जाएगा। ऐसे मामलों में निर्णय, अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप लिए जाएंगे और तदनुसार सूचित किए जाएंगे।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजेश सुकुमार टोप्पो, सचिव.

अनुसूची–एक

औद्योगिक उपयोगः –

अतिदोहित मूल्यांकन इकाइयों में, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की श्रेणी में आने वाले उद्योगों को छोड़कर, किसी भी नए उद्योग को भू–जल निष्कर्षण की अनुमति नहीं दी जाएगी। तथापि, इन नए उद्योगों द्वारा कार्यबल, ग्रीन बेल्ट के उपयोग के लिए पेयजल/घरेलू उपयोग की अनुमति दी जाएगी। अतिदोहित मूल्यांकन इकाइयों में भू–जल निष्कर्षण की मात्रा में वृद्धि वाले मौजूदा उद्योगों के विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतिदोहित क्षेत्रों में नए पैकेज्ड जल उद्योगों या जल गहन उद्योगों (परिशिष्ट–नौ में वर्णित) को अनुमति नहीं दी जाएगी, भले ही वे एमएसएमई श्रेणी से संबंधित हों।

उद्योगों द्वारा भू–जल निष्कर्षण की अनुमति निम्नलिखित विशिष्ट शर्तों के अधीन दी जाएगी:

(एक) अनुमति केवल ऐसे मामलों में प्रदान की जाएगी, जहां स्थानीय सरकारी जल आपूर्ति एजेंसियां, वांछित मात्रा में जल की आपूर्ति करने में सक्षम नहीं हों।

(दो) सभी उद्योगों को नवीनतम जल कुशल प्रौद्योगिकियों को अंगीकृत करना आवश्यक होगा, ताकि भू–जल संसाधनों पर निर्भरता कम हो सके।

(तीन) प्रतिदिन 100 घन मीटर से अधिक भू–जल निकालने वाले सभी उद्योगों को सीजीजीडब्ल्यूए द्वारा अनुमोदित एजेंसियों के प्रमाणित अंकेक्षकों के माध्यम से द्विवार्षिक (दो वर्ष में एक बार) जल अंकेक्षण करने और उसके पूरा होने के तीन महीने के भीतर सीजीजीडब्ल्यूए को अंकेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। पहले दी गई रिपोर्टों के अनुपालन की जाँच एक वर्ष के बाद प्रमाणित जल अंकेक्षकों द्वारा की जा सकती है और इस संबंध में रिपोर्ट, सीजीजीडब्ल्यूए के साथ साझा की जा सकती है। ऐसे सभी उद्योगों को उचित माध्यमों से अगले तीन वर्षों में अपने भू–जल उपयोग को कम से कम 20 प्रतिशत तक कम करना होगा।

(चार) औद्योगिक क्षेत्रों में (केंद्र/राज्य सरकार द्वारा अभिहित या अधिसूचित अनुसार), केंद्रीय भू–जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी), स्थानीय जल–भूवैज्ञानिक स्थितियों के अनुसार आवश्यकता–आधारित पीजोमीटर का निर्माण करेगा और जल स्तर की अग्रतर निगरानी करेगा।

औद्योगिक क्षेत्रों, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, के अलावा, परिसर के भीतर अवलोकन कुओं/(पीजोमीटर) का निर्माण और अनुसूची–नौ के सरल क्रमांक छः में उल्लिखित समुचित जल स्तर निगरानी तंत्र की संस्थापन करना, कठोर चट्टान जलभृत प्रकार के लिए 100 घन मीटर/दिन से अधिक भू–जल और जलोढ़ जलभृत प्रकार के लिए 500 घन मीटर/दिन से अधिक भू–जल निकालने का प्रस्ताव करने वाले उद्योगों/अधोसंरचनाओं के लिए अनिवार्य होगा। इन क्षेत्रों में जल स्तर की निगरानी, परियोजना समर्थकों द्वारा की जाएगी। यदि जलभृत कठोर चट्टान है, तो अमूर्त संरचना और पीजोमीटर के बीच न्यूनतम दूरी 15 मीटर होगी और यदि जलभृत जलोढ़ है तो 50 मीटर होगी। पीजोमीटर में टैप की गई गहराई और जलभृत क्षेत्र पंपिंग कुएं/कुओं के समान होगा। पीजोमीटर के डिजाइन और निर्माण के लिए विस्तृत दिशानिर्देश परिशिष्ट–दो में दिए गए हैं। मासिक जल स्तर डेटा, वेब पोर्टल के माध्यम से सीजीजीडब्ल्यूए को प्रस्तुत किया जाएगा।

(पांच) प्रस्तावक को परियोजना परिसर में छत पर वर्षा जल संचयन/पुनर्भरण को अपनाना आवश्यक होगा। उद्योगों, जिनसे भू–जल प्रदूषित होने की संभावना है (जैसे कि रासायनिक, फार्मास्युटिकल, डाई, पिगमेंट, पेंट, कपड़ा, टेनरी, कीटानुनाशक/कीटनाशक, उर्वरक, बूचड़खाना, विस्फोटक आदि), उद्योग में उपयोग के लिए संचयित वर्षा जल को सतही भंडारण टैंकों में संग्रहित करेंगे और तदनुसार भू–जल अपेक्षा संबंधी उनकी निष्कर्षण को कम करेंगे।

(छः) उपचारित/अनुपचारित अपशिष्ट जल को, जलभृत प्रणाली में डालना सख्त वर्जित है।

(सात) उद्योगों, जिनसे भू–जल प्रदूषण होने की संभावना है, जैसे कि टैनिंग, बूचड़खाने, डाई, रसायन/पेट्रोकेमिकल, कोयला वॉशरी, अन्य खतरनाक ईकाइयां आदि (सीपीसीबी सूची के अनुसार) को, भू–जल प्रदूषण की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अच्छी तरह से सुरक्षा उपाय करना आवश्यक है (परिशिष्ट–तीन)।

(आठ) सुरक्षित, अर्ध संकटग्रस्त और संकटग्रस्त आंकलित इकाइयों में भू–जल निष्कर्षण वाले सभी उद्योगों को, अनुसूची–आठ के तालिका 8.2क और 8.3क के अनुसार यथा लागू भू–जल निष्कर्षण शुल्क का भुगतान करना होगा।

(नौ) अतिदोहित आंकलित इकाइयों में भू–जल निष्कर्षण वाले सभी मौजूदा उद्योग, अनुसूची–आठ के तालिका 8.2ख और 8.3ख के अनुसार यथा लागू भू–जल पुनर्स्थापन शुल्क का भुगतान करने हेतु उत्तरदायी होंगे।

(दस) प्रत्येक औद्योगिक भू–जल उपयोगकर्ता के लिए अनिवार्य होगा कि अपनी भू–जल निष्कर्षण संरचना को डिजिटल फ्लो मीटर से सुसज्जित करें ।

आवेदन के साथ जमा किये जाने वाले दस्तावेज

(क) ऐसे मामलों में, जहां भू–जल की आवश्यकता 10 घन मीटर/दिन तक है, स्थानीय सरकारी एजेंसियों से जल आपूर्ति की अनुपलब्धता के संबंध में, रुपये 100.00 (केवल एक सौ रुपये) के गैर–न्यायिक स्टाम्प पेपर पर एक हलफनामा।

(ख) ऐसे मामलों में, जहां भू–जल की आवश्यकता 10 घन मीटर/दिन से अधिक है, स्थानीय सरकारी जल आपूर्ति एजेंसी से स्वच्छ जल/उपचारित अपशिष्ट जल आपूर्ति की गैर/आंशिक उपलब्धता के संबंध में प्रमाण पत्र, जहां ऐसी एजेंसी औद्योगिक उद्देश्य के लिए जल की आपूर्ति करने के लिए जिम्मेदार है।

(ग) खारे भू–जल के निष्कर्षण के मामले में, किसी भी एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला या सरकार द्वारा अनुमोदित प्रयोगशाला से मौजूदा बोरवेल/ट्यूबवेल/खोदे गए कुएं का भू–जल गुणवत्ता डेटा।

टीपः नई परियोजनाओं के मामले में, खारे भू–जल के निष्कर्षण के लिए उपर्युक्त प्रयोगशालाओं से जल गुणवत्ता डेटा/आस–पास के मौजूदा कुओं की रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सकती है।

(घ) सभी नई परियोजनाओं के लिए, नई परियोजना के प्रारंभ/संचालन के सबूत के रूप में दस्तावेज, अर्थात् स्थापना की सहमति/पर्यावरण समाशोधन/किसी वैधानिक एजेंसी से कोई अन्य दस्तावेज।

(ड.) आवेदक द्वारा सरकारी एजेंसी को प्रस्तुत वर्षा जल संचयन योजना की प्रति या आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी प्रचलित मॉडल बिल्डिंग उप–विधियों के अनुसार परियोजना परिसर में वर्षा जल संचयन/पुनर्भरण के लिए प्रस्ताव।

(च) प्रभाव आकलन रिपोर्ट : सुरक्षित मूल्यांकन इकाइयों में अत्यधिक दोहन, गंभीर और अर्ध–गंभीर क्षेत्रों में दिन 100 घन मीटर/दिन से अधिक और गैर–जलोढ़ से घिरे क्षेत्रों में 500 घन मीटर/दिन से अधिक तथा जलोढ़ से घिरे क्षेत्रों में 2000 घन मीटर/दिन से अधिक भू–जल निकालने/निकालने का प्रस्ताव करने वाली सभी परियोजनाओं द्वारा, मान्यता प्राप्त सलाहकारों द्वारा तैयार परियोजना स्थल के आसपास 5 किलोमीटर के दायरे क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भू–जल व्यवस्था पर, मौजूदा/प्रस्तावित भू–जल निष्कर्षण के प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट और भू–जल मॉडलिंग अध्ययन, अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जायेगा। रिपोर्ट के लिये प्रपत्र, परिशिष्ट–चार में दिया गया है।

अनुसूची–दो

खनन परियोजनाएँः–

सभी मौजूदा और साथ ही नई खनन परियोजनाओं को, भू–जल निष्कर्षण के लिए अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा। चूंकि खनन परियोजनाएं, स्थान–विशिष्ट हैं, इसलिए अतिदोहित मूल्यांकन इकाइयों में ऐसी परियोजनाओं के लिए भू–जल के निष्कर्षण की अनुमति देने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा।

खनन परियोजनाओं के लिए निम्नलिखित विशिष्ट शर्तों के अध्यधीन अनुमति प्रदान की जाएगीः

(एक) सभी खनन उद्योगों के लिए यह सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा कि डी–वाटरिंग परिचालन से उपलब्ध जल का, उचित उपचार किया जाए और इसका उपयोग सिंचाई, धूल दमन, खनन प्रक्रिया, डाउनस्ट्रीम में पुनर्भरण और नदी प्रणाली में ई–प्रवाह बनाए रखने के लिए लाभकारी रूप से किया जाना चाहिए।

(दो) मासिक भू–जल स्तर की निगरानी के लिए, परिसर में परिधि के साथ अवलोकन कुओं (पीजोमीटर) का निर्माण, 100 घन मीटर/दिन से अधिक भू–जल निष्कर्षण का प्रस्ताव करने वाली खदानों के लिए अनिवार्य होगा। पीजोमीटर में टैप की गई गहराई और जलभृत क्षेत्र, बफर क्षेत्र में सिंचाई/पेयजल के लिए उपयोग किए जाने वाले जलभृत के अनुरूप होना चाहिए। पीजोमीटर के डिजाइन और निर्माण के लिए विस्तृत दिशानिर्देश परिशिष्ट–दो में दिए गए हैं।

(तीन) इसके अलावा, प्रस्तावक, अनुमति में विनिर्दिष्ट अनुसार कोर और बफर जोन में अवलोकन कुएं (पीजोमीटर) स्थापित करके, भू–जल स्तर की निगरानी करेगा।

(चार) कोयला और अन्य आधार धातु खनन के मामले में, परियोजना प्रस्तावक, सतही जल के प्रदूषण से बचने के लिए उन्नत डी–वाटरिंग तकनीक (डीवाटरिंग निष्कर्षण संरचनाओं की श्रृंखला के निर्माण द्वारा) का उपयोग करेगा।

(पांच) इसके अलावा, सभी खनन ईकाइयां, एनएबीएल मान्यता प्राप्त/शासन द्वारा अनुमोदित प्रयोगशाला के माध्यम से खदान से रिसाव और खदान से निकलने वाले जल की गुणवत्ता की भी निगरानी करेंगी और उसे स्व–अनुपालन के समय प्रस्तुत किया जाएगा।

(छः) सुरक्षित, अर्ध–संकटग्रस्त और संकटग्रस्त आंकलित इकाइयों में भू–जल निष्कर्षण वाली सभी खनन परियोजनाओं को, अनुसूची–आठ के तालिका 8.4क के अनुसार यथा लागू भू–जल निष्कर्षण शुल्क का भुगतान करना आवश्यक होगा।

(सात) अतिदोहित आंकलित इकाइयों में भू–जल खींचने वाली सभी खनन परियोजनाएं, अनुसूची–आठ के तालिका 8.4ख के अनुसार भू–जल पुनर्स्थापन शुल्क का भुगतान करने हेतु उत्तरदायी होंगी।

(आठ) टैंकरों के माध्यम से सिंचाई ट्यूबवेलों से भू–जल खरीदने वाली सभी खनन परियोजनाएं, अनुसूची–आठ के तालिका 8.4क और 8.4ख के अनुसार भू–जल पुनर्स्थापन शुल्क का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगी।

आवेदन के साथ जमा किये जाने वाले दस्तावेज

(क) संबंधित सरकारी एजेंसी/विभाग द्वारा अनुमत खनन योजना।

(ख) आवेदक द्वारा सरकारी एजेंसी को प्रस्तुत वर्षा जल संचयन योजना की प्रतिलिपि या आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी प्रचलित मॉडल बिल्डिंग उप–विधियों के अनुसार या खदान परिसर में संभव अनुसार और सीजीजीडब्ल्यूए /राज्य एजेंसियों द्वारा अनुमोदित अनुसार परियोजना परिसर में वर्षा जल संचयन/पुनर्भरण के लिए प्रस्ताव।

(ग) खदान के कोर और बफर जोन दोनों में भू–जल स्थितियों पर मान्यता प्राप्त सलाहकार द्वारा तैयार की गई व्यापक रिपोर्ट, गहराई के अनुसार और वर्ष के अनुसार खदान रिसाव की गणना, खदान के प्रभाव का आकलन और भू–जल व्यवस्था पर डी–वाटरिंग और इसका सामाजिक–आर्थिक प्रभाव, पुनर्चक्रण का विवरण, पुनः उपयोग और पुनर्भरण, खनन और स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर, भू–जल पर प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिये जल प्रबंधन हेतु प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ पंपिंग में कमी। रिपोर्ट के लिए प्रारूप, परिशिष्ट–पांच में दिया गया है।

(घ) सभी नई परियोजनाओं के लिए, नई परियोजना के प्रारंभ/संचालन के सबूत के रूप में दस्तावेज, अर्थात् स्थापना की सहमति/पर्यावरण समाशोधन/किसी वैधानिक एजेंसी से कोई अन्य दस्तावेज।

अनुसूची–तीन

आधारभूत संरचना परियोजनाएं :

चूंकि आधारभूत संरचना परियोजनाएं स्थान विशिष्ट होती हैं, इसलिए अतिदोहित मूल्यांकन इकाइयों में स्थित ऐसी परियोजनाओं को अनुमति देने पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। नई अधोसंरचना परियोजनाओं/आवासीय भवनों में, निर्माण गतिविधि के दौरान जल डि–वाटरिंग और/या निर्माण के लिए भू–जल का उपयोग करने की आवश्यकता हो सकती है। दोनों ही मामलों में, आवेदकों को कार्य प्रारंभ करने से पहले सीजीजीडब्ल्यूए से अनुमति लेनी होगी। तथापि, अतिदोहन वाली मूल्यांकन इकाइयों में, निर्माण गतिविधि के लिए भू–जल के उपयोग की अनुमति केवल तभी दी जाएगी, जब स्थल परिधि 10 किमी के भीतर कोई उपचारित सीवेज जल या सतही जल उपलब्ध न हो। नई और मौजूदा अधोसंरचना परियोजनाओं को भी भू–जल के निष्कर्षण के लिए अनुमति लेनी होगी।

अतिदोहन वाली मूल्यांकन इकाइयों में वाटर पार्क, थीम पार्क और मनोरंजन पार्क के लिए भू–जल निष्कर्षण की कोई अनुमति नहीं दी जाएगी।

पेय/घरेलू उपयोग के लिए भू–जल की आवश्यकता वाली वाणिज्यिक अधोसंरचना परियोजनाएं भी इस श्रेणी में शामिल की जाएंगी। इसके अलावा, स्थान–विशिष्ट अधोसंरचना परियोजनाओं की सांकेतिक सूची, परिशिष्ट–छः में दी गई है।

भू–जल निष्कर्षण की अनुमति निम्नलिखित विशिष्ट शर्तों के अध्यधीन दी जाएगीः

(एक) उन अधोसंरचना परियोजनाओं के मामले में, जिनमें डी–वाटरिंग की आवश्यकता होती है, प्रस्तावक को डी–वाटरिंग डिस्चार्ज दर (डिजिटल जल प्रवाह मीटर का उपयोग करके) की नियमित निगरानी करने और लागू अनुसार वेब पोर्टल के माध्यम से सीजीजीडब्ल्यूए को डेटा जमा करना आवश्यक होगा। सीजीजीडब्ल्यूए द्वारा अपेक्षित निरीक्षण या रिपोर्टिंग के लिए, निगरानी रिकॉर्ड और परिणाम, प्रस्तावक द्वारा दो वर्ष तक बनाए रखा जाना चाहिए।

(दो) नई परियोजनाओं के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की स्थापना अनिवार्य होगी, जहां भू–जल की आवश्यकता 50 घन मीटर/दिन से अधिक है। एसटीपी से जल का उपयोग टॉयलेट फ्लशिंग, कार धोने, बागवानी आदि के लिए किया जाएगा।

(तीन) अधोसंरचना की डि–वाटरिंग/निर्माण गतिविधि के लिए, अनुमति, परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत विस्तृत प्रस्ताव के अनुसार विशिष्ट अवधि के लिए वैध होगी।

(चार) सुरक्षित, अर्ध–संकटग्रस्त और संकटग्रस्त आंकलित इकाइयों में भू–जल खींचने वाली सभी अधोसंरचना परियोजनाओं को अनुसूची–आठ के तालिका 8.3क के अनुसार लागू भू–जल निष्कर्षण शुल्क का भुगतान करना आवश्यक होगा।

(पांच) अतिदोहित आंकलित इकाइयों में भू–जल खींचने वाली सभी अधोसंरचना परियोजनाएं (नई/मौजूदा) अनुसूची–आठ के तालिका 8.3ख के अनुसार भू–जल पुनर्स्थापन शुल्क का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगी।

(छः) सभी स्टेडियम, क्रिकेट मैदान और अन्य खेल मैदान/कोर्ट, गोल्फ कोर्स आदि भू–जल के कृत्रिम पुनर्भरण/वर्षा जल संचयन के लिए समुचित तंत्र का निर्माण/स्थापना करेंगे।

(सात) प्रत्येक अधोसंरचना के भू–जल उपयोगकर्ता के लिए यह अनिवार्य होगा कि वह अपनी भू–जल निष्कर्षण संरचना को डिजिटल फ्लो मीटर से सुसज्जित करें।

आवेदन के साथ जमा किये जाने वाले दस्तावेज–

(क) ऐसे मामलों में, जहां डी–वाटरिंग शामिल है, क्षेत्र में भू–जल की स्थिति पर एक मान्यता प्राप्त सलाहकार द्वारा 5 किमी की परिधि में भू–जल मॉडलिंग के साथ प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट प्रस्तुत करना, जिसमें पंपिंग की विस्तृत योजना, पंप किए गए जल का प्रस्तावित उपयोग शामिल होगा तथा भू–जल व्यवस्था पर इसका व्यापक प्रभाव मूल्यांकन अनिवार्य होगा। रिपोर्ट में भू–जल स्तर में गिरावट, भूमि धंसाव आदि जैसे किसी भी महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दे को समाधान करने के लिए पर्यावरणीय जोखिमों और प्रस्तावित प्रबंधन रणनीतियों पर प्रकाश डाला जाना चाहिए।

(ख) सुरक्षित और अर्ध संकटग्रस्त आंकलित ईकाई/क्षेत्रों में निर्माण के लिए जल की आवश्यकता होने पर किसी अन्य स्रोत से जल की अनुपलब्धता के संबंध में रुपये 100.00 (एक सौ रुपये मात्र) के गैर–न्यायिक स्टाम्प पेपर पर एक शपथ पत्र।

(ग) संकटग्रस्त आंकलित और अतिदोहन वाले क्षेत्रों में स्थल के 10 किमी की परिधि के भीतर निर्माण के लिए उपचारित सीवेज जल या सतही जल की अनुपलब्धता के संबंध में सरकारी एजेंसी से प्रमाण पत्र।

(घ) व्यावसायिक उपयोग के लिए आंकलित इकाइयों की सभी श्रेणियों के संबंध में स्थानीय सरकारी जल आपूर्ति एजेंसी से जल की अनुपलब्धता का प्रमाण पत्र।

(ड.) आवेदक द्वारा सरकारी एजेंसी को प्रस्तुत वर्षा जल संचयन योजना की प्रति या आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी प्रचलित मॉडल बिल्डिंग उपनियमों के अनुसार परियोजना परिसर में वर्षा जल संचयन/पुनर्भरण के लिए प्रस्ताव।

(च) फ्लशिंग, हरित क्षेत्रों की सिंचाई आदि के लिए उपचारित जल के पुनर्चक्रण/पुनःउपयोग को ध्यान में रखते हुए (वाणिज्यिक उपयोग के लिए पूर्ण अधोसंरचना परियोजनाओं के मामले में) राष्ट्रीय भवन संहिता, 2016 (परिशिष्ट–I) के अनुसार गणना की गई जल की आवश्यकता का विवरण।

(छ) वाणिज्यिक उपयोग के लिए जल की आवश्यकता वाली अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए संबंधित एजेंसी से पूर्णता प्रमाण पत्र।

(ज) सभी नई परियोजनाओं के लिए, वैधानिक एजेंसी से नई परियोजना के प्रमाण के रूप में भवन योजना अनुमोदन या कोई अन्य सुसंगत दस्तावेज।

अनुसूची–चार

आवेदन शुल्क –

क. भू–जल निष्कर्षण अनुमति प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन के साथ आवेदन शुल्क (रुपये में) जमा करना होगा।

1. औद्योगिक उपयोग के लिए : क. 10–100 घन मीटर/दिन : – 5000/–

ख. >100–500 घन मीटर/दिन : – 10,000/–

ग. >500–1000 घन मीटर/दिन : – 20,000/–

घ. >1000 घन मीटर/दिन : – 25,000/–

नवीनीकरण के मामले में, आवेदन शुल्क, उपरोक्त दरों की आधी दर पर जमा किया जाएगा।

2. आधारभूत संरचना उपयोग के लिए :

क. सरकारी/पीएसयू/अर्ध–सरकारी: 10,000/–

ख. उपरोक्त से भिन्न अन्य : 15,000/–

नवीनीकरण के मामले में, आवेदन शुल्क, उपरोक्त दरों की आधी दर पर जमा किया जाएगा।

3. खनन उपयोग के लिए : क. प्रत्यक्ष उपयोगकर्ता : 25,000/–

ख अप्रत्यक्ष उपयोगकर्ता : 10,000/–

नवीकरण के मामले में, आवेदन शुल्क, उपरोक्त दरों की आधी दर पर जमा किया जाएगा।

ख. भू–जल के वाणिज्यिक या औद्योगिक या अधोसंरचना या थोक उपयोगकर्ता के पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन के साथ आवेदन शुल्क (रुपये में) जमा करना होगा।

1. औद्योगिक उपयोग के लिए : क. 10–100 घन मीटर/दिन : –1000/–

ख. >100–500 घन मीटर/दिन : –2500/–

ग. >500–1000 घन मीटर/दिन : – 4000/–

घ. >1000 घन मीटर/दिन : – 5000/–

2. आधारभूत संरचना उपयोग के लिए :

क. सरकारी / पीएसयू / अर्ध–सरकारी: 1000 / –

ख. उपरोक्त से भिन्न अन्य : 5000 / –

3. वाणिज्यिक (व्यावसायिक) उपयोग के लिये :

सभी वाणिज्यिक उपयोगकर्ता : 5000 / –

4. थोक उपयोगकर्ता के लिये

सभी थोक उपयोगकर्ता : 5000 / –

5. खनन उपयोग के लिए : क. प्रत्यक्ष उपयोगकर्ता : 5000 / –

ख अप्रत्यक्ष उपयोगकर्ता : 2500 / –

आवेदन शुल्क, प्राधिकरण के वेब पोर्टल में दिये गये ऑनलाइन लिंक के माध्यम से आवेदक द्वारा जमा किया जायेगा।

चार.क. – भू–जल अमुर्तन की अनुमति की वैधता / नवीनीकरण :

भू–जल निष्कर्षण की अनुमति को उसमें उल्लिखित शर्तों के अनुपालन के अधीन समय–समय पर नवीनीकृत किया जाएगाः

(एक) आवेदक को, इसकी वैधता समाप्त होने से कम से कम नब्बे दिन पहले भू–जल निष्कर्षण की अनुमति के नवीनीकरण के लिए आवेदन करना होगा।

(दो) भू–जल निष्कर्षण की अनुमति के नवीनीकरण के लिए आवेदन, अनुपालन रिपोर्ट के साथ संलग्न किया जाएगा।

(तीन) नवीनीकरण की अनुमति देने से पहले, छत्तीसगढ़ भू–जल प्राधिकरण स्वयं का समाधान कर लेगा कि भू–जल निष्कर्षण की अनुमति की शर्तों का पालन किया गया है।

(चार) मूल्यांकन इकाई की श्रेणी में परिवर्तन के मामले में, नई श्रेणी के लिए निर्धारित शर्तों के साथ नवीनीकरण प्रदान किया जाएगा।

(पांच) भू–जल निष्कर्षण की अनुमति को, विभिन्न उपयोगों के लिए निर्दिष्ट शर्तों हेतु निम्नानुसार नवीनीकृत किया जाएगाः

श्रेणी	उपयोग	अनुमति की वैधता	नवीनीकरण अवधि
संकटग्रस्त, अर्ध–संकटग्रस्त और सुरक्षित	पेय और घरेलू उपयोग और नगरीय जल आपूर्ति एजेंसियों के लिए अधोसंरचना परियोजनाएं	3 वर्ष	3 वर्ष
	उद्योग	3 वर्ष	3 वर्ष
	खान	2 वर्ष	2 वर्ष
अतिदोहित	'अतिदोहित क्षेत्रों' में सभी उपयोगकर्ता	2 वर्ष	2 वर्ष

(छः) यदि नवीनीकरण के लिए आवेदन समय पर जमा किया जाता है और सीजीजीडब्ल्यूए, समय पर आवेदन पर कार्रवाई करने में असमर्थ है, तो भू–जल निष्कर्षण की अनुमति को, भू–जल निष्कर्षण की अनुमति के नवीनीकरण की तारीख तक बढ़ाया हुआ माना जाएगा।

(सात) यदि प्रस्तावक, भू–जल निष्कर्षण की अनुमति की समाप्ति की तारीख से 3 महीने के भीतर, नवीनीकरण के लिए आवेदन करने में विफल रहता है, तो प्रस्तावक, भू–जल निष्कर्षण की अनुमति की समाप्ति की तारीख से शुरू होने वाली अवधि के लिए, सक्षम प्राधिकारी द्वारा भू–जल निष्कर्षण की अनुमति के नवीनीकृत किये जाने तक, अनुसूची–नौ के तहत सरल कमांक–चार में उल्लिखित पर्यावरणीय मुआवजे का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

चार.ख. – भू–जल निष्कर्षण की अनुमति का विस्तार

यदि प्रस्तावक, भू–जल निष्कर्षण की अनुमति की वैधता अवधि के दौरान वास्तविक कारणों से कुओं का निर्माण करने में असमर्थ है, तो प्रस्तावक, भू–जल निष्कर्षण की अनुमति के विस्तार के लिए आवेदन के साथ न्यायसंगत ठहराये जाने वाले विलंब के कारणों को, दस्तावेज के माध्यम से समर्थित बनाना चाहिए। भू–जल निष्कर्षण की अनुमति को विस्तार प्रदान करने हेतु अन्य शर्तें का वही होंगी, जैसा कि भू–जल निष्कर्षण की नई अनुमति के लिए है।

भू–जल निष्कर्षण की अनुमति का विस्तार, अधिकतम दो वर्ष की अवधि के लिए प्रदान किया जाएगा। दो वर्ष से अधिक के लिये, भू–जल निष्कर्षण की अनुमति प्रदान करने के लिये आवेदक को नया आवेदन देना है।

अनुसूची–पांच

ड्रिलिंग रिग्स का पंजीकरण :

जिला भू–जल प्रबंधन परिषद, उसके जिले के भीतर संचालित ड्रिलिंग रिगों के पंजीकरण के लिए और उनके द्वारा ड्रिलिंग किये गए कुओं का डेटाबेस बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होगी। सीजीजीडब्ल्यूए को उपलब्ध डेटा के लिये सीजीजीडब्ल्यूए पोर्टल में समुचित लिंक उपलब्ध कराया जाएगा।

फर्म, एजेंसी या कंपनी सहित कोई भी व्यक्ति, संबंधित जिला भू–जल प्रबंधन परिषद से पंजीकरण बिना, भू–जल के निष्कर्षण के लिये भूमि में ड्रिलिंग नहीं करेगा या उसमें शामिल नहीं होगा।

संभी पंजीकृत ड्रिलिंग एजेंसी के लिये यह आवश्यक होगा कि जीपीएस प्रणाली के साथ अपने ड्रिलिंग रिग मशीन को सुसज्जित रखे।

पंजीकृत ड्रिलिंग एजेंसियां, समुचित लिंक/वेब पोर्टल में प्रत्येक तीन माह में निष्पादित ड्रिलिंग कार्य का विवरण ऑनलाइन उपलब्ध करवायेगा।

ड्रिलिंग रिग के पंजीकरण के लिए शुल्क :

रु. 5000 प्रति रिग प्रति जिला एक वर्ष के लिए

पंजीकरण का अनुपालन नहीं किये जाने पर, अनुसूची–नौ के तहत सरल क्रमांक तीन के अनुसार शास्ति के लिए उत्तरदायी होंगे।

अनुसूची–छः

आवासीय अपार्टमेंट/ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी/नगरीय क्षेत्र में सरकारी जल आपूर्ति एजेंसियों के लिए पेय और घरेलू उपयोग

भू–जल निष्कर्षण की अनुमति प्रदान करने के लिए, परियोजना प्रस्तावक को, सीजीजीडब्ल्यूए द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार विवरण, परिशिष्ट–आठ के अनुसार सीजीजीडब्ल्यूए वेबसाइट पर उपलब्ध समुचित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा। नए/मौजूदा कुओं की अनुमति, केवल ऐसे मामलों में दी जाएगी, जहां स्थानीय सरकारी जल आपूर्ति एजेंसी, क्षेत्र में अपेक्षित मात्रा में जल की आपूर्ति करने में असमर्थ है।

सभी आवासीय अपार्टमेंट और ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों के लिए सभी अमूर्त संरचनाओं में डिजिटल जल प्रवाह मीटर (बीआईएस/आईएस मानकों के अनुरूप) की संस्थापना करना अनिवार्य होगा। सभी आवासीय अपार्टमेंट और ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों, जिनके पास भू–जल निष्कर्षण वाले स्विमिंग पूल हैं, को अनिवार्य रूप से अनुमति लेनी होगी।

अनुमति निम्नलिखित विशिष्ट शर्तों के अध्यधीन दी जाएगी:

(एक) उन सभी आवासीय अपार्टमेंटों/ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों, जहां भू–जल की आवश्यकता 20 घन मीटर/दिन से अधिक है, के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की संस्थापना करना अनिवार्य होगा। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के जल का उपयोग टॉयलेट फ्लशिंग, कार धोने, बागवानी आदि के लिए किया जाएगा।

(दो) अनुमति, जारी होने की तारीख से पांच साल की अवधि के लिए या परियोजना क्षेत्र में स्थानीय सरकारी जल आपूर्ति प्रदान किए जाने तक, जो भी पहले हो, वैध होगी। यदि अनुमति की वैधता के दौरान परियोजना प्रस्तावक को संबंधित स्थानीय सरकारी जल आपूर्ति एजेंसी से जल आपूर्ति प्राप्त होती है, तो सार्वजनिक जल आपूर्ति की उपलब्धता के बारे में परियोजना प्रस्तावक द्वारा सीजीजीडब्ल्यूए को सूचना भेजी जाएगी और प्राधिकरण द्वारा अनुमति रद्द कर दी जाएगी। अन्य मामलों में, परियोजना प्रस्तावक, अनुमति की समाप्ति से नब्बे दिन पहले, अनुमति के नवीनीकरण के लिए आवेदन करेगा।

(तीन) तालिका 8.1 में उल्लिखित दरों के अनुसार, निष्कर्षण किये जाने वाले प्रस्तावित भू–जल की मात्रा के लिए प्रस्तावक, भू–जल निष्कर्षण शुल्क का भुगतान करने हेतु उत्तरदायी होंगे।

(चार) प्रत्येक भू–जल उपयोगकर्ता के लिए अनिवार्य होगा कि अपनी भू–जल निष्कर्षण संरचना को डिजिटल फ्लो मीटर से सुसज्जित करे ।

(पांच) उपरोक्त शर्त–चार का अनुपालन न करने पर, अनुसूची–नौ के अंतर्गत सरल क्रमांक तीन के अनुसार शास्ति के लिये उत्तरदायी होंगे।

आवेदन के साथ जमा किये जाने वाले दस्तावेज

(क) फ्लशिंग आदि के लिए उपचारित पानी के पुनर्चक्रण/पुनःउपयोग को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय भवन संहिता, 2016 (परिशिष्ट–एक) के अनुसार गणना की गई जल की आवश्यकता का विवरण।

(ख) पेय/घरेलू उपयोग के लिए प्रति दिन 10 घन मीटर/दिन तक के भू–जल की आवश्यकता वाले उपयोगकर्ताओं के मामले में सार्वजनिक जल आपूर्ति की गैर/अपर्याप्त उपलब्धता की पुष्टि करते हुए, आवेदक द्वारा, रुपये 100.00 (एक सौ रुपये मात्र) के गैर–न्यायिक स्टांप पेपर पर शपथ पत्र।

(ग) पेय/घरेलू उपयोग के लिए प्रतिदिन 10 घन मीटर/दिन से अधिक भू–जल की आवश्यकता वाले मामलों में, स्थानीय सरकारी जल आपूर्ति एजेंसी से जल की अनुपलब्धता का प्रमाण पत्र। अनुमति के लिये आवेदन करने वाली सरकारी जल आपूर्ति एजेंसियां, क्रियान्वित किये जाने हेतु प्रस्तावित योजना/परियोजना की सरकारी स्वीकृति की प्रति प्रस्तुत करेगा।

(घ) खारे भू–जल निष्कर्षण के मामले में, किसी भी राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला या सरकारी अनुमोदित प्रयोगशाला से मौजूदा बोरवेल/ट्यूबवेल/खुदे हुए कुएं का भू–जल गुणवत्ता डेटा। .

टीपः नई परियोजनाओं के मामले में, खारा भू–जल निष्कर्षण के लिए उपर्युक्त प्रयोगशालाओं से आस–पास के मौजूदा कुओं के जल गुणवत्ता डेटा/रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सकती है।

(ड.) आवेदक द्वारा सरकारी एजेंसी को प्रस्तुत वर्षा जल संचयन योजना की प्रति या आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी प्रचलित मॉडल बिल्डिंग उप–विधियों के अनुसार परियोजना परिसर में वर्षा जल संचयन/पुनर्भरण के लिए प्रस्ताव।

(च) सभी नई परियोजनाओं के लिए, परियोजना के पूरा होने की तारीख दर्शाने वाला एक स्व–घोषणा/शपथ पत्र (विधिवत नोटरीकृत) आवश्यक होगा।

अनुसूची–सात

व्यावसायिक उपयोगः

किसी भी नए प्रमुख उद्योग (एमएसएमई के अलावा सभी उद्योगों) को, नीति दिशानिर्देशों के अनुसरण के अलावा, अतिदोहित मूल्यांकन क्षेत्रों में अनुमति नहीं दी जाएगी।

व्यावसायिक उपयोग की अनुमति देते समय भू–जल की उपलब्धता पर सम्यक विचार किया जाएगा।

भू–जल निष्कर्षण वाली वाणिज्यिक संस्थाओं को, संबंधित खण्डों में उल्लिखित जल उपयोग के अंकेक्षण सहित जल अंकेक्षण रिपोर्ट ऑनलाइन जमा करना आवश्यक होगा। राज्य भू–जल प्राधिकरण (सीजीजीडब्ल्यूए), ऐसी सभी अंकेक्षण रिपोर्ट ऑनलाइन प्रकाशित करेगा।

सीजीजीडब्ल्यूए, अनुमति शर्तों के अनुपालन को समय–समय पर सत्यापित करने के लिए स्वतंत्र एजेंसियों को नियुक्त करेगा।

प्रत्येक व्यावसायिक भू–जल उपयोगकर्ता के लिए अनिवार्य होगा कि अपने भू–जल निष्कर्षण संरचना को डिजिटल फ्लो मीटर से सुसज्जित करे ।

अनुसूची–आठ

भू–जल निष्कर्षण/पुनर्स्थापना शुल्क

नगरीय क्षेत्रों में सभी आवासीय अपार्टमेंट/ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी/सरकारी जल आपूर्ति एजेंसियों को, भू–जल निष्कर्षण शुल्क का भुगतान करना होगा।

सुरक्षित, अर्ध– संकटग्रस्त और संकटग्रस्त आंकलित इकाइयों में भू–जल निष्कर्षण वाले सभी उद्योगों/खनन/अधोसंरचना परियोजनाओं को, इस दिशानिर्देश में दिए गए विवरण के अनुसार भू–जल निष्कर्षण की मात्रा और मूल्यांकन इकाई की श्रेणी के आधार पर भू–जल निष्कर्षण शुल्क का भुगतान करना होगा।

सभी मौजूदा खनन/अधोसंरचना परियोजनाओं और अतिदोहित मूल्यांकन इकाइयों में भू–जल निष्कर्षण वाले एमएसएमई सहित मौजूदा उद्योगों को, भू–जल निष्कर्षण की मात्रा के आधार पर भू–जल पुनर्स्थापन शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके अलावा, नए एमएसएमई, नए अधोसंरचना और अतिदोहन वाले क्षेत्रों में नई खनन परियोजनाओं को भी, भू–जल पुनर्स्थापन शुल्क का भुगतान करना होगा।

मौजूदा उद्योग, अधोसंरचना ईकाइयां और खनन परियोजनाएं, जिन्होंने अनुमति प्रदान करने या इसके नवीनीकरण के समय प्रचलित भू–जल दिशानिर्देशों में निर्धारित शर्तों के अनुपालन में कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाएं संस्थापित/निर्मित की हैं, वे भू–जल निष्कर्षण शुल्क/भू–जल पुनर्स्थापन शुल्क में, उनके संतोषजनक प्रदर्शन और सत्यापन के अध्यधीन रहते हुए, 50% (पचास प्रतिशत) की छूट के लिए पात्र होंगे। ।

प्रस्तावित जल निष्कर्षण/पुनर्स्थापन शुल्क से उदभूत राजस्व को, स्थल–विशिष्ट उपयुक्त माँग/आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेप के कार्यान्वयन के लिये पृथक निधि में रखा जायेगा

8.1 भू–जल निष्कर्षण/पुनर्स्थापन शुल्क की दरें :

एक. नगरीय क्षेत्रों में आवासीय अपार्टमेंट/ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी/सरकारी जल आपूर्ति एजेंसियों के लिए पेय और घरेलू उपयोग

सभी आवासीय अपार्टमेंट/ग्रुप हाउसिंग सोसायटी, जिन्हें केवल पेय/घरेलू उपयोग के लिए जल की आवश्यकता है, उन्हें अनुमति अपेक्षित है, उन्हें तालिका 8.1 में नीचे दी गई दरों के अनुसार भू–जल निष्कर्षण शुल्क का भुगतान करना होगा।

तालिका 8.1– पेय और घरेलू उपयोग के लिए भू–जल निष्कर्षण शुल्क।

भू–जल निष्कर्षण की मात्रा (घन मी./दिन)	भू–जल निष्कर्षण शुल्क की दर (रु. प्रति घन मीटर)
0–25	कोई शुल्क नहीं
> 25– <200	1.00
200 और उससे अधिक	2.00

पेय/घरेलू उपयोग और सरकारी अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए जल की आपूर्ति करने वाली सरकारी/सरकार द्वारा अधिकृत एजेंसियों को, भू–जल निष्कर्षण की मात्रा पर ध्यान दिए बिना, रुपये 0.50 प्रति घन मीटर की दर से भू–जल निष्कर्षण शुल्क भुगतान करना होगा। ।

दो. पैकेज्ड पेयजल ईकाइयाँ

सुरक्षित, अर्ध– संकटग्रस्त और संकटग्रस्त आंकलित ईकाइयों में, पैकेज्ड पेयजल ईकाइयों के लिए भू–जल निष्कर्षण शुल्क की दरें, तालिका 8.2 क में दी गई हैं और अतिदोहन वाली मूल्यांकन ईकाइयों में, भू–जल पुनर्स्थापन शुल्क की दरें, तालिका 8. 2 ख में दी गई हैं।

तालिका 8.2क: पैकेज्ड पेय जल ईकाइयों के लिए भू–जल निष्कर्षण शुल्क की दरें (रु. प्रति घन मीटर)

स.क.	वर्ग का क्षेत्र ⇩ भू–जल उपयोग	भू–जल निष्कर्षण की मात्रा				
		50 घन मीटर/दिन तक	51 से <200 घन मीटर/दिन	200 से <1000 घन मीटर/दिन	1000 से <5000 घन मीटर/दिन	5000 घन मीटर/दिन और उससे अधिक
1.	सुरक्षित	1.00	3.00	5.00	8.00	10.00
2.	अर्द्ध संकटग्रस्त	2.00	5.00	10.00	15.00	20.00
3.	संकटग्रस्त	4.00	10.00	20.00	40.00	60.00

तालिका 8.2 खः पैकेज्ड पेय जल ईकाइयों के लिए भू–जल पुनर्स्थापन शुल्क की दरें (रु. प्रति घन मीटर)

स.क.	वर्ग का क्षेत्र ⇩ भू–जल उपयोग	भू–जल निष्कर्षण की मात्रा				
		50 घन मीटर/ दिन तक	51 से <200 घन मीटर/ दिन	200 से <1000 घन मीटर/ दिन	1000 से <5000 घन मीटर/ दिन	5000 घन मीटर/ दिन और उससे अधिक
1.	अतिदोहित (मौजूदा उद्योग केवल)	8.00	20.00	40.00	80.00	120.00

तीन. अन्य उद्योग एवं अधोसंरचना परियोजनाओं

सुरक्षित, अर्ध–संकटग्रस्त और संकटग्रस्त आंकलित इकाइयों में अन्य उद्योगों और अधोंसंरचना परियोजनाओं के लिए भू–जल निष्कर्षण शुल्क की दरें, तालिका 8.3क में दी गई हैं और अतिदोहित मूल्यांकन इकाइयों में भू–जल पुनर्स्थापन शुल्क की दरें, तालिका 8.3 ख में दी गई है।

तालिका 8.3 कः अन्य उद्योगों और अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए भू–जल निष्कर्षण शुल्क की दरें (रु. प्रति घन मीटर)

स.क.	वर्ग का क्षेत्र ⇩ भू–जल उपयोग	भू–जल निष्कर्षण की मात्रा			
		<200 घन मीटर/ दिन	200 से <1000 घन मीटर/ दिन	1000 से <5000 घन मीटर/ दिन	5000 घन मीटर/ दिन और उससे अधिक
1.	सुरक्षित	1.00	2.00	3.00	5.00
2.	अर्द्ध संकटग्रस्त	2.00	3.00	5.00	8.00
3.	संकटग्रस्त	4.00	6.00	8.00	10.00

तालिका 8.3खः अन्य उद्योगों और अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए भू–जल पुनर्स्थापन शुल्क की दरें (रु. प्रति घन मीटर)

स.क.	वर्ग का क्षेत्र ⇩ भू–जल उपयोग⟹	भू–जल निष्कर्षण की मात्रा			
		<200 घन मीटर/ दिन	200 से <1000 घन मीटर/ दिन	1000 से <5000 घन मीटर/ दिन	5000 घन मीटर/ दिन और उससे अधिक
1.	अतिदोहित (वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार मौजूदा उद्योग/नवीन उद्योग)	6.00	10.00	16.00	20.00

चार. खनन परियोजनाएँ

खनन के लिए भू–जल निष्कर्षण शुल्क की दरें, जो सुरक्षित, अर्ध–गंभीर और गंभीर मूल्यांकन ईकाइयों में भू–जल निष्कर्षण से संबंधित हैं, तालिका 8.4क में दी गई हैं और अतिदोहन मूल्यांकन ईकाइयों में भू–जल निष्कर्षण वाली परियोजनाओं के मामले में, भू–जल पुनर्स्थापन शुल्क की दरें, तालिका 8.4ख में दी गई हैं। तालिका 8.4 बी में दिए गए हैं।

तालिका 8.4कः खनन के लिए भू–जल निष्कर्षण शुल्क की दरें (रुपये प्रति घन मीटर)

स.क.	वर्ग का क्षेत्र ⇩ भू–जल उपयोग	भू–जल निष्कर्षण की मात्रा			
		<200 घन मीटर/ दिन	200 से <1000 घन मीटर/ दिन	1000 से <5000 घन मीटर/ दिन	5000 घन मीटर/ दिन और उससे अधिक
1.	सुरक्षित	1.00	2.00	2.50	3.00
2.	अर्द्ध संकटग्रस्त	2.00	2.50	3.00	4.00
3.	संकटग्रस्त	3.00	4.00	5.00	6.00

तालिका 8.3खः खनन के लिए भू–जल पुनर्स्थापन शुल्क की दरें (रु. प्रति घन मीटर)

स.क.	वर्ग का क्षेत्र ⇩ भू–जल उपयोग	भू–जल निष्कर्षण की मात्रा			
		<200 घन मीटर/ दिन	200 से <1000 घन मीटर/ दिन	1000 से <5000 घन मीटर/ दिन	5000 घन मीटर/ दिन और उससे अधिक
1.	अतिदोहित	4.00	5.00	6.00	7.00

जल निष्कर्षण और पुनर्स्थापन शुल्क सेट–ऑफ योजना

भू–जल शुल्क वॉल्यूमेट्रिक होगा और वास्तविक खपत पर आधारित होगा। प्रारंभिक मात्रा (10 घन मीटर/दिन तक), उपरोक्त शुल्कों की न्यूनतम लागू दर पर ली जाएगी और यदि उपयोग अनुमत मात्रा से अधिक हो जाता है, तो बिलिंग अवधि के दौरान जल के पूरे उपयोग पर, उक्त तालिका में उल्लिखित उच्च दरों पर शुल्क लिया जाएगा।

उपभोक्ता को जल संरक्षण का उचित श्रेय मिलेगा। भू–जल में संरक्षित और/या पुनर्भरण की मात्रा, खपत किए गए जल के उपयोग के साथ निर्धारित की जाएगी। उपयोग किए गए और संरक्षित और/या पुनर्भरण किए गए जल का सेट–ऑफ, वर्ष के अंत में किया जाएगा।

पांच. थोक जल आपूर्ति

भू–जल निष्कर्षण वाले और थोक जल आपूर्तिकर्ताओं के रूप में आपूर्ति के लिए उपयोग करने वाले सभी निजी टैंकरों को, अब भू–जल निष्कर्षण के लिए अनिवार्य रूप से अनुमति लेनी होगी। टैंकरों के माध्यम से सुरक्षित, अर्ध–संकटग्रस्त और संकटग्रस्त आंकलित ईकाइयों में भू–जल निष्कर्षण वाले थोक जल आपूर्तिकर्ताओं को, तालिका 8.5क के अनुसार भू–जल निष्कर्षण शुल्क का भुगतान करना होगा। अतिदोहन मूल्यांकन ईकाइयों में भू–जल निष्कर्षण वाले थोक जल आपूर्तिकर्ताओं को, भू–जल पुनर्स्थापन शुल्क का भुगतान, तालिका–8.5 ख के अनुसार करना होगा।

वे सभी उपयोगकर्ता, जो भू–जल निष्कर्षण करते हैं और निजी टैंकरों के माध्यम से थोक जल आपूर्ति के रूप में इसका उपयोग करते हैं, उन्हें समय–समय पर सीजीजीडब्ल्यूए द्वारा जारी और अद्यतन किए गए थोक जल आपूर्तिकर्ताओं के नियमों के अनुसार अनिवार्य रूप से भू–जल निष्कर्षण की अनुमति लेनी होगी।

सभी टैंकरों को, अपनी आवाजाही/परिचालन क्षेत्र की निगरानी के लिए जीपीएस आधारित प्रणाली संस्थापित करनी होगी।

तालिका 8.5क : थोक/टैंकर जल आपूर्ति के लिए भू–जल निष्कर्षण शुल्क	
वर्ग	दर प्रति घन मी. (रु. में)
सुरक्षित	10
अर्द्ध– संकटग्रस्त	20
संकटग्रस्त	40

तालिका 8.5ख : थोक/टैंकर जल आपूर्ति के लिए भू–जल पुनर्स्थापन शुल्क	
वर्ग	दर प्रति घन मी. (रु. में)
अतिदोहित	60

छः. खारे भू–जल का निष्कर्षण

उन क्षेत्रों में, जहां या तो प्रत्येक गहराई पर खारा भू–जल है या अन्यथा ताजे जल वाले क्षेत्र में खारे भू–जल के क्षेत्रों में उद्योगों द्वारा उपयोग के लिए/अधोसंरचना /खनन परियोजनाओं द्वारा उपयोग किया जाता है, जिसमें अतिदोहन वाले क्षेत्र भी शामिल हैं, उनमें खारे भू–जल के निष्कर्षण को प्रोत्साहित किया जाएगा। ऐसे उद्योगों को, भू–जल निष्कर्षण शुल्क के भुगतान से छूट दी जाएगी।

गतिशील भू–जल संसाधनों के नवीनतम मूल्यांकन के अनुसार प्रत्येक गहराई पर खारा भू–जल वाली ऐसी मूल्यांकन इकाइयों की सूची, सीजीजीडब्ल्यूए द्वारा अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। तथापि, इकाइयों द्वारा अपशिष्टों के निपटान के संबंध में उचित सावधानी बरती जाएगी, ताकि जल निकायों और जलभृतों को प्रदूषण से बचाया जा सके।

खारे भू–जल निष्कर्षण, सीजीजीडब्ल्यूए द्वारा समय–समय पर जारी और अद्यतन किए गए खारे भू–जल निष्कर्षण के दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।

सात. आर्द्रभूमि क्षेत्रों का संरक्षण

राज्य में आर्द्र भूमि क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे ऐसे क्षेत्रों में भू–जल की उपस्थिति का प्रत्यक्ष प्रतिबिंब हैं। आर्द्रभूमि क्षेत्रों की सुरक्षा का कार्य, आर्द्रभूमि प्राधिकरणों द्वारा अलग से किया जा रहा है। चूँकि भू–जल, आर्द्रभूमि क्षेत्र के अस्तित्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, आर्द्रभूमि क्षेत्र के भीतर किसी भी अत्यधिक भू–जल विकास से, उस आर्द्रभूमि में पानी की मात्रा प्रभावित होगी।

सीमांकित आर्द्रभूमि क्षेत्रों की परिधि से 500 मीटर के भीतर आने वाली परियोजनाओं को, अनिवार्य रूप से एक विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह दर्शाया

जाएगा कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा किसी भी भू–जल निष्कर्षण से संरक्षित आर्द्रभूमि क्षेत्र प्रभावित नहीं होंगे। इसके अलावा, सीजीजीडब्ल्यूए से अनुमति लेने से पहले, परियोजनाओं को, क्षेत्र में अपनी परियोजनाएं स्थापित करने के लिए समुचित आर्द्रभूमि प्राधिकरण/राज्य प्राधिकरण या किसी अन्य समुचित स्थानीय सरकारी प्राधिकरण से सहमति/अनुमोदन लेना होगा।

आठ. स्विमिंग पूल के लिए भू–जल निष्कर्षण वाले सभी उपयोगकर्ता

(सीजीडब्ल्यूए द्वारा दिनांक 20 जुलाई, 2021 को जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार नया प्रावधान)

यद्यपि व्यक्तिगत घरेलू उपभोक्ताओं को, ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में भू–जल निष्कर्षण के लिए अनुमति लेने से छूट दी गई है, ऐसे सभी उपयोगकर्ता, चाहे मौजूदा हों या नए, जो स्विमिंग पूल के लिए भू–जल निष्कर्षण कर रहे हों, उन्हें छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और नियामक प्राधिकरण से अनुमति लेनी होगी। स्विमिंग पूल के लिए भू–जल निष्कर्षण वाले उपयोगकर्ताओं में आवासीय अपार्टमेंट, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी, टाउनशिप, बंगले/विला, फार्महाउस, क्लब, होटल, रिसॉर्ट्स, खेल/तैराकी परिसर, तैराकी अकादमियां, स्कूल और इस प्रकार के अन्य संस्थान शामिल हैं। अतिदोहन वाले क्षेत्रों में नए उपयोगकर्ताओं के लिए स्विमिंग पूल के लिए भू–जल निष्कर्षण की कोई अनुमति नहीं दी जाएगी।

अनुमति प्रदान करने की पूरी प्रक्रिया, वेब आधारित एप्लिकेशन प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन होगी और अनुमति के लिए आवेदन, सीजीजीडब्ल्यूए के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकेगा।

अनुमति निम्नलिखित विशिष्ट शर्तों के अध्यधीन दी जाएगीः

1. स्विमिंग पूल के लिए भू–जल निष्कर्षण की अनुमति केवल ऐसे मामलों में दी जाएगी, जहां स्थानीय सरकारी जल आपूर्ति एजेंसी, क्षेत्र में अपेक्षित मात्रा में पानी की आपूर्ति करने में असमर्थ है।

2. ऐसे सभी उपयोगकर्ताओं को, नियम की अनुसूची–आठ के खंड 3, तालिका 8.3क और 8.3 ख में उल्लिखित दरों के अनुसार, निष्कर्षण वाले प्रस्तावित भू–जल की मात्रा के लिए भू–जल निष्कर्षण/पुनर्स्थापन शुल्क का भुगतान करना आवश्यक होगा।

3. ऐसे सभी उपयोगकर्ताओं के लिए निष्कर्षण संरचनाओं में टेलीमेट्री प्रणाली वाले डिजिटल जल प्रवाह मीटर (बीआईएस/आईएस मानकों के अनुरूप) की स्थापना करना अनिवार्य होगा, जो स्विमिंग पूल के लिए भू–जल के निष्कर्षण की अनुमति मांग रहे हैं और उनकी संस्थापना संबंधी सूचना, वेब–पोर्टल के माध्यम से

अनुमति मिलने के 30 दिनों के भीतर सीजीजीडब्ल्यूए को दिया जाएगा। उपयोगकर्ताओं को अनिवार्य रूप से वर्ष में एक बार किसी अधिकृत एजेंसी से जल प्रवाह मीटर का अंशांकन कराना होगा।

4. भू–जल निष्कर्षण वाले ऐसे सभी उपयोगकर्ताओं को, राज्य में प्रचलित भवन उप–विधियों के अनुसार परिसर में छत पर वर्षा जल संचयन और पुनर्भरण प्रणाली स्थापित करना होगा। उपयोगकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि स्विमिंग पूल के जल का उपयोग भू–जल पुनर्भरण के लिए नहीं किया जाए।

5. समुचित प्राधिकारी से वैध अनुमति के बिना, स्विमिंग पूल के लिए भू–जल निष्कर्षण अवैध माना जाएगा और ऐसे उपयोगकर्ता, नियम की अनुसूची–नौ के खंड–चार की तालिका 9.4 के अनुसार निष्कर्षण किये गये भू–जल की मात्रा के लिए पर्यावरणीय मुआवजे का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

6. किसी भी अनुमति शर्तों के उल्लंघन के मामले में, प्रस्तावक, नियम की अनुसूची–नौ के सरल क्रमांक तीन के अनुसार शास्ति का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

7. अनुमति शर्तों के अनुपालन की निगरानी के लिए, जिला कलेक्टरों/उपायुक्तों (डीसी)/जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) को, अवैध कुओं को सील करने, बिजली काटने, अनुमति शर्तों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध अभियोजन शुरू करने पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाने की कार्रवाई करने जैसे प्रवर्तन उपाय करने के लिए अधिकृत किया गया है। सीजीजीडब्ल्यूए और राज्य जल संसाधन विभाग के तकनीकी अधिकारी, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निगरानी और आवधिक निरीक्षण के संबंध में कार्रवाई करने के लिए अधिकृत हैं।

अनुसूची–नौ

एक.क. भू–जल निष्कर्षण की अनुमति में सामान्य अनुपालन शर्तें

(एक) निष्कर्षण संरचना में टेलीमेट्री प्रणाली वाले छेड़छाड़ रोधी डिजिटल जल प्रवाह मीटर/प्री–पेड मीटर (बीआईएस/आईएस मानक अनुरूप) संस्थापित करना, अनुमति चाहने वाले सभी उपयोगकर्ताओं के लिए आवश्यक होगा और उनकी संस्थापना संबंधी सूचना, वेब–पोर्टल के माध्यम से अनुमति मिलने के 30 दिनों के भीतर सीजीजीडब्ल्यूए को दिया जाएगा।

यदि भू–जल निष्कर्षण एक ही परिसर के भीतर कई बोर/ट्यूबवेलों से होती है, तो सामान्य आउटलेट बिंदु पर, टेलीमेट्री के साथ छेड़छाड़–रोधी डिजिटल जल प्रवाह मीटर/प्री–पेड मीटर संस्थापित किए जा सकेंगे।

(दो) प्रस्तावक को, वर्ष में एक बार अधिकृत एजेंसी से जल प्रवाह मीटर का अंशांकन कराना अनिवार्य होगा ।

(तीन) प्रस्तावक, परियोजना क्षेत्र में छत के उपर वर्षा जल संचयन एवं पुनर्भरण प्रणाली संस्थापित करेगा।

(चार) प्रस्तावक, यथा लागू भू–जल निष्कर्षण की मात्रा के आधार पर, भू–जल निष्कर्षण/पुनर्स्थापन शुल्क का भुगतान, अनुसूची–आठ में दी गई दरों के अनुसार करेगा।

(पांच) भू–जल स्तर की निगरानी के लिये उद्देश्ययुक्त अवलोकन कुएँ (पीजोमीटर) अनुसूची–नौ (चार) के अनुसार संस्थापित किया जाएगा । जल स्तर का डेटा, सीजीजीडब्ल्यूए को वेब पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा । पीजोमीटर के निर्माण के लिए विस्तृत दिशानिर्देशों, परिशिष्ट–दो में दिया गया हैं ।

(छः) प्रस्तावक को, वर्ष में एक बार निष्कर्षण संरचनाओं से भू–जल की गुणवत्ता की निगरानी करनी होगी। बोरवेल/ट्यूबवेल/खोदे गये कुएँ से जल के नमूने, प्रत्येक अप्रैल/मई के दौरान एकत्रित किये जायेंगे तथा अधारभूत मापदंडों (धनायनों और आयनों), भारी धातु, कीटनाशक/कार्बनिक यौगिक आदि के लिए एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में विश्लेषण किया जायेगा। जल गुणवत्ता डेटा, सीजीजीडब्ल्यूए को वेब पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

(सात) यदि अनुमति की वैधता अवधि के भीतर यांत्रिक/अन्य विफलता के कारण मौजूदा कुआं निष्क्रिय हो जाता है, तो उपयोगकर्ता, वेब पोर्टल पर सीजीजीडब्ल्यूए को सूचित करके, एक प्रतिस्थापन कुआं निर्मित कर सकता है। निष्क्रिय कुएं को समुचित रूप से सील किया जाएगा (अनुसूची–नौ के तहत एक.ख देखें)। उपयोगकर्ता के लिये यह करना आवश्यक होगा कि इस संबंध में दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करें। तथापि, यदि मौजूदा निष्कर्षण संरचनाएँ, जल देने में विफल रहती हैं और प्रस्तावक, उसी परिसर में दूसरा ट्यूबवेल खोदने की वांछा करता है, तो प्राधिकरण की पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा। यदि प्रतिस्थापन कुआँ, किसी भिन्न स्थान पर खोदा जाना है, तो प्रस्तावक, पुनः अनुमति लेगा।

(आठ) जहां भी संभव हो, ग्रीनबेल्ट (बागवानी) के लिए जल की आवश्यकता को पुनर्चक्रित/उपचारित अपशिष्ट जल से पूरा किया जाएगा।

(नौ) स्वामित्व परिवर्तन के मामले में, परिसर के नए मालिक को, परिसर का कब्जा लेने के 60 दिनों के भीतर, दस्तावेजी प्रमाण के साथ अनुमति में आवश्यक बदलावों को शामिल करने के लिए आवेदन करना होगा।

एक.ख. <u>परित्यक्त बोरवेल और ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली घातक दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षा उपाय</u>

(एक) भूमि/परिसर का स्वामी, बोरवेल/ट्यूबवेल के निर्माण के लिए कोई भी कदम उठाने से पहले, बोरवेल/ट्यूबवेल के निर्माण के बारे में संबंधित जिला भू–जल प्रबंधन परिषद को लिखित रूप में सूचित करेगा (प्ररूप–8क देखें)।

(दो) सभी ड्रिलिंग एजेंसियों अर्थात् सरकारी/अर्धसरकारी, निजी आदि का पंजीकरण, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद से कराना अनिवार्य होगा।

(तीन) ट्यूब/बोरवेल के स्वामी और ड्रिलिंग एजेंसी द्वारा निम्नलिखित सुरक्षा उपाय किए जाएंगे–

क) ट्यूब/बोरवेल के पास एक साइनबोर्ड होगा जिसमें उपयोगकर्ता एजेंसी/कुएं के स्वामी का पूरा पता और कुएं के निर्माण/पुनर्वास के समय ड्रिलिंग एजेंसी का पता परिशिष्ट–दस के अनुसार होगा।

ख) ट्यूब/बोरवेल के चारों ओर कांटेदार तार की बाड़ या किसी अन्य उपयुक्त अवरोध का निर्माण।

ग) कुएं के आवरण के चारों ओर 0.50X0.50X0.60 मीटर (भू–स्तर से 0.30 मीटर ऊपर और भू–स्तर से 0.30 मीटर नीचे) मापित, सीमेंट/कंक्रीट प्लेटफॉर्म का निर्माण।

घ) स्टील प्लेट को वेल्डिंग करके या बोल्ट और नट्स के साथ केसिंग पाइप पर एक मजबूत कैप लगाकर कुएं के समनुक्रम ढांकने वाली पट्टी।

ड.) पंप की मरम्मत के मामले में, ट्यूबवेल को खुला नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

च) कार्य पूरा होने के बाद मिट्टी के गड्ढों और नालियों को भरना।

छ) खाली पड़े बोरवेलों को नीचे से भू– स्तर तक मिट्टी/ रेत/ पत्थर/कंकड़/ड्रिल कटिंग आदि से भरना।

ज) किसी विशेष स्थान पर ड्रिलिंग कार्य पूरा होने पर, भूमि की स्थिति को, ड्रिलिंग शुरू होने से पूर्व जैसा था, पुनर्स्थापन किया जाना चाहिए।

(चार) जिला कलेक्टर को, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद के माध्यम से उपरोक्त सुरक्षा उपायों के अनुपालन को सत्यापित करने और उचित निगरानी जांच करने की शक्ति होगी।

(पांच) खोदे गए बोरवेलों/ट्यूबवेलों की जिला/ब्लॉक/ग्रामवार स्थिति, अर्थात् उपयोग में आने वाले कुओं की संख्या, त्यक्त बोरवेलों/ट्यूबवेलों की संख्या, जो खुले पाए गए, त्यक्त बोरवेलों/ट्यूबवेलों की संख्या, जो भू–स्तर तक ठीक से भरे हुए हैं और त्यक्त बोरवेलों/ट्यूबवेलों की शेष संख्या, जो भू–स्तर तक भरा जाना है, परिशिष्ट–ग्यारह के अनुसार जिला भू–जल प्रबंधन परिषद में अनुरक्षित रखा जाना है।

क) ग्रामीण क्षेत्रों में, उपरोक्त की निगरानी, ग्राम सरपंच और कृषि विभाग के कार्यकारी के माध्यम से की जानी है।

ख) शहरी क्षेत्रों के मामले में, उपरोक्त की निगरानी, संबंधित जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य/नगर निगम आदि के कनिष्ठ अभियंता और कार्यकारी के माध्यम से की जानी है।

ग) ट्यूबवेल के स्वामी और ट्यूबवेल की ड्रिलिंग एजेंसी, अभिहित वेब पोर्टल पर परिशिष्ट–बारह के अनुसार उपरोक्त विवरण की रिपोर्ट करने और अपलोड करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

(छः) परित्यक्त कुओं का यादृच्छिक निरीक्षण, संबंधित एजेंसी/विभाग के कार्यकारी द्वारा किया जाएगा। उपरोक्त सभी प्रकार के आंकड़ों की जानकारी, जिला भू–जल प्रबंधन परिषद में अनुरक्षित रखी जानी है।

दो. भू–जल निकासी शर्तों की अनुमति के अनुपालन की निगरानी

भू–जल निष्कर्षण की अनुमति की शर्तों के अनुपालन की निगरानी के लिए, छत्तीसगढ़ भू–जल प्राधिकरण, निम्नलिखित कदम उठाएगा :

(क) अनुपालन निगरानी के लिए उपयुक्त एमआईएस विकसित किया जाएगा।

(ख) जिला कलेक्टरों/जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) को, अनधिकृत भू–जल निष्कर्षण संरचनाओं को सील करने, बिजली काटने, भू–जल निष्कर्षण की शर्तों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध मुकदमा चलाने और पर्यावरणीय मुआवजा लगाने के लिए कार्रवाई करने जैसे प्रवर्तन उपाय करने के लिए अनुसूची–नौ के अंतर्गत सरल क्रमांक चार के अनुसार अधिकृत किया गया है।

(ग) सीजीजीडब्ल्यूए और जल संसाधन विभाग, राज्य भू–जल संगठनों के तकनीकी अधिकारी, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निगरानी और आवधिक निरीक्षण के संबंध में कार्रवाई करने के लिए अधिकृत हैं।

(घ) भू–जल निष्कर्षण शर्तों की किसी भी अनुमति के उल्लंघन के मामले में, प्रस्तावक, अनुसूची–नौ के तहत सरल क्रमांक तीन के अनुसार शास्ति का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

तीन. अनुमति में सुधार/संशोधन के लिए शास्ति और शुल्क का प्रावधान :

समुचित प्राधिकारी द्वारा जारी भू–जल निष्कर्षण की अनुमति शर्तों का पालन न करने पर, प्रस्तावकों पर जुर्माना लगाया जाएगा। भू–जल निष्कर्षण की अनुमति की विभिन्न शर्तों का पालन न करने पर, प्रस्तावित शास्ति की दरें, तालिका 9.1 में दी गई हैं। सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से शास्ति की दरों की समय–समय पर समीक्षा की जाएगी।

तालिका 9.1: भू–जल निष्कर्षण की अनुमति की शर्तों का अनुपालन न करने पर शास्ति का प्रावधान :

सं.क्र.	मद	शुल्क रुपये में
1.	टेलीमेट्री सिस्टम के साथ गैर–संस्थापन/दोषपूर्ण डिजिटल जल प्रवाह मीटर	2,00,000
2.	अतिरिक्त भू–जल निष्कर्षण संरचनाओं का गैर–प्रकटीकरण/ निर्माण (क) कार्यात्मक/गैर–कार्यात्मक संरचनाएं (ख) निष्क्रिय/ परित्यक्त टीप : दी गई दरें, इकाई कार्यात्मक/गैर–कार्यात्मक/निष्क्रिय/ परित्यक्त संरचनाओं के लिए हैं। समेकित शास्ति पर पहुंचने के लिए इसे ऐसी कुल संरचनाओं से गुणा किया जाएगा।	 2,00,000 1,00,000
3.	आवेदन में ताजे पानी वाले क्षेत्रों को नमकीन/खारा क्षेत्र के रूप में रिपोर्ट करना	2,00,000
4.	पीजोमीटर का न लगाया जाना	2,00,000
5.	गैर–संस्थापन/दोषपूर्ण डीडब्ल्यूएलआर/टेलीमेट्री सिस्टम	1,00,000
6.	पुनर्भरण/जल संरक्षण संरचनाओं का गैर–निर्माण/अपर्याप्त क्षमता	5,00,000
7.	जल संरक्षण संरचनाओं/पुनर्भरण संरचनाओं का रखरखाव न करना	2,00,000

8.	जलभृत प्रणाली में उपचारित/अनुपचारित पानी का अंतःक्षेपण टीपः शास्ति के अलावा, प्रस्तावक को, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अनुसार जलभृत सुधार की लागत वहन करनी होगी	10,00.000
9.	जल स्तर/जल गुणवत्ता डेटा प्रस्तुत न करना	50,000
10.	दैनिक निष्कर्षण की लॉग बुक का रखरखाव न करना/भू–जल निष्कर्षण डेटा प्रस्तुत न करना	50,000
11.	पुनर्भरण संरचनाओं की तस्वीर प्रस्तुत न करना	50,000
12.	स्व–अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत न करना	1,00,000
13.	गैर अधिकृत/अपंजीकृत ड्रिलिंग रिग्स (प्रति संरचना) द्वारा भू–जल निष्कर्षण संरचनाओं का निर्माण	1,00,000
14.	जलापूर्ति टैंकरों का पंजीयन न होना	5,00,000
15.	गलत सूचना/वचन पत्र प्रस्तुत करना	1,00,000
16.	रिग मशीन का पंजीकरण न होना	1,00,000

अनुमति के नए/नवीनीकरण के लिए आवेदन शुल्क, सीजीजीडब्ल्यूए द्वारा समय–समय पर निर्धारित दरों के अनुसार लिया जाएगा और आधिकारिक वेब पोर्टल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। मौजूदा जारी अनुमति में सुधार/संशोधन के लिए भी शुल्क देय होगा। ऐसे शुल्कों का विवरण, तालिका 9.2 में दिया गया है।

तालिका 9.2: भू–जल निष्कर्षण की मौजूदा जारी अनुमति में सुधार/संशोधन या परिवर्तन के लिए प्रभार/शुल्क :

सं.क्र.	मद	शुल्क रुपये में
1.	यूजर आईडी में परिवर्तन	5,000
2.	फर्म के नाम में परिवर्तन	5,000
3.	भू–जल निष्कर्षण की अनुमति का विस्तार	5,000
4.	भू–जल निष्कर्षण की डुप्लीकेट अनुमति जारी करना	5,000
5.	भू–जल निष्कर्षण की अनुमति के लिए शुद्धिपत्र जारी करना	5,000
6.	कोई अन्य मद/सुधार आदि	5,000

चार. पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति

समुचित प्राधिकारी से भू–जल निष्कर्षण की वैध अनुमति लिये बिना उद्योगों, अधोसंरचना ईकाइयों और खनन परियोजनाओं द्वारा व्यावसायिक उपयोग के लिए भू–जल का निष्कर्षण, अवैध माना जाएगा और ऐसी संस्थाएं, इस प्रकार निष्कर्षण किये गए भू–जल की मात्रा के लिए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा निर्धारित मानदंडों का उपयोग, नीचे उल्लिखित पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की गणना के लिए किया जाएगा :

$ईसी_{जीडब्ल्यू}$ = प्रतिदिन भू–जल खपत x पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति दर ($ईसीआर_{जीडब्ल्यू}$)x दिनों की संख्या x निवारण कारक

जहां भू–जल की खपत घन मी./दिन में है और $ईसीआर_{जीडब्ल्यू}$ रु./प्रति घनमीटर में है

क. पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की दरें :

मूल्यांकन ईकाइयों की विभिन्न श्रेणियों में विभिन्न प्रकार के उपयोगकर्ताओं के लिए, पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति ($ईसीआर_{जीडब्ल्यू}$) की दरें, तालिका 9.3 से 9.5 में दी गई हैं।

तालिका 9.3: पैकेज्ड पेयजल ईकाइयों के लिए $ईसीआर_{जीडब्ल्यू}$

क्र. सं.	क्षेत्र श्रेणी	जल उपभोग (घन मी./दिन)			
		<200/	200 से <1000	1000 से <5000	5000 और अधिक
		पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति दर ($ईसीआर_{जीडब्ल्यू}$) रु./घन मी.में			
1.	सुरक्षित	12	18	24	30
2.	अर्द्ध संकटग्रस्त	24	36	48	60
3.	संकटग्रस्त	36	48	66	90
4.	अतिदोहित	48	72	96	120
टीप :–न्यूनतम $ईसी_{जीडब्ल्यू}$ रुपये 1,00,000/– से कम नहीं होगा।					

तालिका 9.4: खनन/अधोसंरचना डी–वाटरिंग परियोजनाओं के लिए ईसीआर$_{जीडब्ल्यू}$

क्र. सं.	क्षेत्र श्रेणी	जल उपभोग (घन मी./दिन)			
		<200/	200 से <1000	1000 से <5000	5000 और अधिक
		पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति दर (ईसीआर$_{जीडब्ल्यू}$) रु./घन मी.में			
1.	सुरक्षित	15	21	30	40
2.	अर्द्ध संकटग्रस्त	30	45	60	75
3.	संकटग्रस्त	45	60	85	115
4.	अतिदोहित	60	90	120	150
टीप :–न्यूनतम ईसी$_{जीडब्ल्यू}$ रुपये 1,00,000/– से कम नहीं होगा।					

तालिका 9.5 : औद्योगिक ईकाइयों के लिए ईसीआर$_{जीडब्ल्यू}$

क्र. सं.	क्षेत्र श्रेणी	जल उपभोग (घन मी./दिन)			
		<200/	200 से <1000	1000 से <5000	5000 और अधिक
		पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति दर (ईसीआर$_{जीडब्ल्यू}$) रु./घन मी.में			
1.	सुरक्षित	20	30	40	50
2.	अर्द्ध संकटग्रस्त	40	60	80	100
3.	संकटग्रस्त	60	80	110	150
4.	अतिदोहित	80	120	160	200
टीप :–न्यूनतम ईसी$_{जीडब्ल्यू}$ रुपये 1,00,000/– से कम नहीं होगा।					

ख. नुकसान और पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की प्रतिपूर्ति के लिए निवारक कारक (पैकेज्ड पेयजल ईकाइयों, खनन, उद्योगों और अधोसंरचना डी–वाटरिंग परियोजनाओं के लिए)

नुकसान और पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की प्रतिपूर्ति के लिए अवैध भू–जल निष्कर्षण की अवधि के आधार पर, तालिका 9.6 में वर्णित अनुसार, निम्नलिखित निवारक कारक ग्रहित किये जाएंगे।

तालिका 9.6 : भू–जल निष्कर्षण की मात्रा और अवैध दोहन के वर्षों की संख्या पर आधारित निवारक कारक

संक्र.	जल खपत	निरोध कारक		
		<2 वर्ष	2–5 वर्ष	>5 वर्ष
1.	<1000 केएलडी	1.00	1.00	1.25
2.	1000–5000 केएलडी	1.00	1.00	1.50
3.	>5000 केएलडी	1.00	1.25	2.00

टीप : केएलडी – किलोलीटर प्रति दिन

पांच. अन्य महत्वपूर्ण शर्तें (सभी पर लागू):

(एक) सीजीजीडब्ल्यूए से भू–जल निष्कर्षण की वैध अनुमति नहीं रखने वाले व्यक्ति/एजेंसी द्वारा भू–जल की बिक्री की अनुमति नहीं है।

(दो) अधोसंरचना परियोजनाओं में, भू–जल प्रवेश/संचयन सुनिश्चित करने के लिए पक्के/पार्किंग क्षेत्र को इंटरलॉकिंग/छिद्रित टाइलों या अन्य उपयुक्त उपायों से आच्छादित किया जाना चाहिए।

(तीन) अधोसंरचना परियोजनाओं के मामले में, फर्म/इकाई, परियोजनाओं में दोहरी जल आपूर्ति प्रणाली का कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगी। इसका अनुपालन, वेब पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

(चार) भू–जल निष्कर्षण की अनुमति में उल्लिखित शर्तों का अनुपालन न करने पर, भू–जल निष्कर्षण की अनुमति को रद्द करने/भू–जल निष्कर्षण की अनुमति का नवीनीकरण न करने के लिए पर्याप्त कारण माना जा सकेगा।

(पांच) सुसंगत खण्डों में निर्दिष्ट सहायक दस्तावेजों के बिना, किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(छः) निष्कर्षण संरचनाएं, परियोजना संपत्ति के परिसर के अंदर स्थित होनी चाहिए।

(सात) भू–जल निष्कर्षण की अनुमति में निर्धारित शर्तों के स्व–अनुपालन की रिपोर्ट, उपयोगकर्ताओं द्वारा छत्तीसगढ़ भू–जल प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर ऑनलाइन की जाएगी तथा विभिन्न सेवाओं के लिए समय–समय पर निर्धारित प्रोसेसिंग शुल्क लिया जाएगा।

छः. भू–जल स्तर की निगरानी

औद्योगिक क्षेत्रों, जो कि इसमें इसके पश्चात् उल्लिखित है, के अलावा, सभी परियोजना प्रस्तावक, (कठोर चट्टानी जलभृत प्रकार के लिए 100 घन मीटर/दिन से अधिक भू–जल निष्कर्षण और जलोढ़ जलभृत प्रकार के लिए 500 घन मीटर/दिन से अधिक भू–जल का निष्कर्षण कर रहें है), को भू–जल स्तर की निगरानी के लिए उनके परिसर के भीतर पीजोमीटर (अवलोकन कुएं) का निर्माण करना अनिवार्य है। इसके अलावा, औद्योगिक क्षेत्रों में (केंद्र/राज्य सरकार द्वारा निर्दिष्ट या अधिसूचित), केंद्रीय भू–जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी), स्थानीय जल–भूवैज्ञानिक स्थितियों के अनुसार आवश्यकता–आधारित पीजोमीटर का निर्माण करेगा और जल स्तर की निगरानी करेगा। परियोजना क्षेत्र में भू–जल स्तर की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने हेतु शर्तों के अनुपालन करने के लिये इस प्रकार की व्यवस्था बनाई गई है। इस संबंध में परियोजना समर्थकों द्वारा पीजोमीटर के माध्यम से जल स्तर की निगरानी के लिए आवश्यक मानदंड, तालिका 9.7 में दिए गए हैं।

तालिका 9.7 : डिजिटल भू–जल स्तर रिकॉर्डर (डीडब्ल्यूएलआर) और टेलीमेट्री के साथ बनाए जाने वाले पीजोमीटर की संख्या और जल स्तर निगरानी तंत्र का प्रकार

सं.क्र.	भू–जल निकासी की मात्रा (घन मी./दिन)	पीजोमीटर की संख्या (डीडब्ल्यूएलआर और टेलीमेट्री अपेक्षा के साथ)
1.	0–100	0
2.	>100 (औद्योगिक क्षेत्रों के अलावा अन्य कठोर चट्टानी जलभृत प्रकार)	1
3.	>500 (औद्योगिक क्षेत्रों के अलावा अन्य जलोढ़ जलभृत प्रकार)	1

पीजोमीटर को, उपयुक्त रूप से स्थित किया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि पीजोमीटर में टैप किया गया जलभृत का क्षेत्र, पंपिंग कुएं के समान है।

परिशिष्ट–क

(नियम 10 देखिये)

समुचित संस्था/निकाय के गैर–अधिकारी सदस्यो की योग्यता

स0 क्र0	नियम 3 में संदर्भित सदस्य	योग्यता
1.	जिला भू–जल प्रबंधन परिषद के सदस्य के रूप में 2 विषय विशेषज्ञ, जो कि धारा 4 की उप–धारा (2) के खण्ड (घ) में उल्लिखित है।	जिला मजिस्ट्रेट, दो विषय विशेषज्ञों (भू–जल विशेषज्ञ) को नामांकित करेगी, जिसे अनुप्रयोग भू–विज्ञान/ भू–विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री (भू–जल विषय सहित) के साथ–साथ छत्तीसगढ़ राज्य में न्यूनतम दस वर्ष के कार्यानुभव हो।
2.	राज्य भू–जल प्रबंधन और विनियामक प्राधिकरण के सदस्य के रूप में तीन विषय विशेषज्ञ, जो कि धारा 3 की उप–धारा (2) के सरल कमांक 14 में निर्दिष्ट है।	राज्य सरकार, तीन विषय विशेषज्ञों (भू–जल विशेषज्ञ) को नामांकित करेगी, जिसे अनुप्रयोग भू–विज्ञान/ भू–विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री (भू–जल विषय सहित) के साथ–साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न भू–जल विज्ञान स्थितियों से संबंधित प्रबंधन के क्षेत्र में न्यूनतम पंद्रह वर्षों का अनुभव हो।
3.	सार्वजनिक/गैर–सरकारी संगठन /सामाजिक क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति, जो कि धारा 3 की उप–धारा (2) के सरल कमांक 15 में निर्दिष्ट है।	राज्य सरकार सार्वजनिक/गैर–सरकारी संगठन / सामाजिक क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति को नामांकित करेगी।

परिशिष्ट–ख

(नियम 27 देखिये)

अपराध के निराकरण के लिए आवेदन पत्र

(छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियमन अधिनियम, 2022 की धारा 21 की उप–धारा (3))

सं0क्र0	विवरण	अभियुक्ति
1.	आवेदक का नाम	
2.	किस धारा के अधीन अपराध किया गया है *	
3.	प्रकरण की स्थिति (अर्थात विचारणीय/न्यायालय में लम्बित/दोषी/बरी हो चुका है)	
4.	प्रशमन हेतु औचित्य के साथ अपराधों का विवरण (पृथक–पृथक)	
5.	क्या आवेदक ने अपराध से संबंधित शास्ति की राशि एवं देय कोई अन्य राशि का भुगतान किया है?	
6.	क्या आवेदक प्रशमन शुल्क का भुगतान करता है जैसा कि प्रशमन अधिकारी द्वारा सूचित किया जाएगा?	
7.	क्या आवेदक के मामले मे पहले भी समान अपराध दर्ज किये गये है। यदि हॉ, तो कितनी बार ?	
8.	क्या धारा 41 में उल्लिखित प्रथम अपराध के प्रशमन के लिये आवेदन है ?	
9.	क्या आवेदक को, प्रशमन चाहे गये अपराध के लिये न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया था ?	

आवेदक द्वारा घोषणा

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता/करती हूं कि ऊपर प्रस्तुत किये गए विवरण सत्य एवं सही हैं। मैं समझता हूं कि यदि जांच और अन्वेषण या उसके बाद किसी सूचना और विवरण के मामले में गलत पाया जाता हूं, तो मेरा आवेदन, अस्वीकार/रद्द किए जाने के लिए उत्तरदायी है।

मैं सहमत हूँ

टीप :

1. प्रत्येक अपराध के लिए अलग आवेदन पत्र का उपयोग किया जाना चाहिए।
2. आवेदन पत्र, जमा करने से पहले सभी प्रकार से पूर्ण होना चाहिए। अपूर्ण आवेदन अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी हैं। किसी भी सुधार/परिवर्तन को विधिवत प्रमाणित किया जाएगा।
3. यदि किसी विवरण/सूचना को सत्यापन/जांच के किसी भी स्तर पर गलत पाया जाता है, तो आवेदन अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी है।
4. कृपया आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करें :–
   (क) भूमि के स्वामित्व का प्रमाण दर्शाने वाला दस्तावेज।
   (ख) आधार कार्ड/वोटर आईडी/राशन कार्ड की फोटोकॉपी, पहचान का कोई अन्य प्रमाण।
   (ग) आवेदक द्वारा किये गये अपराध के विरुद्ध जिला भू–जल प्रबंधन परिषद द्वारा जारी नोटिस।
5. प्रशमन अधिकारी, मामले की योग्यता की जांच के लिए मालिक आवेदक से किसी अन्य दस्तावेज मांगने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

मैं सहमत हूँ

स्थानः– हस्ताक्षर .....

दिनांकः– वर्तमान पता .....

.....

* अपराध जिसके लिये कम्पाउंडिंग की मांग की जाती है।

परिशिष्ट–एक

पेय और घरेलू उपयोग के लिए जल आवश्यकताओं का अनुमान (स्रोतः राष्ट्रीय भवन निर्माण संहित 2016, बीआईएस)

(क) आवासीय भवन :

आवास	जनसंख्या
1. शयनकक्ष आवास इकाई	4
2. शयनकक्ष आवास इकाई	5
3. शयनकक्ष आवास इकाई	6
4. शयनकक्ष आवास इकाई और उससे ऊपर	7

टिप्पणियाँ:

1) उपरोक्त आंकड़ों को, जहां भी लागू हो, सहायक कर्मियों सहित घरेलू परिवार के आंकडे माने जाते हैं।

2) योजनाबद्ध विकास के लिए, घरेलू परिवार इकाइयों की अपेक्षित संख्या और प्रकार पर सम्यक् विचार करने के बाद, जनसंख्या का अनुमान लगाया जा सकता है।

3) ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आवासीय इकाई के लिए, जनसंख्या की आवश्यकता 4 होगी और स्टूडियो अपार्टमेंट के लिए, जनसंख्या की आवश्यकता 2 होगी।

एक सामान्य नियम के रूप में घरेलू और गैर–घरेलू जरूरतों के लिए प्रति व्यक्ति प्रति दिन निम्नलिखित दरों पर विचार किया जा सकता है :

(क) 20,000 तक की आबादी वाले समुदायों के लिएः

1) स्टैंड पोस्ट के माध्यम से जल आपूर्ति :	40 एलएफडी (न्यूनतम)
2) गृह सेवा के माध्यम से जल आपूर्ति : कनेक्शन	70 से 100 एलएफडी

(ख) 20,000 से 100,000 जनसंख्या वाले समुदायों के लिए पूर्ण फ्लशिंग प्रणाली सहित : 100 से 135 एलएफडी

(ग) 100,000 से अधिक जनसंख्या वाले समुदायों के लिए पूर्ण फ्लशिंग प्रणाली सहित : 150 से 200 एलएफडी

टीप– मौजूदा स्थितियों और जल की उपलब्धता के आधार पर, मध्यम आय समूह (एमआईजी) और निम्न आय समूह (एलआईजी) और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के घरों के लिए, 150 से 200 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन, दी जाने वाली जल आपूर्ति के मान को घटाकर 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन किया जा सकता है।,

150 से 200 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन में से, 45 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन, फ्लशिंग आवश्यकताओं के लिए और शेष मात्रा अन्य घरेलू उद्देश्यों के लिए ली जा सकती है।

ख. आवासों के अलावा अन्य भवनों के लिए जल की आवश्यकताएँ :

सं. क्र.	भवन का प्रकार	घरेलू लीटर प्रति व्यक्ति/दिन	फ्लशिंग लीटर प्रति व्यक्ति/दिन	कुल खपत लीटर प्रति व्यक्ति/दिन
1.	कैंटीन सहित कारखाने, जहां स्नान कक्ष उपलब्ध कराना आवश्यक है	30	15	45
2.	कैंटीन सहित कारखाने, जहां कोई स्नान कक्ष उपलब्ध कराना आवश्यक नहीं है	20	10	30
3.	अस्पताल (कपड़े धोने और रसोई को छोड़कर): क) बिस्तरों की संख्या 100 से अधिक नहीं	230	110	340
	बी) बिस्तरों की संख्या 100 से अधिक	300	150	450
	ग) बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी)	10	5	15
4.	नर्सेस होम और मेडिकल क्वार्टर	90	45	135
5.	छात्रावास	90	45	135
6.	लॉन्ड्री, रसोई, स्टाफ और जल निकायों को छोड़कर, होटल (3 स्टार तक)	120	60	180
7.	लॉन्ड्री, रसोई, स्टाफ और जल निकायों को	260	60	320

	छोड़कर, होटल (4 स्टार और उससे ऊपर)			
8.	कार्यालय (कैंटीन सहित)	25	20	45
9.	रेस्तरां और फूड कोर्ट, जिसमें रसोई के लिए पानी की आवश्यकता भी शामिल है: क) रेस्तरां	55 प्रति सीट	15 प्रति सीट	70 प्रति सीट
	ख) फूड कोर्ट	25 प्रति सीट	10 प्रति सीट	35 प्रति सीट
10.	क्लब हाउस	25	20	45
11.	स्टेडियम	4	6	10
12.	सिनेमा, कॉन्सर्ट हॉल और थिएटर और मल्टीप्लेक्स	5 प्रति सीट	10 प्रति सीट	15 प्रति सीट
13.	स्कूल/शैक्षिक संस्थान : क) बोर्डिंग सुविधाओं के बिना	25	20	45
	ख) बोर्डिंग सुविधाओं के साथ	90	45	135
14.	शॉपिंग और रिटेल (मॉल) क) कर्मचारी	25	20	45
	ख) विजिटर	5	10	15
15.	यातायात टर्मिनल स्टेशन (क) हवाई अड्डे	40	30	70
	(ख) स्नान सुविधा युक्त रेलवे स्टेशन (जंक्शन)	40	30	70
	(ग) स्नान सुविधा रहित रेलवे स्टेशन (जंक्शन)	30	15	45

	(घ) स्नान सुविधा युक्त रेलवे स्टेशन (मध्यवर्ती)	25	20	45
	(ड.) स्नान की सुविधा रहित रेलवे स्टेशन (मध्यवर्ती)	15	10	25
	(च) अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल	25	20	45
	(छ) अंतरराज्यीय बस टर्मिनल / मेट्रो स्टेशन	10	5	15

टिप्पणियाँ:

1. विजिटर के लिए जल की मांग की गणना के लिए, प्रति व्यक्ति प्रति दिन 15 लीटर की खपत ली जा सकती है।

2. जल की मांग में मरीजों, परिचारकों, आगंतुकों और कर्मचारियों की आवश्यकता शामिल है। रसोई, कपड़े धोने और क्लिनिकल पानी के लिए, अतिरिक्त जल की मांग की गणना, वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार की जाएगी।

3. व्यक्तियों की संख्या, स्टेशनों द्वारा संभाले जाने वाले यात्रियों की औसत संख्या के आधार पर निर्धारित की जाएगी, जिसमें इन सुविधाओं का उपयोग करने वाले कर्मचारियों और विक्रेताओं पर सम्यक ध्यान दिया जाएगा।

4. सीजनल एवरेज पीक संबंधी आवश्यकताओं पर विचार किया जाना चाहिए।

5. अस्पतालों को श्रेणी–क (25 से 50 बिस्तर), श्रेणी–ख (51 से 100 बिस्तर), श्रेणी–ग (101 से 300 बिस्तर), श्रेणी–घ (301 से 500) और श्रेणी–ड. (501 से 750 बिस्तर) के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

परिशिष्ट–दो

पीजोमीटर के निर्माण और भू–जल स्तर एवं गुणवत्ता की निगरानी के लिए दिशानिर्देश

पीजोमीटर, एक बोरवेल/ट्यूबवेल है, जिसका उपयोग, केवल टेप/साउंडर या स्वचालित/डिजिटल जल स्तर मापने वाले उपकरण को नीचे करके जल स्तर मापने के लिए किया जाता है। इसका उपयोग, जहां आवश्यक हो, जल के गुणवत्ता परीक्षण हेतु जल का नमूना लेने के लिए भी किया जाता है। पीजोमीटर की संस्थापना के लिए सामान्य दिशानिर्देश निम्नानुसार हैं:

- पीजोमीटर को, न्यूनतम यदि दोहित किया गया जलभृत, कठोर चट्टान है, 15 मीटर की दूरी पर और यदि जलभृत, पंपिंग कुएं से जलोढ़ है जिसके माध्यम से भू–जल निकाला जा रहा है, तो 50 मीटर की दूरी पर स्थापित/निर्माण किया जाना होता है। पीजोमीटर का व्यास, लगभग चार इंच से छः इंच होना चाहिए।

- पीजोमीटर की गहराई, उस पंपिंग कुएं के समान होनी चाहिए, जिससे भू–जल निकाला जा रहा है। यदि, अलग–अलग गहराई पर जलभृतों का दोहन करने के लिए एक से अधिक पंपिंग कुओं का निर्माण किया जाता है, तो पंपिंग कुओं के रूप में विभिन्न जलभृतों का दोहन करने के लिए एक से अधिक पीजोमीटर का निर्माण करने की आवश्यकता होगी।

- आसपास के ट्यूबवेलों से लगभग चार से छः घंटे तक पंपिंग बंद करने के बाद ही पीजोमीटर में जल स्तर की माप ली जानी चाहिए।

- भू–जल निष्कषर्ण वाले उद्योगों और खदानों द्वारा वर्ष में एक बार प्री–मानसून (अप्रैल/मई) अवधि के दौरान भू–जल गुणवत्ता की निगरानी की जानी चाहिए। भू–जल के नमूनों का विश्लेषण, एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से कराया जाना चाहिए।

- मानक संदर्भ और पहचान के लिए पीजोमीटर/ट्यूबवेल स्थल, पीजोमीटर/ट्यूबवेल संख्या, गहराई और दोहित किए गए क्षेत्र की व्यवस्था के लिए, पीजोमीटर/ट्यूबवेल स्थल पर, एक स्थायी डिस्प्ले बोर्ड स्थापित किया जाना चाहिए।

- माप के लिए सुरक्षा और पहुंच के संबंध में किसी भी अन्य स्थल–विशिष्ट आवश्यकता का, ध्यान में रखा जा सकेगा।

परिशिष्ट–तीन

प्रदूषणकारी उद्योगों/परियोजनाओं के संयंत्र परिसरों में प्रदूषण से बचाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए जाने वाले उपाय

यह देखा गया है कि टेनरी, स्लॉटर हाउस, डाई, केमिकल, कोल वॉशरी, अन्य खतरनाक इकाइयों आदि जैसे प्रदूषणकारी उद्योगों में और उनके आसपास भू–जल प्रदूषित है। भू–जल की गुणवत्ता में अति गिरावट को रोकने के लिए, वेलहेड सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करना आवश्यक है। इस श्रेणी के अंतर्गत आने वाले सभी उद्योगों/परियोजनाओं को मौजूदा और नई श्रेणी दोनों के लिए नीचे उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करने का निर्देश दिया जाता है।

1. प्रसंस्करण इकाई के आसपास कोई भी ट्यूबवेल/बोरवेल/खुदा हुआ कुआं निर्मित नहीं किया जाना चाहिए। ट्यूबवेल/बोरवेल का निर्माण, उसी स्थान पर किया जाना चाहिए, जहां स्वच्छता बनाए रखी गई हो।

2. असेंबली/केसिंग के लिए केवल माइल्ड स्टील पाईप का उपयोग किया जाना चाहिए और पीवीसी (पॉली विनाइल क्लोराइड) या इसी तरह के पाइप का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। पीवीसी या इसी तरह के पाइप वाले ट्यूबवेल/बोरवेल को त्याग देना चाहिए और वापस भर देना चाहिए।

3. ट्यूबवेल/बोरवेल के चारों ओर, 3 मीटर (लंबाई) X 3 मीटर (चौड़ाई) X 2 मीटर (गहराई) की आरसीसी (प्रबलित कंक्रीट सीमेंट) ग्राउटिंग प्रदान की जानी चाहिए। ट्यूबवेल/बोरवेल का पाइप भू–स्तर से 1 मीटर ऊपर (1एमएजीएल) ऊंचा होना चाहिए। निर्मित ट्यूबवेल/बोरवेल में किसी भी सतही प्रदूषण को प्रवेश करने से रोकने के लिए, ट्यूबवेल/बोरवेल को, 0.5 मीटर ऊंचाई और 1.5 मीटर गहराई की आरसीसी दीवार से चारों ओर घेरा होना चाहिए।

योजना/खण्डीय आरेख संदर्भ के लिए संलग्न है

4. ट्यूबवेल/बोरवेल में एनआरवी (नॉन–रिटर्न वाल्व) यह सुनिश्चित करने के लिए लगाया जाना चाहिए कि निर्मित ट्यूबवेल/बोरवेल का उपयोग, विशेष रूप से केवल भू–जल निकालने के लिए किया जाता है।

5. किसी भी समय निर्मित ट्यूबवेल/बोरवेल/पीजोमीटर में कोई जल या तरल पदार्थ नहीं डाला जाना चाहिए।

6. इस श्रेणी के अंतर्गत उद्योगों/परियोजनाओं को, संयंत्र परिसर के भीतर कोई भी पुनर्भरण उपाय लागू नहीं करना चाहिए।

7. एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) या ईटीपी (एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) के आसपास स्थित/निर्मित किसी भी ट्यूबवेल/बोरवेल को त्याग दिया जाना चाहिए और वापस भर दिया जाना चाहिए।

निगरानी के उद्देश्य से निर्मित किये जाने वाले पीजोमीटर को, ऐसे उद्योगों/परियोजनाओं के लिए ट्यूबवेल/बोरवेल के लिए लागू समान प्रक्रिया का अनुपालन करना चाहिए।

वेलहेड सुरक्षा दर्शाने वाले रेखांक/खण्डीय डायग्राम



PLAN



SECTION

वेलहेड सुरक्षा दर्शाने वाले रेखांक/खण्डीय डायग्राम



PLAN



SECTION

परिशिष्ट–चार

उद्योगों के लिए भू–जल निष्कर्षण की अनुमति प्राप्त करने के लिए हाइड्रो–जियोलॉजिकल रिपोर्ट की रूपरेखा

1. परियोजना क्षेत्र का सीमांकन करते हुए स्थल विवरण, निर्देशांक, गूगल/टोपोशीट मानचित्र आदि देते हुए प्रस्तावित परियोजना के बारे में संक्षिप्त जानकारी।
2. परियोजना क्षेत्र में और उसके आस–पास भू–जल की स्थिति, जिसमें जल स्तर और गुणवत्ता डेटा एवं मानचित्रों के साथ–साथ गुणवत्ता संबंधी मुद्दे, यदि कोई हो, भी शामिल हैं। खदानों के मामले में, कोर और बफर जोन दोनों में भू–जल की स्थिति का वर्णन किया जाना चाहिए।
3. निर्मित किये जाने के लिये प्रस्तावित ट्यूबवेल/बोरवेल का विवरण। इसमें ड्रिलिंग की गहराई, व्यास, अस्थायी लिथोलॉजिकल लॉग, कम किए जाने वाले पंप का विवरण, पंप की एच.पी., ट्यूबवेल/बोरवेल आदि का अस्थायी स्त्राव, योजना/मानचित्र पर स्थानों को चिह्नित स्थल, प्रस्तावित पीजोमीटर का स्थान शामिल है।
4. खदानों के मामले में अनुमोदित खदान योजना और खदान/अधोसंरचना जल निकासी परियोजनाओं के मामले में विस्तृत जल डी–वाटरिंग योजना।
5. खनन/अधोसंरचना जल डी–वाटरिंग परियोजनाओं के मामले में, पंप किए गए पानी का प्रस्तावित उपयोग।
6. किसी भी महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दे का समाधान करने के लिए प्रस्तावित जोखिमों और प्रस्तावित प्रबंधन रणनीतियों को उजागर करते हुए, परियोजना क्षेत्र में और उसके आसपास भू–जल व्यवस्था पर प्रभाव का व्यापक मूल्यांकन।
7. खारे जल डी–वाटरिंग करने वाले उद्योगों द्वारा अपशिष्ट जल के निपटान के लिए प्रस्तावित उपाय।
8. जल संरक्षण के लिए अपनाए जाने वाले उपाय, जिसमें पुनर्चक्रण, पुनःउपयोग, उपचार आदि शामिल हैं। इसमें फर्म द्वारा अपनाए जाने वाले जल संतुलन चार्ट के साथ–साथ अपनाई जाने वाली जल संरक्षण विधियों का विवरण भी शामिल है।
   - परियोजना के भीतर मौजूद/प्रस्तावित सीवेज उपचार संयंत्रों/प्रवाह उपचार संयंत्रों/संयुक्त प्रवाह उपचार संयंत्रों की क्षमता और प्रवाह चार्ट के साथ संक्षिप्त विवरण।
   - भू–जल के बचाव/उपयोग को कम करने के लिए अपनाए जाने वाले जल संरक्षण उपायों का विवरण।
   - विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए पानी के उपयोग को दर्शाने वाला कुल जल संतुलन चार्ट।
9. परियोजना से संबंधित कोई अन्य विवरण।

परिशिष्ट–पांच

भू–जल स्थितियों पर रिपोर्ट का प्रारूप
(खनन परियोजनाओं के लिए)

परिचय
परियोजना विवरण

पृष्ठभूमि

उद्देश्य और व्यापकता

क्षेत्रीय सेटिंग

स्थान

भूमि उपयोग

जलवायु

स्थलाकृति और जल निकासी

भूविज्ञान–क्षेत्रीय एवं स्थानीय

सामान्य जलविज्ञान (जलभृत प्रकार, जलभृत गहराई, दोहन क्षेत्र आदि)

भू–जल की स्थिति (कोर और बफर जोन में)

जल स्तर में स्थानिक और लौकिक भिन्नताएँ, भू–जल गुणवत्ता (उथला और गहरा जलभृत)

स्थानीय भू–जल पर भू–जल निष्कर्षण का प्रभाव

कुओं की निगरानी में जल स्तर/पीजोमीटर का हाइड्रोग्राफ

ऐतिहासिक जल स्तर का रुझान विश्लेषण, फ्लो नेट विश्लेषण (भू–जल प्रवाह निदेशन) अनुमोदित खदान योजना निष्कर्षों के अनुसार वर्षवार/बेंच वार खदान डी–वाटरिंग की गणना

परिशिष्ट–छः

अधोसंरचना परियोजनाओं की सांकेतिक सूची

व्यावसायिक भवनों सहित आवासीय टाउनशिप
कार्यालय भवन
विद्यालय
कॉलेज
विश्वविद्यालय
विशेष आर्थिक क्षेत्र
मेट्रो स्टेशन
रेलवे स्टेशन
बस डिपो
हवाईअड्डा
बंदरगाह
राजमार्ग अवसंरचना
अग्निशमन केंद्र
गोदाम
बिजनेस प्लाजा
मॉल और मल्टीप्लेक्स
अस्पताल
नर्सिंग होम
रिसार्ट
होटल/रेस्तरां/फूड प्लाजा
अवकाश गृह/अतिथि गृह/छात्रावास
बैंक्वेट हॉल/मैरिज गार्डन
आईटी कॉम्प्लेक्स
लॉजिस्टिक एवं कार्गो
क्लब
व्यापार केंद्र/कृषि बाजार

स्थल–विशिष्ट अधोसंरचना परियोजनाओं की सांकेतिक सूची

सं. क्र.	अधोसंरचना परियोजनाएं
1.	विशेष आर्थिक क्षेत्र
2.	मेट्रो स्टेशन/रेलवे स्टेशन एवं बस डिपो
3.	हवाई अड्डा, बंदरगाह, लॉजिस्टिक, कार्गो और गोदाम
4.	राजमार्ग अवसंरचना
5.	अग्निशमन केंद्र
6.	अस्पताल एवं नर्सिंग होम

7.	शैक्षणिक संस्थान जिसमें स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, कोचिंग संस्थान, प्रशिक्षण केंद्र/कौशल विकास केंद्र शामिल है

टीपः– 1. भू–जल उपयोग के लिए अनुमति की आवश्यकता में, पेयजल/घरेलू उपयोग के लिए जल की आवश्यकता भी शामिल हो सकेगी।

2. स्थल विशिष्ट अर्ध–संकटग्रस्त, संकटग्रस्त और अति–दोहित क्षेत्र को संदर्भित करता है।

परिशिष्ट–सात

त्यक्त बोरवेलों और ट्यूबवेलों में गिरने के कारण छोटे बच्चों की घातक दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपायों के संबंध में 2009 की सिविल रिट याचिका 36 में सुप्रीम कोर्ट का आदेश

संदर्भः त्यक्त बोरवेलों और ट्यूबवेलों में गिरने से छोटे बच्चों की घातक दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपाय

भारत संघ और अन्य उत्तरदाता(ओं)

आदेश

इस न्यायालय द्वारा 11 फरवरी, 2010 के आदेश के तहत अपेक्षित दिशानिर्देश जारी करने के बाद, मामूली संशोधनों के अध्यधीन, वर्तमान रिट याचिका में कुछ भी नहीं बचा है।

वह संशोधन निम्नानुसार हैः

(एक) भूमि/परिसर के मालिक को, बोरवेल/ट्यूबवेल के निर्माण के लिए कोई भी कदम उठाने से पहले क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों, अर्थात् जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट/ग्राम पंचायत के सरपंच/किसी अन्य वैधानिक प्राधिकारी/भू–जल विभाग/लोक स्वास्थ्य/नगरपालिक निगम के संबंधित अधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, को बोरवेल/ट्यूबवेल के निर्माण के बारे में लिखित रूप में सूचित करना होगा।

(दो) सभी ड्रिलिंग एजेंसियों, अर्थात् सरकारी/अर्द्धसरकारी, निजी आदि का, जिला प्रशासन/वैधानिक प्राधिकरण, जहां भी लागू हो, से पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

(तीन)निम्नलिखित विवरण के साथ कुएं के पास निर्माण के समय साइनबोर्ड का निर्माणः –

(क) कुएं के निर्माण/पुनर्वास के समय ड्रिलिंग एजेंसी का पूरा पता

(ख) उपयोगकर्ता एजेंसी/कुएं के मालिक का पूरा पता

(चार) निर्माण के दौरान कुएं के चारों ओर कांटेदार तार की बाड़ या कोई अन्य उपयुक्त अवरोध खड़ा करना

(पांच) कुएं के आवरण के चारों ओर 0.50 X 0.50 X 0.60 मीटर (भू– स्तर से 0.30 मीटर ऊपर और भू–स्तर से 0.30 मीटर नीचे) मापने वाले सीमेंट/कंक्रीट प्लेटफॉर्म का निर्माण

(छः) स्टील प्लेट को वेल्डिंग करके या बोल्ट और नट के साथ केसिंग पाइप पर एक मजबूत कैप लगाकर वेल असेंबली की कैपिंग

(सात) पंप की मरम्मत के मामले में, ट्यूबवेल को खुला नहीं छोड़ा जाना चाहिए

(आठ) कार्य पूरा होने के बाद मिट्टी के गड्डों और नालियों को भरना

(नौ) नीचे से भू–स्तर तक मिट्टी/रेत/पत्थर/कंकड़/ड्रिल कटिंग आदि द्वारा त्यक्त बोरवेलों को भरना

(दस) किसी विशेष स्थान पर ड्रिलिंग कार्य पूरा होने पर, भूमि की स्थिति ड्रिलिंग शुरू होने से पहले की तरह पुनर्स्थापित की जानी है

(ग्यारह) जिला कलेक्टर को यह सत्यापित करने का अधिकार दिया जाना चाहिए कि उपरोक्त दिशानिर्देशों का पालन किया जा रहा है और संबंधित राज्य/केंद्र सरकार एजेंसियों के माध्यम से बोरवेल/ट्यूबवेल की स्थिति के बारे में उचित निगरानी जांच की जा रही है

(बारह) खोदे गए बोरवेलों/ट्यूबवेलों की जिला/ब्लॉक/ग्रामवार स्थिति अर्थात् उपयोग में आने वाले कुओं की संख्या, त्यक्त बोरवेल/खुले पाए गए ट्यूबवेलों की संख्या, भू–स्तर तक उचित रूप से भरे गए त्यक्त बोरवेलों/ट्यूबवेलों की संख्या और भू– स्तर तक भरे जाने वाले त्यक्त बोरवेलों/ट्यूबवेलों की शेष संख्या को जिला स्तर पर बनाए रखा जाना है।

ग्रामीण क्षेत्रों में, उपरोक्त की निगरानी ग्राम सरपंच और कृषि विभाग के कार्यकारी के माध्यम से की जानी है।

शहरी क्षेत्रों के मामले में, उपरोक्त की निगरानी संबंधित भू–जल /लोक स्वास्थ्य/नगरपालिक निगम आदि विभाग के कनिष्ठ अभियंता और कार्यकारी के माध्यम से की जानी है।

(तेरह) यदि किसी भी स्तर पर बोरवेल/ट्यूबवेल को 'त्याग' कर दिया जाता है, तो उपरोक्त एजेंसियों द्वारा संबंधित भू–जल /लोक स्वास्थ्य/नगरपालिक निगम विभाग से /निजी ठेकेदार आदि से एक प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना चाहिए कि 'त्यक्त' बोरवेल/ट्यूबवेल, भू–स्तर तक उचित रूप से भरा हुआ है। त्यक्त कुओं का यादृच्छिक निरीक्षण भी संबंधित एजेंसी/विभाग के कार्यकारी द्वारा किया जाना है। उपरोक्त ऐसे सभी आंकड़ों की जानकारी, राज्य के जिला कलेक्टर/खंड विकास कार्यालय में संधारित की जानी है।

हमें सूचित किया गया है कि प्रचार–प्रसार से संबंधित 11 फरवरी, 2010 के पूर्व आदेश के अंतिम पैराग्राफ का विधिवत अनुपालन किया गया है।

उपरोक्त के अधीन, रिट याचिका का निपटारा किया जाता है।

.....सीजेआई.

(एस.एच कपाड़िया)

.....जे

(के.एस. राधाकृष्णन)

.....जे

(स्वतंत्र कुमार)

नई दिल्ली,

परिशिष्ट–आठ

उद्योगों द्वारा जल अंकेक्षण (स्रोत – सीआईआई)

जल अंकेक्षण, जल निष्कर्षण या उपचार के स्थल से, वितरण प्रणाली के माध्यम से और उन क्षेत्रों में, जहां इसका उपयोग किया जाता है और अंत में छोड़ा जाता है, जल के प्रवाह को मापकर उद्देश्यपूर्ण रूप से जल संतुलन प्राप्त करने की एक व्यवस्थित प्रक्रिया है। जल अंकेक्षण करने में जल संतुलन, जल उपयोग की गणना करना और जल बचाने के तरीकों की पहचान करना शामिल है।

जल अंकेक्षण में, प्रारंभिक जल सर्वेक्षण और विस्तृत जल अंकेक्षण शामिल है। प्रारंभिक जल सर्वेक्षण, संयंत्र की गतिविधियों, जल की खपत और जल के स्त्राव पैटर्न और जल की बिलिंग, दरों और जल उपकर के संबंध में पृष्ठभूमि जानकारी एकत्र करने के लिए किया जाता है। उद्योग से एकत्र किए गए द्वितीयक डेटा के विश्लेषण के बाद, विस्तृत जल अंकेक्षण किया जाता है, जिसमें निम्नलिखित चरण शामिल होते हैं:

- सुविधा प्रबंधक और कर्मियों के साथ स्थल पर प्रशिक्षण और चर्चा
- जल प्रणाली विश्लेषण
- बेसलाइन जल मानचित्र की मात्रा का निर्धारण
- दबाव और प्रवाह मीटर और विभिन्न अन्य उपकरणों का उपयोग करके निगरानी और माप
- अक्षमताओं और स्त्राव की मात्रा का निर्धारण
- जल गुणवत्ता भार और स्त्राव की मात्रा का निर्धारण
- प्रवाह और गुणवत्ता मापदंडों में परिवर्तनशीलता की मात्रा का निर्धारण
- जल उपचार और पुनःउपयोग या प्रत्यक्ष उपयोग के लिए रणनीतियाँ

अंततः एक विस्तृत जल संतुलन विकसित हो गया है। विभिन्न उपयोगकर्ता क्षेत्रों में जल की गुणवत्ता की आवश्यकता को मैप किया जाता है, जो 'पुनर्चक्रण' और 'पुनःउपयोग' के अवसरों को विकसित करने में मदद करता है।

विस्तृत जल अंकेक्षण रिपोर्ट में निम्नलिखित शामिल हैं:

- जल की खपत और अपशिष्ट जल उत्पादन पद्धति
- विशिष्ट जल उपयोग एवं संरक्षण

- सुविधा का पूर्ण जल संतुलन
- जल बचत के अवसर
- प्रस्तावों को क्रियान्वित करने की विधि
- पूर्ण विवरण और आंकड़े
- अपेक्षित निवेश

उद्योग जल संरक्षण के लिए निम्नलिखित उपाय कर सकते हैं:

- जल बजट के लिए मानदंडों की स्थापना
- जल की खपत कम करने के लिए औद्योगिक प्रक्रिया का आधुनिकीकरण
- री–सर्क्युलेटिंग कूलिंग सिस्टम के साथ जल का पुनर्चक्रण
- ओजोनेशन शीतलन जल दृष्टिकोण, जिसके परिणामस्वरूप पारंपरिक रासायनिक उपचार की तुलना में गिराव में पांच गुना कमी आ सकती है
- कुछ प्लेनम फ्लश को समाप्त करके, निरंतर प्रवाह से आंतरायिक प्रवाह प्रणाली में परिवर्तित करके और उपयोग पर नियंत्रण में सुधार करके गैर–आयनीकृत पानी के पुनःउपयोग में कमी
- बागवानी के लिए अपशिष्ट जल का उपयोग
- निपटान के मानदंडों का पालन करने के लिए अपशिष्टों का उचित प्रसंस्करण।

परिशिष्ट–नौ

जल गहन उद्योगों की सूची

पैकेज्ड पेयजल

मिनरल वाटर प्लांट

चमड़े का कारखाना

आसवनी

शराब की भट्ठी

शीतल पेय

कागज एवं लुगदी

उर्वरक

कपड़ा रंगाई

कपड़ा छपाई

कपड़ा कताई

चीनी

डेयरी उत्पाद

वाटर पार्क एवं मनोरंजन केंद्र

बर्फ निर्माण इकाइयाँ

खोखली ईंटें एवं टाइल्स विनिर्माण

क्रशर इकाइयाँ एवं रेत विनिर्माण

तैयार किया गया कंक्रीट

मिट्टी प्रसंस्करण इकाइयाँ

वाहन सेवा स्टेशन

परिशिष्ट–दस

ट्यूब/बोरवेल के पास साइनबोर्ड के लिए मानक प्रारूप

1) स्वामी का नाम ————————————————————————————

2) संपर्क नंबर ————————————————————————

3) पता – ग्राम ——————————————————————

ब्लॉक————————————————जिला ——————————

4)खसरा नंबर/पटवारी हल्का नंबर ——————————————————————

5) ड्रिलिंग एजेंसी का नाम ————————————————————————

6) संपर्क नंबर ——————————————————————————

7) ड्रिलिंग तिथि ————————————————————————

8) ट्यूब/बोरवेल का विवरण

क) कुल गहराई———————————————————————————

ख) डाय. ——————————————————————————

ग) ट्यूब/बोरवेल की स्थिति – सक्रिय/निष्क्रिय/त्यक्त

परिशिष्ट–ग्यारह

जिला/ब्लॉक/ग्रामवार बोरवेल/ट्यूबवेल की स्थिति के लिए मानक प्रारूप रजिस्टर

स. क.	जिला/ब्लॉक /ग्राम	खोदे गए बोरवेलों/ ट्यूबवेलों की संख्या	उपयोग में आने वाले बोरवेलों /ट्यूबवेलों की संख्या	त्यक्त बोरवेलों /खुले पाए गए ट्यूबवेलों की संख्या	उचित रूप से भरे गए परित्यक्त बोरवेलों/ ट्यूबवेलों की संख्या	जमीनी स्तर तक त्यक्त बोरवेलों/ ट्यूबवेलों की शेष संख्या जिसको जमीनी स्तर तक भरा जायेगा

परिशिष्ट–बारह

ट्यूब/बोरवेल के विवरण की रिपोर्टिंग और अपलोडिंग के लिए मानक प्रारूप

1) स्वामी का नाम ——————————————————

2) संपर्क नंबर ——————————————————

3) पता – गांव ——————————————————

ब्लॉक——————————————जिला ——————————(छ.ग.)

4) खसरा नंबर/पटवारी हल्का नंबर ——————————————

5) ड्रिलिंग एजेंसी का नाम ——————————————

6) संपर्क नंबर ——————————————

7) ड्रिलिंग तिथि ——————————————

8) ट्यूब/बोरवेल का विवरण

क) कुल गहराई——————————————

बी) डाय.——————————————

ग) ट्यूब/बोरवेल की स्थिति – सक्रिय/निष्क्रिय/त्यक्त

स्वामी द्वारा घोषणा

मैं एतद्वारा घोषणा करता हूं कि ऊपर दिए गए विवरण सत्य एवं सही हैं और निर्दिष्ट वेब पोर्टल पर अपलोड किए गए हैं। मैं समझता हूं कि यदि छानबीन और जांच के किसी भी प्रक्रम में या उसके बाद कोई भी, कोई जानकारी और विवरण गलत पाया जाता है, तो मैं जिम्मेदार होउंगा।

तारीख : ——————

स्वामी के हस्ताक्षर एवं नाम

स. क.	प्ररुप	आवेदन के प्रकार/विषय
1	प्ररुप–1 (क)	मौजूदा कुएं के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र (वाणिज्यिक या औद्योगिक या अधोसंरचनात्मक या सामूहिक उपयोगकर्ता)
2	प्ररुप–1 (ख)	कुएं के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र (केन्द्रीय भू–जल प्राधिकरण द्वारा जारी एन.ओ.सी. वाले वाणिज्यिक या औद्योगिक या अवसंरचनात्मक या सामूहिक उपयोगकर्ता)
3	प्ररुप–1 (ग)	मौजूदा कुएं के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र (भू–जल का घरेलू या कृषि उपयोगकर्ता)
4	प्ररुप–1 (घ)	कुएं के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र (घरेलू या कृषि उपयोग के लिए भू–जल के भावी उपयोगकर्ता)
5	प्ररुप–2 (क)	पंजीकृत कुओं में संशोधन या परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र (अधिसूचित क्षेत्र में वाणिज्यिक या औद्योगिक या अधोसंरचनात्मक या सामूहिक उपयोगकर्ता के पंजीकृत कुओं में संशोधन या परिवर्तन)
6	प्ररुप–2 (ख)	पंजीकृत कुओं में संशोधन या परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र (गैर–अधिसूचित क्षेत्र में औद्योगिक/वाणिज्यिक/अधोसंरचनात्मक /सामूहिक उपयोगकर्ता के पंजीकृत कुओं में संशोधन या परिवर्तन)
7	प्ररुप–3 (क)	मौजूदा/नये कुओं के पंजीकरण का प्रमाण पत्र (औद्योगिक/वाणिज्यिक/अधोसंरचनात्मक/सामूहिक उपयोगकर्ता)
8	प्ररुप–3 (ख)	मौजूदा/नये कुओं के पंजीकरण का प्रमाण पत्र (केन्द्रीय भू–जल प्राधिकरण या जल संसाधन विभाग द्वारा जारी एन.ओ.सी. वाले औद्योगिक/वाणिज्यिक/अधोसंरचनात्मक/सामूहिक उपयोगकर्ता)
9	प्ररुप–3 (ग)	मौजूदा/नये कुओं के पंजीकरण का प्रमाण पत्र (घरेलू एवं कृषि उपयोगकर्ता)
10	प्ररुप–4 (क)	कुएं के पंजीकरण हेतु आवेदन की अस्वीकृति–पत्र
11	प्ररुप–4 (ख)	किसी औद्योगिक/वाणिज्यिक/अधोसंरचनात्मक/सामूहिक उपयोगकर्ता द्वारा नये नलकूप के निर्माण हेतु अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र
12	प्ररुप–4 (ग)	अधिसूचित/गैर–अधिसूचित क्षेत्र हेतु किसी औद्योगिक/ वाणिज्यिक / अधोसंरचनात्मक/सामूहिक उपयोगकर्ता द्वारा कुओं के निर्माण के लिए अनुमति के नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र।

13	प्ररुप–4 (घ)	औद्योगिक / वाणिज्यिक / अधोसंरचनात्मक / सामूहिक उपयोगकर्ता को नये कुओं के निर्माण के लिये अनुमति / अनापत्ति प्रमाण पत्र।
14	प्ररुप–4 (ड.)	औद्योगिक / वाणिज्यिक / अधोसंरचनात्मक / सामूहिक उपयोगकर्ता को नये कुओं के निर्माण के लिये अनुमति / अनापत्ति प्रमाण पत्र के नवीनीकरण के लिए आवेदन पत्र
15	प्ररुप–4 (च)	कुएं के निर्माण के लिए अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन की अस्वीकृति पत्र
16	प्ररुप–5 (क)	नई ड्रिलिंग एजेंसियों के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र (नई ड्रिलिंग एजेंसियों का पंजीकरण)
17	प्ररुप–5 (ख)	मौजूदा ड्रिलिंग एजेंसियों के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र (मौजूदा ड्रिलिंग एजेंसियों का पंजीकरण)
18	प्ररुप–6 (क)	नई ड्रिलिंग एजेंसियों का पंजीकरण प्रमाण पत्र
19	प्ररुप–6 (ख)	मौजुदा ड्रिलिंग एजेंसियों का पंजीकरण प्रमाण पत्र
20	प्ररुप–7	ड्रिलिंग एजेंसियों के पंजीकरण हेतु आवेदन का रद्दकरण पत्र

प्ररुप–1 (क)

मौजूदा कुएं के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र

(वाणिज्यिक या औद्योगिक या अधोसंरचनात्मक या सामूहिक उपयोगकर्ता)

(छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियमन अधिनियम, 2022 की धारा 9(1))

श्री /श्रीमति :

बुक सं0–

आवेदन पत्र क्रमांक :–

1. आवेदक का विवरण :

(क) आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में) : (कृपया आईडी प्रूफ संलग्न करें)

(ख) जन्मतिथि :

(ग) पुत्र/पुत्री/पत्नी/पति :

(घ) लिंग (टिक करें) : पुरूष/स्त्री

(ङ) राष्ट्रीयता :

(च) आवेदक का पता :

2. मौजूदा/प्रस्तावित कुओं के स्थान विवरण :

(अ) जिला :

(ब) विकास खण्ड :

(स) प्लॉट नंबर/खसरा नंबर (आधार कार्ड/बिजली बिल/भूमि के स्वामित्व के लिए पते के रूप में कोई अन्य दस्तावेज संलग्न करें) :

(द) नगर पालिका/निगम, वार्ड नं0/होल्डिंग सं0

3. मौजूदा/प्रस्तावित कुओं का विवरण :

(क) कुएं के निर्माण/स्त्रोत आने की तिथि :

(ख) कुएं का प्रकार : डग वेल/ट्यूब वेल/बोरिंग/अन्य (कृपया निर्दिष्ट करें)

(ग) कुएं की लगभग गहराई (मी0) :

(घ) ट्यूब वेल के मामले में :

(एक) आवास पाइप की अनुमानित लंबाई (मी0) और व्यास (मिमी0) (यदि कोई हो):

(दो) छलनी की लंबाई (मीटर) और व्यास (मिमी) :

(तीन) आवास पाइप और खाली पाइप की सामाग्रीः (पीवीसी/आयरन/जस्ती लोहा)

(चार) छलनी की सामग्रीः (पीवीसी/आयरन/जस्ती लोहा)

(ङ) डग वेल के मामले मेंः

(एक) डग वेल का व्यास :

(दो) डग वेल की संरचना का प्रकार (कृपया टिक करें) : कच्चा/पक्का

(च) क्या कुएं की पानी की गुणवत्ता के संबंध में कोई प्रतिकूल रिपोर्ट दी गई है। यदि हाँ हो तो विवरण दें।

हाँ	नहीं

4. मौजूदा/प्रस्तावित पंपिंग डिवाइस के विवरण :

(क) उपयोग किए जाने वाले पंप का प्रकार (कृपया टिक करें) :
(सेंट्रीफ्यूगल/सबमर्सिबल/टर्बाइन/इजेक्ट पंप, आदि)

(ख) कॉलम पाइप की लंबाई (सबमर्सिबल/टर्बाइन पंप के मामले में) :

(ग) पंप की क्षमता ($मी^3$/घंटा) :

(घ) एच0पी0

(ङ) आपरेशनल डिवाइस (कृपया टिक करें) : इलेक्ट्रिक मोटर/डीजल इंजन।

(च) विद्युतीकरण की तिथि (बिजली चलित पंप के मामले में) :

5. कुएं की उपयोगिता के विवरण :

(क) प्रस्तावित कुएं का उद्देश्य :
(औद्योगिक/वाणिज्यिक/अधोसंरचनात्मक/सामूहिक उपयोग/अन्य (कृपया टिक करें)

(ख) वार्षिक चलने का समय :

(ग) दैनिक चलने का समय :

(घ) क्या क्षेत्र को पाइप के माध्यम से पानी की आपूर्ति प्राप्त होती है :
हाँ/नहीं (कृपया टिक करें)

6. कृपया अपशिष्ट जल/अपशिष्ट के उपचार की विधि प्रस्तुत करें (उद्योगों के लिए), यदि,–

(क) लागू होता है, तो उल्लेख करें कि क्या छत्तीसगढ़ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एनओसी प्रदान किया गया है, जो अपशिष्ट या अपशिष्ट जल के निर्वहन के लिए है :

(ख) हाँ/नहीं (कृपया टिक करें)
यदि हाँ, उसकी प्रति संलग्न करें।

टीपः यदि आवेदक ने अपशिष्ट या अपशिष्ट जल के निर्वहन के लिए छत्तीसगढ़ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एनओसी प्राप्त नहीं की है, तो आवेदन, अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी होगा।

7. क्या परिसर के भीतर वर्षा जल संचयन संरचना का निर्माण किया गया है
हाँ/नहीं (कृपया टिक करें)

8. आवेदन शुल्क के भुगतान का विवरण :

(क) आवेदन शुल्क की राशि का भुगतान –

(एक) रूपये :

(दो) वाउचर सं0 :

(तीन) दिनांक :

(ख) ट्रेजरी/उप–ट्रेजरी/पी.एस.यू. बैंक का नाम, जहां आवेदन शुल्क का भुगतान किया गया है –

(ग) बैंक शाखा का नाम (यदि भुगतान बैंक में किया गया है) –

9. कोई अन्य जानकारी जो आवेदक प्रस्तुत करना चाहेगा :

आवेदक द्वारा घोषणा

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता हूं कि ऊपर दिए गए विशेष विवरण सही एवं सत्य हैं। मैं समझता हूं कि यदि जांच और अन्वेषण या उसके बाद किसी सूचना और विवरण के मामले में गलत पाया जाता हूं, तो मेरा आवेदन/पंजीयन खारिज/रद्द किए जाने योग्य है

मैं सहमत हूँ

टीप :

1. प्रत्येक व्यक्ति के पंजीकरण के लिए अलग आवेदन पत्र का उपयोग किया जाना चाहिए।
2. आवेदन पत्र, जमा करने से पहले सभी प्रकार से पूर्ण होना चाहिए। अपूर्ण आवेदन अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी हैं। किसी भी सुधार/परिवर्तन को विधिवत प्रमाणित किया जाएगा।
3. यदि किसी विवरण/सूचना को सत्यापन/जांच के किसी भी स्तर पर गलत पाया जाता है, तो आवेदन अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी है।
4. यदि किसी विवरण/सूचना को पंजीकरण जारी होने के बाद किसी भी स्तर पर गलत पाया जाता है, तो पंजीकरण रद्द करने के लिए उत्तरदायी है।
5. कृपया जो लागू नहीं है उनके लिए 'N.A.' लिखे।
6. कृपया आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करें :–
   (क) भूमि के स्वामित्व का प्रमाण दिखाने वाला दस्तावेज।
   (ख) आधार कार्ड/वोटर आईडी/राशन कार्ड की फोटोकॉपी, पहचान का कोई अन्य प्रमाण।
   (ग) मौजूदा कुएं, कमांड क्षेत्र और मौजूदा कुओं का मानचित्र, जिन्हें मद कमांक 2(अ), (ब) और (स) में संदर्भित किया गया है।
7. संबंधित प्राधिकरण, मामले की योग्यता की जांच के लिए मालिक आवेदक से किसी अन्य दस्तावेज(जों) को मांगने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

मैं सहमत हूँ

प्ररुप–1 (ख)

मौजूदा कुएं के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र

(केन्द्रीय भू–जल प्राधिकरण द्वारा जारी एन.ओ.सी. वाले वाणिज्यिक या औद्योगिक या अधोसंरचनात्मक या सामूहिक उपयोगकर्ता)

(छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियमन अधिनियम, 2022 की धारा 9(1))

श्री /श्रीमति :

बुक सं0–

आवेदन पत्र क्रमांक :–

1. आवेदक का विवरण :

(क) आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में) : (कृपया आईडी प्रूफ संलग्न करें)

(ख) जन्मतिथि :

(ग) पुत्र/पुत्री/पत्नी/पति :

(घ) लिंग (टिक करें) : पुरूष/स्त्री

(ङ) राष्ट्रीयता :

(च) आवेदक का पता :

2. मौजूदा/प्रस्तावित कुओं के स्थान विवरण :

(अ) जिला :

(ब) विकास खण्ड :

(स) प्लॉट नंबर/खसरा नंबर (आधार कार्ड/बिजली बिल/भूमि के स्वामित्व के लिए पते के रूप में कोई अन्य दस्तावेज संलग्न करें) :

(द) नगर पालिका/निगम, वार्ड नं0/होल्डिंग सं0

3. मौजूदा कुओं का विवरण :

(क) कुएं के निर्माण/स्त्रोत आने की तिथि :

(ख) कुएं का प्रकार : डग वेल/ट्यूब वेल/बोरिंग/अन्य (कृपया निर्दिष्ट करें)

(ग) कुएं की लगभग गहराई (मी0) :

(घ) ट्यूब वेल के मामले में :

(एक) आवास पाइप की अनुमानित लंबाई (मी0) और व्यास (मिमी0) (यदि कोई हो):

(दो) छलनी की लंबाई (मीटर) और व्यास (मिमी) :

(तीन) आवास पाइप और खाली पाइप की सामाग्रीः (पीवीसी/आयरन/जस्ती लोहा)

(चार) छलनी की सामाग्रीः (पीवीसी/आयरन/जस्ती लोहा)

(ङ) डग वेल के मामले मेंः

(एक) डग वेल का व्यास :

(दा) डग वेल की संरचना का प्रकार (कृपया टिक करें) : कच्चा/पक्का

(च) क्या कुएं की पानी की गुणवत्ता के संबंध में कोई प्रतिकूल रिपोर्ट दी गई है। यदि हाँ हो तो विवरण दें।

हाँ	नहीं

4. मौजूदा/प्रस्तावित पंपिंग डिवाइस के विवरण :

(क) उपयोग किए जाने वाले पंप का प्रकार (कृपया टिक करें) :
(सेंट्रीफ्यूगल/सबमर्सिबल/टर्बाइन/इजेक्ट पंप, आदि)

(ख) कॉलम पाइप की लंबाई (सबमर्सिबल/टर्बाइन पंप के मामले में) :

(ग) पंप की क्षमता ($मी^3$/घंटा) :

(घ) एच0पी0

(ङ) आपरेशनल डिवाइस (कृपया टिक करें) : इलेक्ट्रिक मोटर/डीजल इंजन।

(च) विद्युतीकरण की तिथि (बिजली चलित पंप के मामले में) :

5. कुएं की उपयोगिता के विवरण :

(क) प्रस्तावित कुएं का उददेश्य :
(औद्योगिक/वाणिज्यिक/अधोसंरचनात्मक/सामूहिक उपयोग/अन्य (कृपया टिक करें)

(ख) वार्षिक चलने का समय :
(ग) दैनिक चलने का समय :
(घ) क्या क्षेत्र को पाइप के माध्यम से पानी की आपूर्ति प्राप्त होती है :
हाँ/नहीं (कृपया टिक करें)

6. कृपया केन्द्रीय भू–जल प्राधिकरण या भू–जल विभाग द्वारा जारी एन.ओ.सी. का विवरण प्रस्तुत करें।
एन.ओ.सी. द्वारा जारी (कृपया टिक करें)
केन्द्रीय भू–जल प्राधिकरण ☐
जल संसाधन विभाग द्वारा ☐

एन0ओ0सी निर्गत करने का दिनांक –
एन0ओ0सी समाप्त होने का दिनांक –

7. क्या परिसर के भीतर वर्षा जल संचयन संरचना का निर्माण किया गया है
हाँ/नहीं (कृपया टिक करें)

8. कृपया अपशिष्ट जल/अपशिष्ट के उपचार की विधि प्रस्तुत करें (उद्योगों के लिए), यदि,–
(क) लागू होता है, तो उल्लेख करें कि क्या छत्तीसगढ़ प्रदूषण बोर्ड से एनओसी प्राप्त किया गया है, जो अपशिष्ट या अपशिष्ट जल के निर्वहन के लिए है :
(ख) हाँ/नहीं (कृपया टिक करें)
यदि हाँ, उसकी प्रति संलग्न करें।
टीपः यदि आवेदक ने अपशिष्ट या अपशिष्ट जल के निर्वहन के लिए छत्तीसगढ़ प्रदूषण बोर्ड से एनओसी प्राप्त नहीं की है, तो आवेदन अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी होगा।

9. आवेदन शुल्क के भुगतान का विवरण :
(क) आवेदन शुल्क की राशि का भुगतान –
(एक) रूपये :
(दो) वाउचर सं0 :
(तीन) दिनांक :
(ख) ट्रेजरी/उप– ट्रेजरी/पी.एस.यू. बैंक का नाम, जहां आवेदन शुल्क का भुगतान किया गया है –
(ग) बैंक शाखा का नाम (यदि भुगतान बैंक में किया गया है) –

10. कोई अन्य जानकारी जो आवेदक प्रस्तुत करना चाहेगा

आवेदक द्वारा घोषणा

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता हूं कि ऊपर दिए गए विशेष विवरण सही एवं सत्य हैं। मैं समझता हूं कि यदि जांच और अन्वेषण या उसके बाद, किसी सूचना और विवरण के मामले में गलत पाया जाता हूं, तो मेरा आवेदन/पंजीयन खारिज/रद्द किए जाने योग्य है

मैं सहमत हूँ ☐

टीप :

1. प्रत्येक कुओं के पंजीकरण के लिए अलग आवेदन पत्र का उपयोग किया जाना चाहिए।
2. आवेदन पत्र, जमा करने से पहले सभी प्रकार से पूर्ण होना चाहिए। अपूर्ण आवेदन अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी हैं। किसी भी सुधार/परिवर्तन को विधिवत प्रमाणित किया जाएगा।
3. यदि किसी विवरण/सूचना को सत्यापन/जांच के किसी भी स्तर पर गलत पाया जाता है, तो आवेदन अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी है।
4. यदि किसी विवरण/सूचना को पंजीकरण जारी होने के बाद किसी भी स्तर पर गलत पाया जाता है, तो पंजीकरण रद्द करने के लिए उत्तरदायी है।
5. कृपया जो लागू नहीं है उनके लिए 'N.A.' लिखे।
6. कृपया आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करें :–
   (क) भूमि के स्वामित्व का प्रमाण दिखाने वाला दस्तावेज।
   (ख) आधार कार्ड/वोटर आईडी/राशन कार्ड की फोटोकॉपी, पहचान का कोई अन्य प्रमाण।
   (ग) मौजूदा कुएं, कमांड क्षेत्र और मौजूदा कुओं का मानचित्र, जिन्हें मद क्रमांक 2(अ), (ब) और (स) में संदर्भित किया गया है।
7. संबंधित प्राधिकरण, मामले की योग्यता की जांच के लिए मालिक आवेदक से किसी अन्य दस्तावेज(जों) को मांगने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

मैं सहमत हूँ ☐

प्ररुप–1 (ग)

मौजूदा कुएं के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र

(भू–जल का घरेलू या कृषि उपयोगकर्ता)

(छत्तीसगढ़ भू–जल प्रबंधन और विनियमन अधिनियम, 2022 की धारा 9(2))

श्री /श्रीमति :

बुक सं0–

आवेदन पत्र कमांक

1. आवेदक का विवरण :

(क) आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में) : (कृपया आईडी प्रूफ संलग्न करें)

(ख) जन्मतिथि :

(ग) पुत्र/पुत्री/पत्नी/पति :

(घ) लिंग (टिक करें) : पुरूष/स्त्री

(ङ) राष्ट्रीयता :

(च) आवेदक का पता :

2. मौजूदा/प्रस्तावित कुओं के स्थान विवरण :

(अ) जिला :

(ब) विकास खण्ड :

(स) प्लॉट नंबर/खसरा नंबर (आधार कार्ड/बिजली बिल/भूमि के स्वामित्व के लिए पते के रूप में कोई अन्य दस्तावेज संलग्न करें) :

(द) नगर पालिका/निगम, वार्ड नं0/होल्डिंग सं0

3. मौजूदा कुओं का विवरण :

(क) कुएं के निर्माण/स्त्रोत आने की तिथि :

(ख) कुएं का प्रकार : डग वेल/ट्यूब वेल/बोरिंग/अन्य (कृपया निर्दिष्ट करें)

(ग) कुएं की लगभग गहराई (मी0) :

(घ) ट्यूब वेल के मामले में :

(एक) आवास पाइप की अनुमानित लंबाई (मी0) और व्यास (मिमी0) (यदि कोई हो) :

(दो) छलनी की लंबाई (मीटर) और व्यास (मिमी) :

(तीन) आवास पाइप और खाली पाइप की सामाग्रीः (पीवीसी/आयरन/जस्ती लोहा)

(चार) छलनी की सामाग्रीः (पीवीसी/आयरन/जस्ती लोहा)

(ङ) डग वेल के मामले मेंः

(एक) डग वेल का व्यास :

(दो) डग वेल की संरचना का प्रकार (कृपया टिक करें) : कच्चा/पक्का

(च) क्या कुएं की पानी की गुणवत्ता के संबंध में कोई प्रतिकूल रिपोर्ट दी गई है। यदि हाँ हो तो विवरण दें।

हाँ	नहीं

4. मौजूदा/प्रस्तावित पंपिंग डिवाइस के विवरण :

(क) उपयोग किए जाने वाले पंप का प्रकार (कृपया टिक करें) :
(सेंट्रीफ्यूगल/सबमर्सिबल/टर्बाइन/इजेक्ट पंप, आदि)

(ख) कॉलम पाइप की लंबाई (सबमर्सिबल/टर्बाइन पंप के मामले में) :

(ग) पंप की क्षमता ($मी^3$/घंटा) :

(घ) एच0पी0

(ङ) आपरेशनल डिवाइस (कृपया टिक करें) : इलेक्ट्रिक मोटर / डीजल इंजन।

(च) विद्युतीकरण की तिथि (बिजली चलित पंप के मामले में) :

5. कुएं की उपयोगिता के विवरण :

(क) प्रस्तावित कुएं का उददेश्य : (सिंचाई/घरेलू/अन्य (कृपया टिक करें)

(ख) पारम्परिक प्रतिभूवी क्षेत्र हे0 में (सिंचाई कुओं के लिये) :

(ग) परम्परागत साझेदार क्षेत्र स्वामी ऊपर प्रदर्शित 5(ख) के अनुसार :

(घ) उपरोक्त 5 (ख) में इंगित क्षेत्र में, विभिन्न फसल मौसमों में कुएं द्वारा सिंचित क्षेत्र
(एक) खरीफ– हे0
(दो) रबी– हे0
(तीन) जायद– हे0

(ङ) कुल वार्षिक चलने का समय (सिंचाई के मामले में) :
(च) घरेलू उपयोग के मामले में दैनिक चलने का समय :

6. क्या आवासीय परिसर का भूखंड का आकार 300 वर्ग मीटर से अधिक है? (केवल घरेलू उपयोगकर्ता के लिए) : हाँ/नहीं (कृपया टिक करें)

7. क्या परिसर के भीतर वर्षा जल संचयन संरचना का निर्माण किया गया है
हाँ/नहीं (कृपया टिक करें)

8. कोई अन्य जानकारी जो आवेदक प्रस्तुत करना चाहेगा।

आवेदक द्वारा घोषणा

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता हूं कि ऊपर दिए गए विशेष विवरण सही एवं सत्य हैं। मैं समझता हूं कि यदि जांच और अन्वेषण या उसके बाद किसी सूचना और विवरण के मामले में गलत पाया जाता हूं, तो मेरा आवेदन/पंजीयन खारिज/रद्द किए जाने योग्य है

मैं सहमत हूँ ☐

टीप :

1. प्रत्येक कुओं के पंजीकरण के लिए अलग आवेदन पत्र का उपयोग किया जाना चाहिए।
2. आवेदन पत्र, जमा करने से पहले सभी प्रकार से पूर्ण होना चाहिए। अपूर्ण आवेदन अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी हैं। किसी भी सुधार/परिवर्तन को विधिवत प्रमाणित किया जाएगा।
3. यदि किसी विवरण/सूचना को सत्यापन/जांच के किसी भी स्तर पर गलत पाया जाता है, तो आवेदन अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी है।
4. यदि किसी विवरण/सूचना को पंजीकरण जारी होने के बाद किसी भी स्तर पर गलत पाया जाता है, तो पंजीकरण रद्द करने के लिए उत्तरदायी है।
5. कृपया जो लागू नहीं है उनके लिए 'N.A.' लिखे।

6. कृपया आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करें :–
   (क) भूमि के स्वामित्व का प्रमाण दर्शाने वाला दस्तावेज।
